राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 90
लखनऊ, रविवार 17 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

भाजपा सरकार में तेजी से हो रहा है प्रदेश का विकास : केशव मौर्य 03

सकारात्मक परिवर्तन में ऑडिट की भूमिका अहम : ओम बिरला 12

एनएचआरसी ने दस नवजातों की मौत पर उप्र सरकार से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश के झांसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 10 नवजात बच्चों की मौत का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

आयोग ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है कि 15 नवंबर को झांसी जिले में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नवजात गहन चिकित्सा कक्ष (एनआईसीयू) में आग लगने से कम से कम 10 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। इन मौतों के अलावा कुल 16 बच्चे घायल हुए जबकि 37 को बचा लिया गया। आयोग ने कहा कि कथित तौर पर पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी और घटना के समय मरने वाले बच्चे इनक्यूबेटर में थे। आयोग ने पाया है कि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री वास्तव में परेशान करने वाली है और लापरवाही का संकेत देती है।

काशी की तर्ज पर प्रयागराज के घाटों को नव्य स्वरूप प्रदान कर रही सरकार

11 करोड़ से अधिक की लागत से शहर के सात घाटों का कायाकल्प और सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा, घाटों पर की गई छतरी प्रकाश, पेयजल व पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज। महाकुम्भ के पूर्व प्रयागराज के घाट अपने भव्य स्वरूप में नजर आएंगे। योगी सरकार बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की तर्ज पर कुम्भ नगरी के घाटों का पुनरोद्धार करा रही है। इसके तहत गंगा और यमुना नदी के सात घाटों को नव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

पुनरोद्धार का कार्य समापन की तरफ है। इन कार्यों से घाटों पर पर्यटकों की सहूलियत व्यवस्था और सौंदर्यीकरण पर फोकस किया गया है ताकि वह यहां पर अपना समय व्यतीत कर सकें।

महाकुम्भ में नए स्वरूप में दिखेंगे गंगा और यमुना के प्राचीन घाट सात घाटों को मिली नई पहचान

महाकुम्भ आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र गंगा और यमुना के घाट होते हैं। इन घाटों पर गंगा और यमुना की पावन धारा में श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं। ऐसे में योगी सरकार इन घाटों का कायाकल्प कर रही है। जल निगम के कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन डिवीजन की तरफ से गंगा और यमुना नदी के इन सात घाटों को नव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित कुमार राणा ने बताया कि 11.01 करोड़ की लागत से घाटों का कायाकल्प किया जा रहा है। प्रोजेक्ट का कार्य समापन पर है।

घाटों पर प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाएं

कुंभ मेला प्रशासन की प्राथमिकता आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को उच्च दर्जे की सुविधा प्रदान करना है। घाटों का आधुनिकीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इन घाटों को सुदंर और स्वच्छ बनाने के लिए हरित पट्टी को भी विकसित किया जा रहा है। इन घाटों पर छतरी, हाईमास्ट, पेयजल आदि की व्यवस्था की जा रही है। स्वच्छ पानी के लिए आरओ को लगाया गया है जबकि सचल टॉयलेट और चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की गयी है। बैठने के लिए बेंच की भी व्यवस्था की जा रही है।

इन घाटों का हुआ कायाकल्प

गंगा और यमुना नदी के जिन 7 घाटों का कायाकल्प किया जा रहा है, उनमें बलुआघाट, कालीघाट, रसूलाबाद घाट, छतनाग घाट झूंसी, नागेश्वर घाट झूंसी, मौज गिरी घाट और पुराना अरैल घाट शामिल हैं। इन घाटों में मौजगिरी घाट का 90 फ़ीसदी, नागेश्वर घाट का 85 फ़ीसदी, छतनाग घाट का 90 फ़ीसदी, रसूलाबाद घाट का 80 फीसदी, बलुआ घाट का 80 फीसदी, पुराना अरैल घाट का 93 फ़ीसदी और कालीघाट का 85 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। 30 नवम्बर के पहले सभी घाटों का सौंदर्यीकरण और सुविधा विस्तार का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए एक अरब पौधे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए देशव्यापी अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत अब तक एक अरब पेड़ लगाए जा चुके हैं। शनिवार को केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने ट्वीट करके कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान एक बड़े पड़ाव पर पहुंच गया है। शनिवार को इस अभियान के तहत 1 अरब पेड़ लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' के नाम अभियान एक बड़े पड़ाव पर पहुंच गया है। भूपेन्द्र यादव ने कहा कि हरित भारत के निर्माण की दिशा में अभियान की आश्चर्यजनक सफलता दर्शाती है कि हम अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी दोनों पर प्रगति के लिए कैसे दृढ़ हैं।

एक बिजली ग्रिड को यूनिफॉर्म प्रोटेक्शन प्रोटोकॉल मंजूर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय विद्युत समिति (एनपीसी) ने बिजली ग्रिड के उपयोग से जुड़े देशभर में लागू किए जाने वाले यूनिफ़ॉर्म प्रोटेक्शन प्रोटोकॉल को तैयार किया है। विद्युत मंत्रालय के अनुसार सीईए के अध्यक्ष घनस्याम प्रसाद की अध्यक्षता में 14 नवंबर को नागपुर, महाराष्ट्र में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय विद्युत समिति की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। यूनिफ़ॉर्म प्रोटेक्शन प्रोटोकॉल का लक्ष्य ग्रिड स्थिरता, विश्वसनीयता, सुरक्षा और 2030 तक राष्ट्रीय ग्रिड में 450 गीगावॉट और 2047 तक 2100 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए भारत सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करना है।

सिद्दीकी केस : पंजाब से बिश्नोई गिरोह का गुर्गा गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने शनिवार को महाराष्ट्र पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में एक आरोपित को पंजाब के फाजिल्का से गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ हैगत माह मुंबई में बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी की पहचान फाजिल्का जिले के पक्का चिश्ती के निवासी आकाश गिल के रूप में हुई है। डीजीपी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करके जानकारी दी।

युवाओं के भविष्य के साथ नहीं होने देंगे खिलवाड़ : मुख्यमंत्री

सपा का एक ही सिद्धांत सबका साथ व सैफई परिवार का विकास

समृद्धि न्यूज

प्रयागराज। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में कसरुआ कलां में विशाल जनसभा को सम्बोधित करने पहुंचे उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा, बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा का एक ही सिद्धांत है, सबका साथ और सैफई परिवार का विकास। साथ ही भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल को विजयी बनाने की अपील की।

सीएम योगी ने कहा कि गुंडे, माफिया सपा के गले का हार हैं। गुंडे, माफियाओं, दंगाइयों पर नियंत्रण से सपा को पीड़ा होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में शुचिता एवं नकल माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सरकार और आयोग प्रतिबद्ध है।

सीएम ने सपा को घेरते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी राम मंदिर, परीक्षाओं में शुचिता, दीपोत्सव, देव दीपावली, विकास और गरीब की कल्याणकारी योजनाओं का विरोध करती है और केवल बांटने की राजनीति करती है। योगी ने कहा कि अयोध्या, काशी, मथुरा में अपमान झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे लेकिन अब हमें बंटना नहीं है। भाजपा की उपलब्धियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। ढाई करोड़ शौचालय, 2 करोड़ गरीबों को उज्जवला योजना का लाभ, 14 लाख किसानों के ट्यूबवेल का बिजली का बिल माफ, प्रदेश में 15 करोड़ व देश में 80 करोड़ गरीबों को राशन, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में हर दिन नया घोटाला होता था। चुनाव भाजपा के लिए एक मिशन है सेवा का, जबकि सपा, बसपा के लिए व्यवसाय, अराजकता का सर्टिफिकेट। सीएम ने मंच पर मौजूद दिवगंत उमेश पाल की पत्नी जया पाल, पूजा पाल और भाजपा विधायक रहे कृष्णानंद राय की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि इनके साथ क्या हुआ था, सब जानते हैं। सपा से जुड़े माफिया व्यापारियों का अपहरण करते थे, धार्मिक स्थलों पर कब्जा करते थे। पर्व-त्योहारों पर व्यवधान डालते थे। लेकिन भाजपा सरकार में न कर्फ्यू, न दंगा उत्तर प्रदेश में सब चंगा।

सीएम ने लाईन पार में रोड शो कर वोटरों को साधा

गाजियाबाद। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गाजियाबाद विधानसभा के लाइनपार क्षेत्र में रोड शो किया। इस दौरान सीएम योगी का जोरदार स्वागत हुआ और योगी-योगी के जमकर नारे लगे। उन्होंने लाइनपार रोड शो के माध्यम से मतदाताओं को साधा। करीब 1200 मीटर लंबे रोड शो में व्यापारियों और संगठन के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलिकाप्टर से पुलिस लाइन में पहुंचे। इसके बाद वह काफिले के साथ शहर से होते हुए रोड शो स्थल विजय नगर पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री रथ अथवा खुले वाहन में सवार हुए। इनके साथ गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, महापौर सुनीता दयाल,राज्यमंत्री बृजेश सिंह, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, प्रत्याशी संजीव शर्मा भी वाहन में मुख्यमंत्री के साथ रहे। वहीं, शाम 4.40 बजे चाणक्य चौक से रोड शो शुरू हुआ, जो होते हुए डीएवी चौक प्रताप विहार पर 6.50 बजे पहुंचा। चुनाव संयोजक के नाते रोड शो के संयोजक पूर्व महापौर आशु वर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री के संबोधन की तैयारी भी की गई थी, लेकिन ऐन वक्त पर कार्यक्रम में बदलाव के चलते मुख्यमंत्री का संबोधन नहीं हुआ।

चारबाग स्टेशन पर पकड़ी गई दो करोड़ 93 लाख की ड्रग्स

लखनऊ । लखनऊ जंक्शन पर 1 करोड़ 93 लाख की ड्रग्स की खेप पकड़ी गई है। अधिकारियों का कहना है कि यह ड्रग्स पार्सल के जरिए बिहार से लाई गई थी। मामले में जीआरपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। ऑपरेशन सतर्क के तहत यह कार्रवाई की गई है। रेलवे पार्सल के माध्यम से तस्करी कर बिहार से यह ड्रग्स 1,93,73,904 कीमत की बरामद हुई है। इस ड्रग का नाम आक्सीटोसिन है, जिसकी बरामदगी की गई है। लखनऊ के चारबाग जंक्शन पर 43 पैकेट ड्रग्स पकड़ी गई है। ट्रेन नंबर 15053 लखनऊ छपरा एक्सप्रेस से लाई जा रही थी। जीआरपी के निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिहार के छपरा से ड्रग्स की बड़ी खेप लखनऊ भेजी गई है, जिसकी पांच पैकेट पार्टी लेकर गई है। इसके बाद सूचना के आधार पर पार्सल आने पर उसकी जांच गुप्त रूप से कराई गई। इसमें एक ऐसा पार्सल मिला जिसका कोई रिसीवर नहीं मिला। जिसके बाद पैकेट के बारे में पता किया गया तो पता चला कि यह पार्सल छपरा से लखनऊ भेजा गया है।

हादसा : ऑटो से भिड़ी कार, दूल्हा-दुल्हन समेत सात लोगों की मौत

समृद्धि न्यूज

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में शुक्रवार देर रात करीब 2.30 बजे एक कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दूल्हा-दुल्हन सहित सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जान गंवाने वाले सभी लोग ऑटो में सवार थे। मुख्यमंत्री ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है और जिला प्रशासन को पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं।

स्थानीय पुलिस के मुताबिक जिले के थाना धामपुर के हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाई-वे पर स्थित फायर स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात करीब 2.30 बजे यह हादसा हुआ। घने कोहरे के कारण कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी। इनमें दूल्हा और दुल्हन भी हैं। जान गंवाने वाले सभी लोग बिजनौर जिले के ग्राम तीबड़ी के रहने वाले थे। हादसे में चार पुरुष, दो महिलाएं और एक लड़की की मौत हुई है। मरने वालों में दूल्हा-दुल्हन के साथ दूल्हे की मौसी, दूल्हे का भाई, ऑटो ड्राइवर समेत सात लोग हैं। हादसे का शिकार हुआ परिवार झारखंड से निकाह करके मुरादाबाद आया था। वहां से घर आने के लिए ऑटो बुक किया था। जैसे ही ऑटो हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाई-वे पर स्थित फायर स्टेशन के पास पहुंचा, क्रेटा कार ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा और एसपी देहात राम अर्ज घटनास्थल पर पहुंचे। ग्राम तीबड़ी निवासी खुर्शीद अंसारी अपने पुत्र विशाल (26) का खुशी (23) के साथ निकाह कर मुरादाबाद पहुंचे और यहां से ऑटो बुक करके घर आ रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। ऑटो टक्कर के बाद सामने के बिजली के पोल से टकरा गया। इसकी वजह से ऑटो में सवार सातों लोगों की मौके पर मौत हो गयी। दुर्घटना में आरोपित कार चालक शेरकोट के कोटरा मोहल्ला निवासी अमन पुत्र इमरान, सुहेल पुत्र हबीब अली घायल हुए हैं। दोनों घायलों का नगर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इनकी हुई मौत

खुर्शीद (67) पुत्र सद्दीक, दूल्हा विशाल (26) पुत्र खुर्शीद, दुल्हन खुशी (23), हल्दौर थाना इलाके के गांव खारी निवासी मुमताज (33), साली रूबी (28) पत्नी मुमताज, बुशरा (12) पुत्री मुमताज, जिला मुरादाबाद के कांठ थाना इलाके के गांव कासमपुर निवासी ऑटो चालक अजब सिंह (45) पुत्र धर्मपाल सिंह शामिल हैं।

चुनाव आयोग ने भाजपा कांग्रेस से एक-दूसरे की शिकायत पर मांगा जवाब

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारकों द्वारा झारखंड तथा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कथित आपत्तिजनक बयानों पर एक-दूसरे की ओर से प्राप्त शिकायतों पर दोनों पार्टियों के अध्यक्षों से जवाब मांगे हैं। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को शनिवार को लिखे अलग-अलग पत्रों में इन शिकायतों पर अपना पक्ष सोमवार अपराह्न 1 तक प्रस्तुत करने को कहा है। आयोग ने दोनों ही दलों के प्रमुखों को चुनाव आचार संहिता के बारे में पहले से जारी परामर्श और निर्दोषों का उल्लेख किया है जिनमें उनके स्टार प्रचारक कौन से प्रचार के दौरान ऐसी कोई टिप्पणी न करने या बयान देने से मना किया गया है जो आदर्श चुनाव संहिता के विरुद्ध ना हों ।

मंत्री नंद गोपाल नंदी के साथ ठगी अकाउंट से निकाले दो करोड़ रुपए

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । साइबर ठगी के मामले काफी ज्यादा बढ़ गये है।उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। उनके अकाउंटेंट रितेश श्रीवास्तव से 2 करोड़ 8 लाख की ठगी हुई है।

मंत्री नंदी के बेटे के नाम से साइबर ठगो ने अकाउंटेंट को फंसा कर ठगी को अंजाम दिया। जैसे ही अकाउंटेंट को पता लगा कि वो ठगी का शिकार हो गए हैं, उन्होंने साइबर पुलिस को इसकी जानकारी दी।अकाउंटेंट रितेश श्रीवास्तव से साइबर ठगो ने मंत्री नंदी का बेटा बनकर ठगी की। साइबर ठगो ने अकाउंटेंट को झांसे में फंसाकर मंत्री का बेटा बनकर कहा, मैं बिजनेस मीटिंग में हूं, पैसों की जरूरत है, जल्दी से पैसे भेजो। अकाउंटेंट

को लगा कि मंत्री के बेटे ही पैसे ट्रांसफर करने के लिए कह रहे हैं और उन्होंने पैसे साइबर ठगो के बताए हुए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए। अकाउंटेंट ने एक नहीं बल्कि तीन अलग-अलग बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए।ठगो को पैसे ट्रांसफर करने के बाद अकाउंटेंट रितेश श्रीवास्तव को जैसे ही इस बात का अंदाजा हुआ कि जिन नंबरों पर उन्होंने पैसे भेजे हैं, वो न ही मंत्री का है और न ही उनके बेटे का है, तो वो घबरा गए और साइबर पुलिस को जानकारी दी। साइबर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

मैतेई समुदाय का उग्र प्रदर्शन, सात जिलों में इंटरनेट बैन, लगा कर्फ्यू

इंफाल। मणिपुर में शुक्रवार को एक महिला और दो बच्चों के शव जिरी नदी में बहते मिले थे। इसके बाद से राज्य के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जो अब हिंसक हो गया है। मैतेई समुदाय के लोगों ने इंफाल में आठ विधायकों के घर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने यहां पथराव और आगजनी की। इंफाल में टायर जलाकर सड़कों को ब्लॉक किया। दरअसल, 11 नवंबर को वर्दी पहने हथियारबंद उग्रवादियों ने बोरोब्रेका थाना परिसर और सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था। इसमें 10 उग्रवादी मारे गए थे। इस दौरान जिरीबाम जिले के बोरोब्रेका थाना परिसर स्थित राहत शिविर से 6 लोगों को अगवा किया गया था। शुक्रवार को मिले तीन शव इन लापता हुए लोगों के बताए जा रहे हैं।

राहुल गांधी ने नहीं पढ़ा संविधान : नड्डा

व्यापारियों-उद्योगपतियों से नड्डा ने की बातचीत

एजेंसी

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को ठाणे जिले में कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है, वे सिर्फ संविधान हाथ में लेकर चिल्लाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी संविधान पढ़े रहते तो उन्हें पता रहता कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने आज ठाणे के गणमान्य व्यक्तियों, व्यापारियों और उद्योगपतियों सहित प्रभावशाली ठाणेकरों के साथ बातचीत की। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए जब कांग्रेस की सरकार थी, तब कितने ओबीसी मंत्री उनके सरकार में थे। साथ ही राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि राजीव गांधी फाउंडेशन में, कांग्रेस कमेटी में कितने ओबीसी हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में पहली बार मुख्यमंत्री ने संविधान के तहत शपथ ली और अब कांग्रेस दोबारा अनुच्छेद 370 लागू करने की बात कर रही है। तृष्टीकरण के तहत कर्नाटक सरकार निविदाओं में 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना चाह रही है। वोट के लिए बांग्लादेशियों को मुंबई में बसाया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि जब मुंबई में 26/11 का आतंकवादी हमला हुआ था, उस समय कांग्रेस की यूपीए सरकार पाकिस्तान में डोजियर लेकर घूम रही थी। उस समय आतंकी कसाब को बिरयानी खिलाई गई, जबकि हमारी सरकार ने आतंकियों के खात्मे के लिए हवाई हमला किया था।

अभेद्य किले में बदली रामनगरी की सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर निगरानी

राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हाई अलर्ट

समृद्धि न्यूज

अयोध्या। खालिस्तान का समर्थन करने वाले गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी। जिसके बाद राम मंदिर के साथ-साथ पूरे अयोध्या की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राम जन्मभूमि परिसर में हाई अलर्ट कर दिया गया है। अयोध्या अभेद्य किले में बदल गई है। चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

रामनगरी के प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा घेरा सख्त कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी खुद जांच पड़ताल कर रहे है।खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कहा था कि 16-17 नवंबर को राम मंदिर में हिंसा होगी। इसके बाद यहां पर पहरा कड़ा कर दिया गया है। रामनगरी के सभी प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। सभी बैरियरों पर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। रामनगरी में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की तलाशी हो रही है। बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड और एटीएस के साथ खुफिया एजेंसी भी अलर्ट पर हैं। बता दें कि खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी किया है।

झांसी हादसा : मृतक परिजनों को पांच-पांच लाख व घायलों को 50-50 हजार की मदद

लखनऊ। मेडिकल कॉलेज हादसे में शिकार नवजातों के परिजनों को शासन द्वारा पांच-पांच लाख रुपयों की सहायता की घोषणा की गई है। घायलों के परिजनों को पचास-पचास हजार की सहायाता मिलेगी। सीएम ने कहा कि यह सहायता राशि जल्द से जल्द मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में हुई दुर्घटना पर गहरा दुःख जताया है। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री ने रातों-रात उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को मौके पर भेजा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना में असमय काल कवलित नवजात बच्चों के माता-पिता को 05-05 लाख रुपये तथा घायलों के परिजनों को 50-50 हजार की सहायता मुख्यमंत्री राहत कोष से उपलब्ध कराई जा रही है।

कार्यक्रम

पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा

देश में दिख रहा परिवर्तन, गरीब-मध्यम वर्ग लेने लगा जोखिम

समृद्धि न्यूज

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ने अच्छी आर्थिक नीतियों एवं सुशासन के बल पर जनता का आत्म विश्वास बढ़ाया है और गरीबों एवं मध्यम वर्ग के बीच जोखिम लेने की संस्कृति को पुनर्जीवित किया है जो भारत में बड़े बदलाव ला रही है।

श्री मोदी ने एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि उनकी सरकार ने निवेश से रोज़गार, विकास से गरिमा का जो मंत्र दिया है, उससे लोगों का जीवन आसान हुआ और उनमें सम्मान एवं स्वाभिमान का भाव पैदा हुआ जिसने

देश एवं समाज के विकास को भी गति दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने लंबे समय तक भारत की राजनीति और नीतियों को देखा है। उन्हें पहले एक जुमला अक्सर सुनाई देता था- अच्छी आर्थिकी इज बुरी राजनीति। विशेषज्ञ कहे जाने वाले लोग इसे खूब बढ़ावा देते थे। लेकिन इससे पहले की सरकारों को हाथ पर हाथ रख कर बैठे रहने का बहाना मिल जाता था। यह एक तरह से कुशासन को, अक्षमता को छिपाने का माध्यम बन गया था। पहले सरकार इसलिए चलाई जाती थी कि बस अगला चुनाव जीत लिया जाए। चुनाव जीतने के लिए एक वोट बैंक बनाया जाता था और फिर उस वोट बैंक को खुश करने के लिए योजनाएं बनती थी। इस प्रकार की राजनीति ने सबसे बड़ा नुकसान यह किया कि देश में असंतुलित असमानता इसका दायरा बहुत बढ़ता गया। कहने को विकास बोर्ड लग जाता था दिखता नहीं था। असंतुलित अवस्था ने, इस मॉडल ने जनता का सरकारों के प्रति विश्वास तोड़ दिया। पुरानी विकसित सभ्यताओं से लेकर आज के विकसित देशों तक एक चीज हमेशा से आम रही है, ये आम चीज है जोखिम उठाने की संस्कृति। एक समय था जब हमारा देश पूरे विश्व के कारोबार और संस्कृति का हॉटस्पॉट था।

हमारा उद्देश्य नया व विकसित भारत बनाने का है

उन्होंने कहा, हम आज इस विश्वास को वापस लाए हैं। हमने सरकार का एक उद्देश्य तय किया है। ये उद्देश्य वोटबैंक वाली जो राजनीति होती है ना उससे हजारों मील दूर है। हमारी सरकार का उद्देश्य एक बड़ा है, विराट है, व्यापक है। हम, जनता का विकास, जनता द्वारा विकास एवं जनता के लिए विकास के मंत्र को लेकर चल रहे हैं। हमारा उद्देश्य नया भारत बनाने का है, भारत को विकसित बनाने का है। और जब हम इस विराट लक्ष्य को लेकर निकल पड़े हैं तो भारत की जनता ने भी हमें अपने विश्वास की पूंजी सौंपी है। आप कल्पना कर सकते हैं सोशल मीडिया के इस जमाने में भ्रामक प्रचार दुष्प्रचार सब कुछ चारों तरफ अपने पैर जमा करके बैठा है। इतने सारे अखबार हैं, इतने सारे चैनल हैं, उस दौर में भारत के नागरिक का विश्वास हम पर है, हमारी सरकार पर है। उन्होंने कहा कि जब जनता का विश्वास बढ़ता है, आत्मविश्वास बढ़ता है तो देश के विकास पर एक अलग ही प्रभाव दिखता है।

सड़क पर धड़ल्ले से गुजर रहे ओवर लोड व ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रक

अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

बलरामपुर ग्रुप की कुम्भी चीनी मिल के नवीन गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ होते ही ओवरलोड व ओवर हाइट गन्ने से भरे ट्रक सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे हैं।

ये ट्रक चीनी मिल के क्रय केंद्रो से गन्ना लोड कर कुम्भी चीनी मिल में आपूर्ति करते हैं।जिससे मार्ग में बड़ी दुर्घटनाओं का भय बना रहता है।जब ये ओवर लोड ट्रक कस्बा अमीरनगर के मुख्य मार्ग से गुजरते हैं तो अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।

विद्यालय जाने-आने बाले छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है।राहगीरों के लिए खतरा बने यह वाहन दिनभर सड़कों पर सरपट दौड़ रहे हैं। मिल प्रबंधन और शासन-प्रशासन इससे अंजान है। राहगीरों का कहना है कि गन्ने से भरे इन ओवरलोड वाहनों से हादसों का अंदेशा हर समय बना रहता है। कुछ दिन पूर्व कुम्भी चीनी मिल गन्ना लेकर जा रहा ओवर लोड ओवर हाइट ट्रक गांव मोहम्मदपुर के निकट मुख्य मार्ग पर विद्युत लाइन का पोल ट्रक में फंसकर जमीन पर गिर गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया और लखीमपुर मोहम्मदी रोड काफी देर बाधित रहा।गनीमत ये रही कि किसी प्रकार का कोई हादसा नही हुआ पास से गुजर रहे राहगीर बाल बाल हादसे की चपेट में आने से बच गए।

कुम्भी चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति करने बाले ओवरलोड एवं ओवर हाइट ट्रक सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। जिससे दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। कस्बा अमीरनगर के मुख्य मार्ग पर अक्सर लम्बा जाम लग जाता है। विद्यालय जाने -आने बाले छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शासन प्रशासन को इन ओवर लोड ट्रकों पर नकेल कसनी चाहिए।

-राजेश कुमार, मोबाइल व्यवसाई

मुख्य मार्ग से होकर जमकर दौड़ रहे ओवर लोड एवं ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रक ।कभी भी किसी भी अप्रिय घटना को दावत दे सकते हैं। इस ओर न तो मिल प्रबंधन का ध्यान जा रहा और न ही शासन प्रशासन का। लगता है जैसे किसी बड़ी दुर्घटना की प्रतीक्षा में आला अफसर हैं। इन पर रोक लगाई जानी चाहिए।

-आत्मानंद शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार अमीरनगर

कुम्भी चीनी मिल के केन यार्ड चौराहा पर मिल प्रशासन की लापरवाही से इतनी बड़ी जाम लगती है कि बच्चे स्कूल के लिए निकल तक नहीं पाते हैं। बिल्कुल रास्ता ही नहीं छोड़ा जा रहा है पूरे रोड पर गन्ना लदे ट्रक और ट्रालियों का कब्जा है ।विद्यालय के प्रबंधक या कोई अध्यापक बच्चों को साथ में जाकर वहां से निकलवाता है। मिल प्रशासन केन यार्ड चौराहे पर जाम की समस्या का कोई समाधान नहीं कर रहा। बच्चों को आने-जाने में बहुत ही दिक्कत हो रही है बच्चे स्कूल जाना छोड़ रहे हैं। **-सज्जन अर्कवंशी, कोषाध्यक्ष आर.एस.वी कुम्भी**

ओवर लोड और ओवर हाइट गन्ना व वैगास भरे ट्रकों के बारे में कई बार क्षेत्रवासियों ने शिकायत की है ।मिल प्रबंधन को चाहिए कि संबंधित ठेकेदारों को छमता के अनुरुप गन्ना लोड करने के लिए निर्देशित करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

- अमन गिरि, गोला विधायक

हाइवे पर खड़ी गन्ना भरी ट्रॉली से बाइक टकराई, बाइक सवार दो लोगों की मौत

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

निघासन इलाके के पढुआ थाना क्षेत्र के दो युवक अपनी मोटर साइकिल से सिंगाही में चल रहे रामलीला मेले को देखकर अपने घर वापस आ रहे थे, तभी कसावल के पास बीच सड़क पर खड़ी गन्ना भरी ट्रॉली में पीछे से दोनों बाइक सवार घुस गए, जिसमें एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, वहीं दूसरे युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, एक साथ दो युवकों की मौत से गांव में मातमी माहौल सा छा गया, वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

बताते चलें कि पढुआ थाना क्षेत्र के परमोधापुर निवासी जवाहर लाल और अरुण तिवारी अपनी बाइक से सिंगाही मेला देख कर सुबह 3 बजे अपने घर परमोधापुर वापस जा रहे थे, तभी रकेहटी के आगे कसावल के पास सड़क पर खड़ी गन्ना भरी ट्राली में पीछे से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर साइकिल के परखच्चे उड़ गए, और बाइक चला रहे जवाहर यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं बाइक पर सवार अरुण तिवारी की हालत गंभीर होने पर निघासन अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने हालत की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान अरुण तिवारी की भी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में एक साथ हुई दो मौतों से मातमी माहौल छा गया। घटना की सूचना मिलते ही दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे पढुआ थाना प्रभारी निराला तिवारी ने घायलों और शव की शिनाख्त कराते हुए परिजनों को घटना की जानकारी देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

खबरें एक नजर में

दो वर्षों से अपनी नौकरी पाने के लिए जिला कमांडेंट होमगार्ड के चक्कर लगा रहा पीड़ित होमगार्ड

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। मंडलीय कमांडेंट होमगार्ड लखनऊ मंडल ने अपने पत्रांक संख्या 999/एक 39 सी खीरी दिनांक 15 अक्टूबर 2024 को एक आदेश जिला कमांडेंट होमगार्ड लखीमपुर खीरी को जारी किया गया जिसमें पीड़ित होमगार्ड सत्रोहन लाल अवस्थी के प्रार्थना पत्र दिनांक 28 सितंबर 24 के संदर्भ में अवगत कराया गया है कि होमगार्ड सत्रोहन लाल अवस्थी द्वारा मंडली कार्यालय कमांडेंट होमगार्ड के समक्ष उपस्थित होकर दिनांक 28.9.2024 को एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें उन्होंने सुनवाई करते हुए बहाली आदेश अपने पत्र संख्या 881 दिनांक 10 सितंबर 24 को प्रेम लाल राना कनिष्क लिपिक होमगार्ड कार्यालय लखीमपुर खीरी को दिया और पीड़ित होमगार्ड सत्रोहन लाल अवस्थी को संगठन में शामिल करने का जिक्र किया लेकिन कनिष्ठ लिपिक द्वारा उनके आदेश पर पीड़ित होमगार्ड को बहाल नहीं किया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने कई बार अर्जी दाखिल की है और संगठन में बहाल करते हुए अपनी ड्यूटी दिलाने की मांग की है मंडलीय कार्यालय होमगार्ड को पीड़ित होमगार्ड ने फोन से भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की जानकारी दी गई है उसके बाद भी पीड़ित होमगार्ड को जिला कमांडेंट होमगार्ड द्वारा बहाल नहीं किया जा रहा है।

जिलाधिकारी से की गोला पुलिस की शिकायत

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। गोला पुलिस ठसक व अभद्रता के कारण लोगों को अंग्रेजी शराब की दुकानों पर जाने से भय लगने लगा है। जिससे अंग्रेजी शराब के दुकानदार बेहद परेशान है। साथ ही सरकार को राजस्व की भी क्षति हो रही है। वहीं मिले कोटे को पूरा करना दुकानदारों के लिए मुसीबत बना है। पुलिस की कार्यप्रणाली से परेशान अंग्रेजी शराब के लाइसेंसधारक दुकानदारों ने अब जिलाधिकारी से शिकायत कर पुलिस की मनमानी पर रोक लगाए जाने की मांग की है। शराब की दुकान के अनुज्ञापी ने पुलिस के रवैये पर अंकुश लगाने की मांग की है। शहर के मुहल्ला कुम्हारन टोला निवासी जितेंद्र गट्टानी ने जिलाधिकारी को दी शिकायत में बताया। कि उनकी एक शराब की दुकान चीनी मिल के पास गन्ना लाइन के करीब है। आरोप है कि दीपावली से पूर्व गोला कोतवाल पुलिसकर्मियों के साथ उसकी दुकान पर पहुंचे और वहां मौजूद ग्राहकों की बाइकों के चालान कर करने लगे। तथा दुकान पर मौजूद सेल्समैन को गाली गलौज कर अपमानित किया। उनका आरोप है कि इसके बाद 15 नवंबर को गोला कोतवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी दोनों अधिकारी अपने अमले के साथ उसकी दुकान पर पहुंचे और सेल्समैन को रोड पर बुलाकर अपमानित करते हुए अपशब्द कहे। तथा दुकान पर मौजूद ग्राहकों से अभद्रता की, जिससे ग्राहक उनकी दुकान पर शराब लेने जाने से भयभीत है।

जीने से गिरकर युवक की मौत

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र खमरिया कस्बे के बाहर सन्तोषी माता मंदिर के पास एक घर में जीने से गिरकर युवक की मौत हो गई। परिजन उसे सीएचसी खमरिया लाये जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया थाना क्षेत्र के तमोलीपुरवा गांव के अर्जुन लाल गांव के बाहर संतोषी माता मंदिर के पास घर बनाकर रहते हैं। बीती रात अर्जुन लाल का बेटा धीरेंद्र उम्र करीब 25 वर्ष किसी वजह से छत पर गया था। जहां धीरेंद्र जीने पर चढ़ते हुए फिसल कर नीचे गिर गया। धीरेंद्र के चीखने की आवाज सुनकर उसकी मां बाहर निकली, बेटे की गम्भीर हालत देख मां ने अन्य परिजनों को जगाया, जिन्होंने धीरेंद्र को खमरिया सीएचसी पहुंचाया। मगर वहां तक पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सीएचसी में डॉक्टरों ने धीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

तुलसी शालिग्राम विवाह पूजन का इस्कॉन में हुआ आयोजन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। कार्तिक मास में होने वाले श्री तुलसी शालिग्राम विवाह पूजन के अवसर पर इस्कॉन मंदिर द्वारा विशेष आयोजन किया गया। बता दें, आज शहर के इस्कॉन मंदिर में तुलसी शालिग्राम विवाह के पावन अवसर पर यज्ञ व विशेष पूजन का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों भक्तों ने यज्ञ कर भक्ति रस आनंद की प्राप्ति की। वहीं जानकारी देते हुए मंदिर के संचालक सुनील मुकुंद प्रभु ने बताया कि इस्कॉन लखीमपुर लगातार सांस्कृतिक और धार्मिक अनुष्ठानों व त्योहारों पर विशेष आयोजन करता रहा है। आज भी आयोजित श्री तुलसी शालिग्राम विवाह के मौके पर यज्ञ के साथ ही भव्य प्रसादम की भक्तों के लिए व्यवस्था की गई। आये हुए सभी भक्तों ने प्रभु का स्मरण कर अपने जीवन को धन्य किया और प्रसादम का आनंद प्राप्त किया।

गन्ना की खरीद में खंभारखेड़ा मिल के यूनिट हेड सहित सात पर रिपोर्ट दर्ज

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

बजाज की खंभारखेड़ा चीनी मिल द्वारा बिना पर्ची के अन्य क्षेत्रों के गन्ना खरीद का मामला सामने आया है। मामला संज्ञान में आते ही जिला गन्ना अधिकारी के निर्देश पर चीनी मिल यूनिट हेड सहित सात के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बड़ी कार्यवाही के बाद गन्ना माफिया में हड़कंप मच गया है।

सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां क्षेत्र में बिना पर्ची गन्ना खरीद करना पाया गया। गोपनीय सूचना पर गन्ना समिति लखीमपुर के सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खंभारखेड़ा ने बृहस्पतिवार को खंभारखेड़ा मिल गेट के सामने टोकन मिलने के स्थान पर बिना टोकन के दो गन्ना भरे ट्रकों को पकड़ लिया। पूछताछ में ट्रक चालक ने बताया ट्रक में जो गन्ना है वह केंद्र नरेंद्रनगरबेली के कांटा लगाकर तौलकर गन्ना खरीदकर लाया गया है, जबकि चालक के पास चीनी मिल खंभारखेड़ा को आवंटित क्रय केंद्र सुजौली पर तैनात तौल लिपिक की ओर से जारी चालान मिला। पूछताछ पर चालक ने बताया कि यह चालान शकील ने दिया है। दूसरे ट्रक में भी क्रय केंद्र नरेंद्र नगर बेली के पास तौल कांटा लगाकर गन्ना खरीद होना पाया, जबकि चालक के पास खंभारखेड़ा को आवंटित क्रय केंद्र गिरजापुर तृतीय/ बरखड़िया का चालान मिला। पूछताछ के दौरान वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इस पर दोनों ट्रक तत्काल पुलिस की अभिरक्षा दे दिया गया। इसके बाद चीनी मिल अध्यासी यूनिट हेड अवधेश कुमार गुप्ता, तौल लिपिक क्रय केंद्र सुजौली विकास सिंह, खंभारखेड़ा चीनी मिल गन्ना प्रबंधक अरुण सिंह, ट्रांसपोर्टर एनुल खान, चालक सोहेल, शकील अहमद, तौल लिपिक क्रय केंद्र गिरजापुर तृतीय/बरखड़िया कुलदीप यादव, वाहन चालक उस्मान के खिलाफ रिपोर्ट कराई गई है।

जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि बाजाज की खंभारखेड़ा चीनी मिल की ओर से बिना गन्ना पर्ची खरीद का मामला पकड़ा गया है। इस पर चीनी मिल के यूनिट हेड सहित सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ ही जनपद में अवैध गन्ना खरीद पर लगाम लगाने के लिए तीन सचल दल गठित किए गए हैं। खंभारखेड़ा चीनी मिल के प्रवक्ता सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि चीनी मिल के अध्यासी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। बृहस्पतिवार को दो ट्रक किसी बाहरी सेंटर से आ गए थे, जिनको गेट के अंदर नहीं लिया गया था। इसकी सूचना तत्काल गन्ना अधिकारियों को भेज दी गई थी। एफआईआर की जानकारी अभी नहीं है।

बारातियों-जनातियों में जमकर हुई मारपीट, मामला पहुंचा थाने

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

इलाके के सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव भैरमपुर में शुक्रवार की रात एक वैवाहिक समारोह में बारातियों और जनातियों कहासुनी में जमकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लात-घूंसे और लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सिंगाही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, और मामले को शांत कराते हुए, सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजकर आगे की कार्यवाही में जुट गए।

सिंगाही थाना क्षेत्र के भैरमपुर निवासी श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी खैरीगढ़ गांव निवासी युवक से तय की थी। जिसकी बारात बड़ी ही धूमधाम से भैरमपुर गांव पहुंची। वैवाहिक समारोह के दौरान किसी बात को लेकर बारातियों और जनातियां के बीच कुछ कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई और लाठी डंडों तक पहुंच गई, और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ बाराती शराब के नशे में धुत थे। शराब के नशे में धुत बारातियों ने जनातियों के साथ कुछ अभद्रता की थी जिसकारण विवाद की स्थिति बन गई, और जमकर मारपीट हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही सिंगाही एसओ अजीत कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए, और मामले को शांत कराते हुए सभी घायलों को 112 एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजवाया, वहीं सिंगाही एसओ अजीत कुमार ने बताया कि शराब के नशे में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी, मामले को शांत कराते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया था। शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना ऊदा देवी की मनाई पुण्यतिथि

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। शहर की भारत भूषण कालोनी स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर शहीद उदा देवी पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि भारत की आजादी में महती भूमिका निभाने वाली शहीद वीरांगना ऊदा देवी का नाम इतिहास के पन्नों में सदैव अमर रहेगा। इस मौके पर जिला महासचिव प्रेम कुमार वर्मा, जिला सचिव राकेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष अजीत जैन, ब्लॉक का अध्यक्ष मतीन शाह, प्रदीप सिंह अर्कवंशी, आरिफ अली, अनिल राजपासी, नन्हेंलाल पासी, पंकज पटेल, शेर सिंह पटेल, प्रदीप वर्मा, वोनिश पटेल, सत्य प्रकाश पटेल, फकीर मोहम्मद सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समस्याओं को लेकर प्रतिनिधि मंडल डीएम-एसपी से करेगा मुलाकात

- युवा व्यापार मंडल के निकेत अध्यक्ष, सन्नी बने महामंत्री

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

नगर उद्योग व्यापार मंडल (मिश्र गुट) कोर कमेटी की बैठक का आयोजन नगर महामंत्री मुनेन्द्रपाल सिंह के प्रतिष्ठान पर किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी रहे। जबकि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने की। बैठक में बजाज चीनी मिल के पेराई सत्र शुरु होते ही शहर में यातायात जाम, वायु एवं ध्वनि प्रदूषण व जाम के हालात बन गए है। चीनी मिल प्रबंधन की मनमानी के चलते किसानों का पिछले वर्ष का भुगतान नहीं मिल सका है। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलालों के इशारे पर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। जिसके विरुद्ध अब व्यापारी आर पार की लडाई की रणनीति बना रहे है। इसी कडी में व्यापारियों ने पुलिस गस्त बढ़ाए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इन सब समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जाएगा। संगठन में युवा व्यापारियों को जोड़ने के लिए नगर युवा व्यापार मंडल का गठन किया गया है। जिसमें निकेत राठी को नगरअध्यक्ष, सन्नी गुप्ता को नगर महामंत्री, वैभव शुक्ला को नगर कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही प्रतिमाह संगठन की बैठक की जाएगी। बैठक में विनोद मिश्रा, श्याम राजपूत, रमेश, राकेश, सिराज, विनोद, सुभाष सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

क़स्बे के राजा प्रताप विक्रम शाह इण्टर कालेज के स्टेडियम में रविवार को महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हो रहा है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। दशहरा मेले के साथ होने वाले महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट 17 नवम्बर से शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता में लगभग 22 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के बेहतर संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।जानकारी देते हुए टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने बताया रविवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी टीमें पहुंच गई हैं। खिलाड़ियों के ठहरने के लिए आवास और आयोजन स्थल पर सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक प्रबंधों को अंतिम रूप दे दिया है।

बांकेगंज में बुजुर्ग को दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना मैलानी क्षेत्र में खेत में काम कर रहे बुजुर्ग को दबंगों ने पीट-पीट के गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस द्वारा बांकेगंज सीएचसी पर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। बता दे थाना मैलानी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी बांकेगंज क्षेत्र के गांव गंगापुर में खेत पर कर काम कर रहे एक बुजुर्ग को दबंगों ने लाठी डंडों से पीठ पीठ कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

आनन फानन में घायल बुजुर्ग को बांकेगंज सीएचसी पर लाया गया जहां पर डॉक्टर ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया घायल बुजुर्ग तेजा सिंह के पुत्र मदन सिंह निवासी गंगापुर ने तहरीर में बताया कि

शनिवार सुबह लगभग 11:00 पीड़ित के पिता जोखेपुर गांव के निकट अपने खेत में काम कर रहे थे तभी विपक्षी तथा विपक्षी की पत्नी खेत पर जा करके पीड़ित के पिता को लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा और पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तभी पीड़ित के खेत के आसपास कम कर रहे लोगों ने देखा तो पीड़ित को जानकारी दी। तब पीड़ित अपने परिवार के साथ खेत पर पहुंचा तो देखा उसके पिता घायल अवस्था में खेत में पड़े हुए थे। तब पीड़ित ने तुरंत एंबुलेंस द्वारा अपने पिता को बांकेगंज सीएचसी पर भिजवाया। जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने पीड़ित के पिता को जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया।

> इस संबंध में बांकेगंज पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है विपक्षी के प्रति मुकदमा पंजीकृत किया गया है और कार्रवाई की जाएगी।

वही पीड़ित ने यह भी बताया कि विपक्षी अवैध कच्ची शराब का कारोबार भी करता है। फिलहाल पीड़ित मदन सिंह ने बांकेगंज पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने गन्ना वाहनों पर लगवाए रेडियम रिफलेक्टर, खूब हुई प्रशंसा

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

हैदराबाद पुलिस ने गुडमॉर्निंग आभियान के तहत गांव गांव जाकर गन्ना ढोने वाले ट्रालियों सहित अन्य वाहनों पर भी रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए हैं। साथ ही यातयात के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुड मॉर्निंग अभियान के तहत हैदराबाद थाने के प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने सराहनीय कार्य किया। बढ़ते घने कोहरे को देखते हुए आम जनमानस की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीम के साथ गांव गांव जाकर ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाए।

तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में मेधावी सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सुखबीर सिंह, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा, संस्थापक अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन नाथ पुरवार, प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया मौजूद रहे। आरंभ में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पथ संचलन (मार्च पास्ट) प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने अतिथियों को शाल ओ?कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया। संचालन आचार्य चन्द्रेश अग्निहोत्री ने किया। विद्यालय के शारीरिक आचार्य प्रमोद यादव ने त्रिदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता की

- खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने जमकर बहाया पसीना

आख्या प्रस्तुत की। इसी कडी में रिले रेस (जूनियर वर्ग), रिले रेस (सीनियर वर्ग), रेस, 100मीटर रेस (जूनियर वर्ग), 100मीटर रेस (सीनियर वर्ग), 200मीटर रेस (जूनियर वर्ग), 200मीटर रेस (सीनियर वर्ग), रस्सी कूद (जूनियर वर्ग), रस्सी कूद (सीनियर वर्ग), स्मरण शक्ति व 400मीटर रेस (जूनियर वर्ग), 400मीटर रेस (सीनियर वर्ग) में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। विद्यालय की मेधावी छात्रा तेजस्वी नारायण शर्मा, पुरातन छात्र अंशुल शर्मा को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने समापन की घोषणा की। विद्यालय प्रबंध समिति कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने छात्र छात्राओं को आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्तम परीक्षाफल के लिए अथक परिश्रम का आग्रह किया।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार दो लोगों की मौत

- जिंदबाबा बाग तथा परसिया गवा के बाहर हुआ हादसा

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

खमरिया थाना क्षेत्र के लखपेड़ा गांव से मिल जा रहे जा रहे लखपेड़ा निवासी हरिकृष्ण पुत्र भोला उम्र 45 वर्ष तथा गाड़ी चला रहे उनके रिश्तेदार संदीप पुत्र अज्ञात निवासी गैसपुर की बाईक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों युवकों को गंभीर चोटे आई, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी खमरिया भिजवाया गया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया द्य सीएचसी

खमरिया में उपस्थित थाना खमरिया पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पी एम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार

ग्राम पंचायत लखपेड़ा निवासी लगभग 45 वर्षीय हरिकृष्ण पुत्र पुत्र भोला तथा उनके रिश्तेदार गैसापुर निवाशी संदीप पुत्र अज्ञात 28 वर्ष लगभग रात 7: 30 पर शुक्रवार को मोटरसाइकिल से खमरिया मिल जा रहे थे। खमरिया परसिया रोड पर अज्ञात वाहन से भीषण एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने एंबुलेंस से हरिकेश तथा संदीप को सीएचसी खमरिया भेजा दिया गया। जहां जांचोपरात गंभीर रूप से घायल हरिकृष्ण व संदीप को मृत घोषित कर दिया गया।

> थाना प्रभारी खमरिया विवेक उपाध्याय ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजे गए हैं, इस संबंध में होगी विशेष जांच, दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध होगी कार्यवाही।

खमरिया थाना प्रभारी द्वारा शवो का पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार सहित ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई, मृतक की पत्नी सहित परिवारजनो का रो - रो कर बुरा हाल है।

वॉइस ऑफ प्रज्ञा : प्रेरणादायक गीत गाने राम वाटिका पहुंचे युवा

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के प्रेरणादायक प्रज्ञा गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता वॉइस ऑफ प्रज्ञा का फाइनल नगर के गोला रोड स्थित राम वाटिका में संपन्न हुआ। संगीत से संस्कार की थीम पर आयोजित इस गायन प्रतियोगिता में लखीमपुर के पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड की 8वीं की छात्रा वैष्णवी ने प्रथम, भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज की काव्या बाजपेई ने दूसरा, भातखंडे संगीत संस्कृत विश्वविद्यालय की वेदिका सिंह ने तीसरा और गुरु द्रोणाचार्य महाविद्यालय के पवन कुमार ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

- गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ की गायन प्रतियोगिता में युवाओं ने जीते पुरस्कार
- संगीत से संस्कार और स्वर से सृजन के लिए प्रेरित कर रही प्रतियोगिता

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 डी एन मालपानी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि जयप्रकाश वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को अपनी गायन प्रतिभा को प्रज्ञा अर्थात सद्बुद्धि से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता प्रभारी निखिल भल्ला ने बताया फाइनल राउंड में पहुंचे

सभी प्रतिभागियों को गायत्री परिवार की ओर से प्रतिभागिता प्रशस्ति पत्र और वॉइस ऑफ प्रज्ञा का मेडल भी प्रदान किया गया। पुरस्कार राशि प्रतिभागियों के विद्यालय में जाकर उपलब्ध कराई जाएगी। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि डॉ0 डी एन मालपानी, विशिष्ट अतिथि संस्कृत विद्वान डॉ0 ओंकार नाथ दुबे के साथ युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। आयोजन में संगीत और निर्णायक (जूरी) का दायित्व लखनऊ की संगीत एकेडमी मंत्र म्यूजिक द्वारा निभाया गया। आयोजन मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों और अतिथियों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया प्रतियोगिता के विजेताओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के विद्यालयों में जाकर भी युवा प्रकोष्ठ द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में शैलेश बरनवाल, रचना अग्रवाल, विजय श्रीवास्तव, यज्ञदेव वर्मा, अजय वर्मा, दीपा वर्मा, उदय सिंह, सुगंधा शुक्ला, दिग्विजय सिंह, शुभम गुप्ता, पंकज माहेश्वरी, आस्तिक पट

कोहरे ने थामी फ्लाइट्स की रफ्तार कई उड़ानें तीन घंटे से ज्यादा लेट

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । कोहरे का असर फ्लाइट पर दिखने लगा है। शनिवार को भी लखनऊ से आने और जाने वाली कई फ्लाइट 30 मिनट से लेकर 3 घंटे से ज्यादा समय तक लेट रही। कोहरे से कोई परेशानी नहीं आएगी, यह दावा फिलहाल अभी काम करता नहीं दिख रहा है।

स्थिति यह है, कि मुंबई से आने वाली फ्लाइट को रात 1.10 पर लखनऊ आना था। लेकिन यह फ्लाइट 1 बजकर 48 मिनट पर पहुंची। ऐसे ही दमन एयरलाइंस की फ्लाइट सुबह 6.25 मिनट की जगह पर 9.32 बजे लखनऊ पहुंची। हैदराबाद से आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को सुबह 8.10 मिनट पर लखनऊ आना था, लेकिन यह फ्लाइट लखनऊ में करीब 9.54 बजे पहुंची। आकाशा एयरलाइन की फ्लाइट को सुबह 10 बजे बेंगलुरु जाना था, लेकिन यह फ्लाइट दोपहर 1 बजे लखनऊ से रवाना हुई। इस दौरान यात्रियों को एयरपोर्ट पर करीब 3 घंटे तक का इंतजार करना पड़ा। लखनऊ से मुंबई के उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट सुबह करीब 30 मिनट लेट रही। फ्लाइट संख्या 6ई-2238 सुबह 8 बजे की जगह 8.35 पर रवाना हुई।

विकसित भारत का लक्ष्य 2047 तक होगा पूरा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/फिरोजाबाद। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आयोजित स्मरणोत्सव का शनिवार को शुभारम्भ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में देश के आर्य गुरुकुलों से बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं आए हैं साथ ही साथ देश के विभिन्न भागों के प्रबुद्धजन इस विराट महासम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं।

कार्यक्रम की शुभारंभ बालिकाओं की वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुआ। इस मौके पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जब हिंदुस्तान में लोग अज्ञानता के कारण गहरी निद्रा में सोए

हुए थे उस समय महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने ज्ञान के प्रकाश से लोगों को जाग्रत किया। नारियों के सशक्तिकरण का सर्वप्रथम कार्य किसी ने किया तो वह स्वामी दयानंद सरस्वती ने किया, उनकी प्रेरणा से ही जगह-जगह आर्य गुरुकुल विद्यालयों की स्थापना की गई। जहां पर छात्र एवं छात्राएं अपनी संस्कृत का गहनता से अध्ययन कर रहे हैं, हमारे लिए यह अत्यंत ही गर्व का विषय है कि इस विराट आर्य धर्म सभा का आयोजन सिरसागंज की पावन भूमि पर किया जा रहा है। यह वही भूमि है जहां के गुरुकुल में अनेक विशिष्ट जनों ने शिक्षा पाई है हाल ही में इसी गुरुकुल में पढ़े हुए छात्र-छात्राओं ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पाकर हम सभी का सम्मान बढ़ाया है।

उन्होंने बताया कि सिरसागंज में आर्य संस्कृति संकुल नामक बड़े ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा है, हमारा लक्ष्य है कि यह ऑडिटोरियम अगले वर्ष तक अवश्य पूर्ण हो जाएगा, साथ ही साथ यहां पर एक छात्रावास निर्माणअधीन है, जो आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए हितकारी साबित होगा। आने वाले समय में यह स्थान पूरे देश में प्रकाशकुंज बनकर उभरेगा। ऐसी मेरी उम्मीद है कि इस प्रकाश कुंज से बड़े-बड़े विद्वान निकलकर देश का नाम रोशन करेंगे, हम सब ऐसी उम्मीद करते हैं कि हमारी कामना है कि 2047 तक हम विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा कर सकें। साथ ही भारत को विश्व गुरु का सपना साकार कर सके यही हमारी कामना है। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती के विचार आज भी नई पीढ़ी के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य कर रहे हैं, ऐसे महापुरुष सदैव अपने ज्ञान से प्रेरित और उत्साहित करते रहेंगे।

एलडीए ने चलाया अभियान, तीन अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । अवैध निर्माण के खिलाफ एलडीए ने शनिवार को अभियान चलाया। इस दौरान जानकीपुरम क्षेत्र में 3 अवैध व्यवसायिक निर्माण कराया जा रहा था।

प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि संदीप कुमार व अन्य द्वारा जानकीपुरम में मिर्जापुर पुलिया से आगे ब्रदर्स स्टेशनरी के बगल अवैध निर्माण कराया गया था। यहां 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर लोअर ग्राउंड एवं अपर ग्रांउड फ्लोर पर दुकानों व प्रथम तल पर हॉल का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी तरह नरेन्द्र कुमार पाठक व अन्य द्वारा जानकीपुरम के मड़ियांव गांव स्थित सीता विहार कालोनी में लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दो मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा विजय कनौजिया व अन्य द्वारा जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर-04 में भूखण्ड संख्या-7/374 पर 2152 वर्ग फिट क्षेत्रफल में बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल तक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से किए जा रहे इन निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किए गए थे।

खबरें एक नजर में

मजदूर की मौत पर हंगामा, तहसील के बाहर शव रखकर प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। एक बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवारों को रौंद दिया। निगोहा के मंगटइया मोड़ पर भीषण सड़क हादसे में 35 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे में उनकी दो बेटियां और बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार की है। परिजनों ने शनिवार को मोहनलालगंज तहसील के गेट पर शव रखकर जमकर हंगामा किया और मुआवजे की मांग की। मृतक के परिजनों ने शव को मोहनलालगंज तहसील के सामने रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिवार को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने और आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफस ख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि निगोहा पुलिस इस मामले में लापरवाही बरत रही है। मौके पर पहुंची पुलिस और एसीपी ने धरने को समाप्त कराने के लिए परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसीपी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश जारी है।

43वीं जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का चयन ट्रायल आज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। खो-खो फेडरेशन आफइण्डिया के संरक्षण में 43 वीं जूनियर नेशनल खो-खो बालक-बालिका चैंपियनशिल का आयोजन महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम, अलीगढ, उ0प्र0 में किया जा रहा है। दिनांक 25 नवम्बर 2024 से 29 नवम्बर तक आयोजित होने वाली खो-खो चैंपियनशिप हेतु चयन ट्रायल महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम अलीगढ़ में दिनांक 17 नवम्बर 2025 को प्रातः 8.00 बजे से होगा। जिसमें केवल उ0प्र0 के पात्र खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 29 नवम्बर तक इसी स्टेडियम में होगा। राष्ट्रीय जूनियर खो-खो चैंपियरशिप चयन ट्रायल के मुख्य को-आईनेटर डा0 राकेश कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ तथा को-आर्डिनेटर रविकांत किश्रा है। साथ ही चयन प्रक्रिया के पेनल में एनआइएस खो-खो कोच के साथ खो-खो फेडरेशन आफइण्डिया के प्रतिनिधि भी शामिल है। चयन संबधी अधिक जानकारी हेतु मुख्य समन्वयक बीएसए अलीगढ़ मोबाइल 9519377509 तथा समन्वयक रविकांत मिश्रा मोबाइल 9335424899 पर संपर्क किया जा सकता है।

मंत्री चिराग पासवान का कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शनिवार को लखनऊ पहुंचे। चिराग मलिहाबाद के तहसील प्रांगण में वीरांगना ऊदादेवी पासी के बलिदान दिवस के अवसर पर जनसभा को संबोधित करेंगे।जनसभा में चिराग पासवान वीरांगना ऊदादेवी पासी के बलिदान को याद करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर चिराग पासवान का माला पहनाकर स्वागत किया। चिराग पासवान हजरतगंज स्थित वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंचे चुके हैं। यहां से वे कुछ देर में मलिहाबाद जाएंगे। वे वीरांगना अवंतीबाई प्रतिमा चौराहा, सिकंदराबाग पर माल्यार्पण करेंगे। फिर मलिहाबाद में मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

धुंध से नहीं दिखा रिवर फ्रंट-1090 चौराहा, गलन बढ़ी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी में शनिवार सुबह कोहरा छाया रहा। धुंध इतनी रही कि गोमती रिवर फ्रंट और 1090 चौराहा भी नहीं दिखाई दिया। शहर के ज्यादातर इलाकों में विजिबिलिटी करीब 50 मीटर तक रही, जबकि फ्लाइट टेक ऑफके लिए सामान्य तौर पर विजिबिलिटी 125 मीटर होनी चाहिए। इसके साथ ही वायु प्रदूषण भी खराब श्रेणी में पहुंच गया है। औसत एक्यूआई 266 के साथ में सुबह के समय खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। लालबाग में एक्यूआई 351, अलीगंज में एक्यूआई 335 और तालकटोरा में एक्यूआई 314 रही। यह एरिया रेड जोन में है। गोमती नगर और एक्यूआई 209 और अंबेडकर यूनिवर्सिटी क्षेत्र में एक्यूआई 203 के साथ खराब श्रेणी में रहा। इस दौरान कुकरैल में एक्यूआई का स्तर 183 रहा, जिसे मॉडरेट कहा जा सकता है। वहीं, शुक्रवार को लखनऊ में इस सीजन में सबसे खराब प्रदूषण की स्थिति रही। एक्यूआई का औसत 269 दर्ज किया गया।

12 फीट लंबा अगजर टीम ने पकड़कर विभाग को सौंपा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 फीट लंबा अजगर मिलने पर हड़कंप मच गया। शुक्रवार रात में मिली जानकारी पर मौके पर पहुंचे बीकेटी थाना के सेकेंड इंस्पेक्टर व रात्रि अधिकारी ने अजगर को बड़ी मशक्कत से पकड़कर बोरे में बंद किया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं, ग्रामीणों की मदद से अजगर को क्षेत्रीय वन अधिकारी को सुपुर्द किया गया। जानकारी के मुताबिक, बीकेटी थाना क्षेत्र के अस्ती मार्ग पर स्थित विजयपुर के पास लगभग 12 फुट लंबा अजगर ग्रामीणों ने देखा। इतना लंबा अजगर देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार रात लगभग 10 बजे के करीब ग्रामीणों ने इसकी सूचना बीकेटी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर अतिरिक्त निरीक्षक बीकेटी व रात्रि अधिकारी कैलाश दूबे मय फोर्स गांव पहुंचे। जहां अजगर को पकड़ने की किसी के हिम्मत नहीं हुई। पुलिसकर्मी और ग्रामीण मूक दर्शक ही बने रहे। वहीं, अतिरिक्त निरीक्षक ने घंटे तक मशक्कत कर अजगर को पकड़कर बोरे में बंद कर ग्रामीणों की मदद से बीकेटी क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय में सुपुर्द किया। ग्रामीणों ने इंस्पेक्टर की हिम्मत की तारीफकी।

बिरसा मुंडा जन्म जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। शनिवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में जनजाति गौरव दिवस बिरसा मुंडा जन्म जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया इसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर नीतू सिंह-मानव विज्ञान विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज, लखनऊ एवं विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर सुषमा त्रिवेदी- इतिहास विभाग नवयुग कन्या महाविद्यालय एवं प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय को स्मृति चिन्ह, पुष्प तथा पौध द्वारा सम्मानित करने के साथ किया गया, कार्यक्रम की विशिष्ट वक्ता इतिहास विभाग की प्रोफेसर सुषमा त्रिवेदी ने जनजातीय नेता भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उन्होंने जन संरचना परिवर्तन में बहुत बड़ा योगदान दिया था, इन्होंने 15 वर्ष की लघु उम्र से ही अंग्रेजी शासन के खिलाफलड़ाई शुरू की और मात्र 25 वर्ष में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए शहीद हुए द्य

मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक श्यामदेव राय चौधरी की कुशलक्षेम जाना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने जनपद वाराणसी के

ओरियाना अस्पताल पहुंचकर पूर्व विधायक श्यामदेव राय चौधरी की कुशलक्षेम पूछी तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने चिकित्सकों से श्यामदेव राय चौधरी के स्वास्थ्य एवं चल रहे उपचार की जानकारी प्राप्त की तथा उच्च स्तरीय चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर एवं श्री काल भैरव मन्दिर में दर्शन पूजन किया। उन्होंने सतुआ बाबा आश्रम पहुंचकर सतुआ बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

परिधान विषय पर विशेष व्याख्यान, 53 छात्राओं ने लिया भाग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के सिंगार नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा योजना के द्वारा परिधान विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एआईसीईसीटी संस्था द्वारा कक्षा-9 की 53 छात्राओं के लिए आयोजित किया गया, जिसमें परिधान मेड-अप्स और होम फर्निशिंग ट्रेड पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ सोनी शर्मा ने छात्राओं को वस्त्रों की आधुनिक तकनीकों और उससे जुड़े करियर के नए अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वस्त्र उद्योग में तकनीकी ज्ञान कितना महत्वपूर्ण है।

आमजन को शीतलहर से बचाने में जुटी सरकार, जिलों को 20 करोड़ आवंटित

सीएम योगी के निर्देश पर कंबल व अलाव के लिए सभी जिलों को आवंटित की गई धनराशि

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। योगी सरकार ने ठंड को देखते हुए प्रदेशवासियों को शीतलहर से बचाने के लिए कम्बल और अलाव के लिए विभिन्न जिलों को पहली किस्त जारी कर दी है। योगी सरकार ने करीब 20 करोड़ आवंटित करते हुए निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को राहत देने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को वितरित किये जाने वाले कम्बलों की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी की होनी चाहिए। साथ ही सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को निराश्रित व्यक्तियों, शरणार्थियों और प्रभावितों के अस्थायी आवास, भोजन, वस्त्र एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

राहत विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को धनराशि आवंटित कर दी है। जिलाधिकारियों द्वारा कम्बल और अलाव के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। गाजीपुर, बुलंदशहर, गोरखपुर के लिए सबसे ज्यादा धनराशि आवंटित राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर कमजोर वर्ग के साथ हमेशा खड़े रहते हैं। योगी सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलायी जा रही हैं। सरकार कमजोर, असहाय वर्ग के लोगों को आपदा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ठंड की शुरुआत के साथ ही मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर शीतलहरी से निपटने के लिए 351 तहसील को कंबल के लिए पहली किस्त के रूप में 17.55 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

वहीं अलाव के लिए एक करोड़ 75 लाख 50 हजार रुपये आवंटित किए गए। विभाग ने पहली किस्त के रूप में कुल उन्नीस करोड़ तीस लाख पचास हजार रुपये आवंटित किये हैं। इसमें 38 लाख 50 हजार रुपये की सर्वाधिक धनराशि गाजीपुर, बुलंदशहर, गोरखपुर, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के लिए आवंटित की गई है। सभी मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को ठंड से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

शेल्टर होम पर व्यवस्थापक का नाम और मोबाइल नंबर दर्शाएं

मुख्यमंत्री योगी ने शीतलहरी से निपटने के लिए जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों, अपर जिलाधिकारियों, उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के लोगों को चिह्नित करने के निर्देश दिये हैं। शीतलहरी से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम एवं ग्रामीण इलाकों के सार्वजनिक स्थलों पर आवश्यकतानुसार अलाव जलाने को कहा गया है। इसके अलावा हर शहर की सीमा के तहत मुख्य मार्गों एवं विशेषकर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में सफेद थर्मोप्लास्टिक पेंट द्वारा पट्टियों को दर्शाने, रिफलेक्टर, सोलरकैट साईन एवं डेलिवेटर लगाने का काम समय से पूरा करने को कहा गया है, जिससे कोहरे के कारण दुर्घटना न हो। इसके अलावा अभियान चलाकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कृषि कार्यों में उपयोग में आने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेडियम की पीली पट्टी लगवाने को कहा गया है, जिससे कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर नियत्रंण किया जा सके। शासन ने निर्देश दिया है कि सभी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में समय रहते रैन बसेरे एवं शेल्टर होम आदि की स्थापना कर ली जाए। रैन बसेरों-शेल्टर होम पर व्यवस्थापक का नाम और मोबाइल नंबर अवश्य दर्शाया जाए। जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रात में औचक निरीक्षण भी किया जाए।

भाजपा सरकार में तेजी से हो रहा है प्रदेश का विकास : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/प्रयागराज । फूलपुर भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में त्रिवेणी संगम झूंसी में आयोजित सामाजिक सम्पर्क एवं संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 व 2017 के पूर्व वाली सरकार से वर्तमान सरकार की तुलना में अधिक विकास दिख रहा है। इसलिए जनता नहीं चाहती कि सपा का गुण्डाराज पुनः कायम हो।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज प्रदेश की जनता नहीं चाहती है कि फिर से सपा के गुंडाराज का शासन हो। सपा के शासन में गुण्डा, माफिया, दंगाइयों का ही बोल बाला था, जिससे लोग परेशान थे। आज सभी दंगाई, माफिया, गुण्डा या तो सुधर गये या जेल में हैं और इन गुण्डों के आका जेल में या परमात्मा के पास चले गये। यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। यह चुनाव 2027 का सेमीफाइनल चुनाव है। लोकसभा चुनाव में दुष्प्रचार से लोगों को अपने माया जाल झूठ के पुलिंदे से तैयार स्लोगन संविधान खतरे में है, हर महिलाओं को महीने में एक हजार खटाखट फटाफट खाते में भेजने के आश्वासन से कुछ सीटें मिलीं तो गुब्बारे की तरह फूल गये। अब गुब्बारे फूटने वाले हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनाव में फूलपुर विधानसभा की सबसे बड़ी और शानदार जीत होगी और सपा की नींद उड़ जाएगी। डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि तीन करोड़ लोगों को पीएम आवास अब तक मिल चुका है। पीएम मोदी का फैसला है कि अब कोई भी व्यक्ति बिना घर के नहीं रहेगा। घर के साथ आयुष्मान भारत कार्ड पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की भी सुविधा के साथ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत मुफ्त राशन भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से हर घर हर परिवार को सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिल रहा है। अब डबल इंजन की सरकार की हर घर नल से जल पहुंचाने का तेजी से काम हो रहा है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि 17 नवम्बर को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12:30 बजे ढोकरी फूलपुर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

अभियान थमा, 50 हजार से ज्यादा के बकाएदार के यहां नहीं पहुंची टीम

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । लखनऊ नगर निगम 50 हजार या उससे ज्यादा के हाउस टैक्स बकाएदारों के यहां शनिवार को टीम नहीं पहुंची। बताया जा रहा है कि मेयर और बाकी आला अधिकारियों ने कुछ दिनों के लिए अभियान चलाने से मना कर दिया है। अभी जोन के स्तर पर कैंप लगाकर वसूली की जाएगी। हालांकि इससे तय लक्ष्य को पाना मुश्किल होगा। मुख्य अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि इसको लेकर सभी जोनल अधिकारियों को नोटिस भेज दिया गया है। उनको निर्देश दे दिया गया है, कि बड़े बकाएदारों के यहां अभियान चलाया जाए। लेकिन अभी यह अभियान कुछ दिन के लिए रोका गया है। अगले आदेश से अभियान चलेगा।

फिलहाल सभी जोन में वसूली कैंप लगाया गया था। यहां तक की शुक्रवार को छुट्टी के दिन भी कैंप लगाया गया था। जोन 4 में 7 लाख रुपए की वसूली भी हुई थी। पूरे शहर में 50 हजार रुपए से ज्यादा के करीब 26 हजार बकाएदार हैं। उन पर करीब 550 करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है। नगर निगम ने इस बार 1000 करोड़ रुपए के वसूली का लक्ष्य रखा है। ऐसे में अगर इन बड़े बकाएदारों के यहां से वसूली हो जाती है तो लक्ष्य तो पहुंचना आसान होगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो अगले 4 महीने तक 1000 करोड़ रुपए का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा, क्योंकि अभी नगर निगम अपने लक्ष्य से करीब 600 करोड़ रुपए से भी ज्यादा पीछे है। बड़े बकाएदारों के खिलाफ पहले मुनादी, उसके बाद सीलिंग और जरूरत पड़ने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

सबसे बड़े बकाएदार एमसी सक्सेना कॉलेज 4 करोड़ 50 लाख से ज्यादा का बकाया

गैर सरकारी बकाएदारों में सबसे बड़े बकाएदार एमसी सक्सेना कॉलेज है। इनके यहां मौजूदा समय करीब 4 करोड़ 50 लाख रुपए से ज्यादा का बकाया हो गया है। कुर्की नहीं भी होती है तो नगर निगम बकाए की राशि के बराबर घर का सामान भी उठा सकता है। नगर निगम संविधान में यह अधिकार प्राप्त है। उदाहरण के लिए अगर किसी के यहां एक लाख का बकाया है। उसके यहां एक लाख की कीमत की कोई बाइक पड़ी है, या फिर पुरानी कार खड़ी है, जिसकी कीमत एक लाख के करीब है तो नगर निगम उसको उठा सकता है।

महिलाओं की डबल डेकर बस में पुरुषों की सैर, पहले दिन ढूंढने पर भी नहीं मिलीं महिलाएं

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में डबल डेकर बस से महिलाओं को फ्री हेरिटेज सैर कराने की स्कीम में पहले दिन महिला यात्रियों की संख्या काफी कम रही। मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब शनिवार को बस को हरी झंडी दिखाने पहुंची, लेकिन 65 सीटर बस में सिर्फ13 महिलाएं मौजूद रहीं। सवारी पूरी करने के लिए परिवहन निगम, प्रशासन और सुरक्षाकर्मी ही बस में सवार हो गए। बस ने निर्धारित रूट भी फॉलो नहीं किया। राज्य सरकार ने लखनऊ में डबल डेकर बस से हर शनिवार को महिलाओं को फ्री हेरिटेज सैर कराने का निर्णय लिया है। मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब सहित अन्य अधिकारियों ने बस से एक ट्रिप की जगह दो ट्रिप लगाई हैं। पहले बस 1090 चौराहे से समता मूलक चौराहे होते हुए वापस यूपी दर्शन पार्क से 1090 चौराहे पहुंची। इसके बाद बस वापस 1090 चौराहे से निर्धारित बस स्टाप पहुंची। डबल डेकर बस का संचालन 1090 चौराहा से समता मूलक, ताज होटल, यूपी दर्शन पार्क, अम्बेडकर पार्क, फन मॉल, विश्वास खंड, गोमतीनगर, लोहिया अस्पताल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान होते हुए अवध बस स्टेशन कमता तक अप और डाउन ट्रिप के लिए तय किया गया था, लेकिन बस का संचालन निर्धारित रूट पर नहीं किया गया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल राजभवन में रेडक्रॉस सोसायटी का उत्कृष्ट सेवा सम्मान-2023 से दो आईएएस अधिकारियों को किया सम्मानित।

संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम सदर और मंडलायुक्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज । राजधानी लखनऊ में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार और मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने तहसीलों का दौरा करके जनसुनवाई की। डीएम सूर्य पाल गंगवार ने तहसील सदर पहुंचकर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले समाधान दिवस में आए मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ताओं को कॉल कर उनका फीडबैक लिया जाए। डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान दिवस पर आने वाले प्रकरणों का तत्काल और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने तहसील मोहनलालगंज में जनसुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण त्वरित और प्रभावी तरीके से किया जाए। साथ ही, शिकायतकर्ताओं से कॉल कर निस्तारण का सत्यापन भी कराया जाए। जनसुनवाई के दौरान डीएम और मंडलायुक्त ने मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण किया। लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है।

संगोष्ठी | **एलयू में 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन**

सुशासन की स्थापना, गुड गवर्नेंस के लिए होगा महत्वपूर्ण कदम

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । देश को समृद्धि और सुशासन की ओर ले जाने के लिए 'वन नेशन वन इलेक्शन' बहुत आवश्यक है। केंद्र, राज्यों व स्थानीय निकायों में अलग-अलग एवं बार-बार होने वाले चुनावों से देश को आर्थिक नुकसान हो रहा और देश पूरी तरह से खोखला होता जा रहा है।

देश में वन नेशन वन इलेक्शन की संवैधानिक व्यवस्था लागू होने से देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। देश की प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी व विकास कार्यों को गति मिलेगी और पूरे देश में सुशासन एवं गुड गवर्नेंस की स्थापना होगी। जनकल्याणकारी व आर्थिक नीतियों को लागू करने में बार

बार रुकावटें नहीं आयेंगी। अलग-अलग होने वाले चुनावों से विकास कार्यों व गरीबों तक पहुंचने वाली जरूरी मदद में रुकावट आती है। चुनावों के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा समाज में व्याप्त भाईचारे को भी तोड़ने की कोशिश की जाती है। इसमें भी कमी आएगी। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के अटल सुशासन पीठ में पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के अंतर्गत विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर अपने विचार व्यक्त किया और अपने प्रेरणादाई संबोधन से उपस्थित गणमान्य जनों को प्रेरित भी किया। उन्होंने इस विषय पर उपस्थित जनों से चर्चा भी की। उन्होंने उपस्थित सभी विद्वतजनों व नवयुवकों का आह्वान किया कि इस व्यवस्था के पक्ष में जनजागृति लाएं, सभी इसके पक्ष में अपनी एक राय भी बनाएं। ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री व उनकी टीम तथा देश के विद्वतजन मिलकर इस दिशा में देश को आगे ले जाएंगे। विपक्षी चाहे जितना भी इसका विरोध करें, वह तो देश को गर्त में ही ले जाना चाहते हैं।

बार-बार चुनाव से मुक्ति मिलने पर ही देश होगा विकसित : शर्मा

उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव और अल्पकालिक सरकारों के कारण लोगों को बहुत ही अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस दौरान विकास की कोई बात नहीं होती, सिर्फ चुनाव की चर्चा होती है। मोदी चाहे मुख्यमंत्री रहे हो या अभी प्रधानमंत्री स्थाई सरकार ही चलाई है। इससे अस्थाई सरकारों व बार-बार के चुनावो से देश को कुछ तो मुक्ति मिली है। देश को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए जरूरी है कि बार-बार के चुनाव से मुक्ति मिले, जिससे नौजवानों के रोजगार के लिए, नई योजनाओं व नीतियों को बनाने के लिए भी समय मिल सके। उन्होंने कहा कि 1952 से लेकर 1967 तक पूरे देश में एक चुनाव की व्यवस्था लागू थी। फिर से इस व्यवस्था के लागू होने से देश के विकास के रफ्तार को गति मिलेगी। आर्थिक रूप से देश समृद्ध बनेगा। पब्लिक भी चुनाव का बेसब्री से इंतजार करेगी, चुनाव को लेकर उनकी उदासी खत्म होगी। चुनाव में वोटर की भागीदारी बढ़ेगी। क्षेत्रीय पार्टियों को भी फायदा होगा।

महिला से चेन लूटने वाले दो लोग गिरफ्तार

लखनऊ । बच्चे को स्कूल से लाते समय महिला से चेन लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार। आरोपी इलाके में घूमकर रेकी करते। महिला व वृद्ध को टारगेट करके लूट लेते। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद दोनों को गिरफ्तार किया। विनामराखण्ड गोमती नगर के रहने वाले जितेन्द्र प्रसाद चौधरी पुत्र श्रीराम चौधरी की पत्नी सरिता चौधरी 9 अक्टूबर को अपने बच्चे को लेने स

शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण समय से करें निस्तारण अधिकारी : डीएम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में डीएम ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 60 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, अपर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज विनय कुमार सिंह, तहसीलदार रंजन कुमार, तहसीलदार न्यायिक राम प्रताप पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, एक्सईएएन ग्रामीण अभियंता विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण, विद्युत विभाग, डीसी उद्योग बाबूराम, बीडीओ वजीरगंज तथा तरबगंज, एसएचओ तरबगंज, नवाबगंज, उमरीबेगमगंज, वजीरगंज सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, एक घायल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगो की मौत हो गई। एक 5 वर्षिय बालक घायल हो गया। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मजरा अंगद पुरवा दुल्ला पुर तरहर निवासी शनिवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हो रहे बाबा कुट्टी के मेला को देख कर पप्पू ओझा पुत्र हरि राम ओझा अपने 5 वर्षीय पुत्र गुल्लुर को साइकिल पर बैठा कर घर आ रहा था। गोण्डा डेहरास मार्ग पर सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। जिस से दोनो वही सड़क पर गिर गये। घायल अवस्था मे गोडरी गांव के निवासी सौरभ कुमार जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। तब तक दोनो की पहचान नही हो सकी थी। बाद में मृतक पप्पू ओझा के बहनोई अखिलेश दुबे ने पहचान किया। पप्पू ओझा और उस के पुत्र की हालत गम्भीर होने के वजह से चिकित्सक ने रेफर कर दिया था। परिजन लखनऊ न ले जाकर उस की इलाज एक नर्सिंग होम में करा रहे थे। इलाज के दौरान पप्पू ओझा की मौत हो गई। मृतक पप्पू ओझा के प्रिंस 10 गुल्लुर 5 और एक पुत्री गुड्डी 7 वर्ष की है। दूसरी घटना मनका पुर कोतवाली क्षेत्र के इटरौर गांव के निवासी 50 वर्षिय विनोद कुमार पुत्र सावल प्रसाद घर का सामान खरीदने साइकिल से झिलाही बाजार आया था। सामान खरीद कर घर जा रहा था। सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिस से उस की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के चार पुत्री और एक पुत्र है। तीसरी घटना इटिया थोक थाना क्षेत्र के जग राज पुर निवासी 28 वर्षीय ललित कुमार मिश्रा पुत्र यज्ञ नारायण मिश्रा की बीते 28 सितम्बर को देवतहा मोड़ के पास एक बाइक की टक्कर से घायल हो गया था। बलराम में ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात्रि में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवो को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

क्या परिवहन विभाग में तबादला नीति अलग है और शासन की तबादला नीति अलग?

- न चौकीदार न चपरासी आखिर किसके सहारे टैक्स का रुपया विभाग में रखकर छोड़ा जा रहा है क्या राम भरोसे है यह विभाग

नरेंद्र लाल गुप्ता

गोंडा, समृद्धि न्यूज। जिले में संभागीय परिवहन विभाग शासन की तबादला नीति को नहीं मानता क्योंकि अगर शासन की तबादला नीति को मानता तो जिन बाबुओं का यहां से ट्रांसफर हो गया है उन्हीं को पुनः जिले में कैसे बरकरार रखता यह बात है मनोज कुमार मिश्रा जिनका तबादला जून 2024 में ही बहराइच हो चुका है किंतु उन्हें खाऊ - कमाऊ तबादला नीति के अनुसार गोंडा में ही रखा गया है इसी प्रकार सभाजीत त्रिपाठी इनका भी तबादला जून 2024 में बलरामपुर में हो चुका है किंतु परिवहन विभाग के कद्दावर बाबू में इनका शुमार होने के कारण आज भी इन्हीं का वर्चस्व पूरे संभागीय परिवहन विभाग में बना हुआ है हम बात करते हैं जिले के ऐसे संभागीय परिवहन विभाग की जहां प्रतिदिन टैक्स का कम से कम 2 से 3 लाख रुपया जमा होता है और विभाग में ही रखा रहता है जबकि यहां के चौकीदार और चपरासी को सेवानिवृत हुए कई महीने हो चुके हैं फिर भी यह रुपया अगर रखा जाता है तो किसकी सुपरूदगी में और कैसे यदि कोई घटना घट जाए तो इसकी जवाब देही किसके पास होगी?

दीपोत्सव कार्यक्रम में बच्चों व उनकी माताओं ने किया प्रतिभाग

गोंडा, समृद्धि न्यूज। सुवंश मिलेनियम पब्लिक स्कूल, गोण्डा द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ दिवाली के इस पर्व को मनाया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और यह साबित किया कि उनकी क्षमताओं की कोई सीमा नहीं होती। इस आयोजन में छात्रों की माताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष रूप से कुकिंग, क्राफ्टिंग, और थाली सजावट जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में (प्ले ग्रुप से आरव मिश्रा, पुत्री पूजा मिश्रा वैदिका जायसवाल, पुत्री मोहिनी जायसवाल; काशवी सिंह, पुत्री वंदना सिंह, तथा एल0के0जी0 से अद्विता सिंह, पुत्री चेतना सिंह,अर्नव मिश्रा, पुत्र लवली मिश्रा, स्वेताम्बरा, पुत्री अवंतिका सिंह) ने भाग लिया, जिससे सभी के दिलों में दिवाली की भावना भर गई और सभी ने पूरे मन से इस उत्सव का आनंद लिया। इसके पश्चात् सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य और गीत प्रस्तुत कर त्योहार का संदेश साझा किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या श्रीमती रीना तिवारी ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए आतिशबाजी न करने की अपील की और संपूर्ण भारतवर्ष की समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक श्री सूरज सिंह और प्रधानाचार्या श्रीमती रीना तिवारी ने सभी छात्रों को दिवाली की शुभकामनाएँ दीं।

चार माह से लापता बेटे की खोज में भटक रही मां

- पीड़ित महिला एसपी की ड्योढ़ी पर भी लगा चुकी है गुहार, नहीं मिला लापता पुत्र

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

बीते चार महीने से लापता बेटे का फोटो लेकर उसकी तलाश में बेवा बूढ़ी मां इधर उधर भटक रही है। अपने बेटे को तलाश रही बेवा बूढ़ी मां की आंखों से आंसू बरसते रहते हैं। वह एकटक अपनी आंखों से अपने खोए बेटे के मिलने के इंतजार के जद्दोजहद से जूझ रही है। कई सालों पहले उसके पति के परलोक सिधारने के बाद बची खुशी बूढ़ी जिंदगी का सहारा छिनने के बाद वह बेबस व असहाय नजर आ रही है।लापता बेटे को मिलने वाली एक हजार रुपए पेंशन से खुशहाली से चलने वाली उसके जिंदगी की गाड़ी अब तो पटरी से उतर सी गई लगती है। मिली जानकारी के मुताबिक मामला थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव माधवपुर चकत्ता का है। यहां की निवासिनी बूढ़ी बेवा गीता पत्नी रक्षाराम का इकलौता बेटा 19 वर्षीय निरहू उर्फ मोहन करीब चार महीने से गायब है। युवक के पिता रक्षाराम की मौत करीब 18 वर्ष पहले हो चुकी है।पति की मौत के बाद यह 60 वर्षीय वृद्ध महिला गीता असहाय हो गई। उसने एफआईआर दर्ज कराने के लिए नगर कोतवाली की पुलिस को तहरीर दिया। उसकी तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला पुलिस अधीक्षक की ड्योढ़ी पर भी गुहार लगा चुकी है। इतनी कोशिशों के बावजूद उसका खोया बेटा नहीं मिला। वह बेटे का फोटो लेकर उसकी तलाश में इधर उधर भटक रही है। बताया जाता है कि उसका लापता बेटा मोटे दिमाग का था। उसे एक हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन सरकारी खजाने से मिलती रही और उसी से परिवार का जीविकोपार्जन होता रहा। अचानक उसके बेटे के गायब हो जाने से पेंशन मिलनी भी बन्द हो गई। अब तो उसकी जिन्दगी जीने के भी लाले पड़ गए हैं और वह बेहद मुफलिसी में जिन्दगी गुजर बसर करने को मजबूर है। उसके आंखों से गिरती आंसुओं की धार किसी का दिल पिघला सकती है। इस तरह से उसके बुढ़ापे की लाठी का सहारा छिन गया है।

खबरें एक नजर में

बार एसोसिएशन महसी के पदाधिकारियों ने डीएम से की भेंट

बहराइच, समृद्धि न्यूज। समाधान दिवस के पश्चात तहसील बार एसोसिएशन महसी के अध्यक्ष एवं महामन्त्री के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंट कर तहसील महसी के राजस्व ग्राम सिसई हैदर, गजपतिपुर, टेण्डवा बसन्तुपर, हेमरिया, भोगाजोत व तमाचपुर की भूमि के सम्बन्ध में परिसीमा निर्धारितकरते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से सुदूर स्थित आराजी के विक्रय पत्रों का प्रतिबन्ध समाप्त कराये जाने, तहसील महसी में तहसीलदार की नियुक्ति, तहसील महसी के न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों की अमल दरामद की व्यवस्था नियमित कराये जाने, राजस्व ग्रामों के जंक गाटों को अवमुक्त करने समयबद्ध व्यवस्था के साथ-साथ तहसील मुख्यालय के सामने वाहनों के गति अवरोधक हेतु स्पीड ब्रेकर (रम्बल स्ट्रिप्स) बनवाये जाने सम्बन्धित मांग पत्र प्रस्तुत किया।डीएम ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज़ मागों का समाधान कराया जायेगा। तहसील मुख्यालय के सम्मुख स्पीड ब्रेकर (रम्बल स्ट्रीप) निर्माण की मांग के सम्बन्ध में डीएम ने अधि.अभि. लो.नि.वि. को निर्देश दिया कि तत्काल कार्य प्रारम्भ कर दिया। डीएम ने एसडीएम महसी को निर्देश दिया कि बार द्वारा प्रस्तुत किये गये मांग-पत्र पर समयबद्ध कार्यवाही करते हुए विशेषकर अमलदरामद की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाय।

चीनी मिल नानपारा के पेराई सत्र का शुभारम्भ 17 नवम्बर को

बहराइच, समृद्धि न्यूज। सचिव/प्रधान प्रबन्धक यमुनाधर चौहान ने बताया कि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, बलहा की श्रीमती सराज सोनकर एवं महसी के सुरेश्वर सिंह तथा सभापति/जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 17 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के 41वें गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ होगा।

नकली तिल का तेल बेचने की शिकायत खाद्य सुरक्षा आयुक्त से

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। एक कम्पनी के निदेशक संजय सपरा ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त लखनऊ से शिकायत किया है कि उस की कम्पनी का तिल का तेल तिलजम नाम से आ रहा है। देवी पाटन मंडल के गोण्डा, बहराइच बलराम पुर जिलों में उस की सप्लाई कम्पनी पिछले छह वर्षो से कर रही है। उसी के कम्पनी के नाम का इस्तेमाल करते हुए कुछ लोगो नकली तिल का तिलजम तेल व सोयाबीन का तेल बेच रहे है। कम्पनी के निदेशक ने शिकायत में कहा है कि उस ने कानपुर में नकली तिल का तेल बेचने वालों के खिलाफ में धोखाधड़ी का मुकदमा भी दर्ज कराया था। एक कम्पनी के मालिक ने अपने यहाँ काम करने वाले एक कर्मचारी के नाम का प्रयोग करते हुए तिल और सोयाबीन का नकली तेल बेच रहे है। नकली तेल बेचने वालों के खिलाफ में शिकायत कर के कार्यवाही करने की मांग किया है।

आला अधिकारियों का फरमान बेअसर आज तक नहीं हुआ सीमांकन

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नगर पालिका कर्नलगंज क्षेत्र के सीमा विस्तार में नियमों को दरकिनार कर बरती गई गंभीर अनियमितता की शिकायत पर डीएम के निर्देश पर एसडीएम द्वारा जांच के लिए सात सदस्यों की टीम गठित कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगें जाने के पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी आज तक आज तक सीमांकन नहीं कराया गया है और जांच रिपोर्ट नहीं भेजी गई है। इससे सीमा विस्तार में जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर धांधली व लापरवाही उजागर हो रही है। प्रकरण तहसील व विकास खंड कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत कादीपुर से जुड़ा है।

पूर्व एसडीओ टेलीफोन का निधन, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने दी श्रद्धांजलि

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। विकास क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम शेखापुर निवासी पूर्व एसडीओ टेलीफोंस मैन बहादुर सिंह का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया।ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पांडेय शोकाकुल परिवार के बीच पहुंच कर सांत्वना दिया। सामाजिक व्यक्ति के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रमुख प्रतिनिधि के साथ काजू पांडेय,पुत्ती बाबा,मोहित तिवारी,पंकज तिवारी,भाजपा नेता पी डी सिंह,राम सूरत सिंह ,शिवम तिवारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

महसी में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- डीएम ने अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के दिए निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

गर्भवती महिलाओं की डीएम व एसपी ने की गोदभराई, बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न

समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला ने आईसीडीएस के स्टाल पर 05 गर्भवती महिलाओं रामदेवी, सरिता, जलवर्षा, नाज़मा व उर्मिला की गोद भराई की तथा दो बच्चों अभिवांश व रूपाली को अन्नप्रासन्न कराया।

तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी रवि खोखर व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवसों में एक ही प्रकरण के सम्बन्ध में बार-बार प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराएं। डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ करें। निस्तारण में अनावश्यक हीला-हवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा।

ग्राम मुंसियारी, पचदेवरी, तेजवापुर, कपूरपुर, मकरंदपुर, औराही इत्यादि ग्रामों से प्राप्त होने भूमि से सम्बन्धित शिकातयों की सुनवाई के दौरान निर्देश दिया कि बैनामें के सापेक्ष ही भूमि का अमलदरामद कराया जाय नये शासनादेशों के अनुसार तहसीलदार स्तर से त्रुटि को दुरूस्त कराया जाय। वृद्धावस्था पेंशन में केवाईसी से सम्बन्धित प्रकरणों की सुनवाई के दौरान डीएम मोनिका रानी ने प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि ईकेवाईसी के प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित करें। ईकेवाईसी हेतु लाभार्थी को अनावश्यक दौड़ाया न जाय तथा ईकेवाईसी की कार्यवाही पूर्ण करने बाद सम्बन्धित लाभार्थी को इसकी सूचना उसके व्हाट्सअप पर दे दी जाय। डीएम ने राजस्व, पुलिस एवं ग्राम्य विकास विभाग को निर्देश दिया कि अभियान संचालित कर चकमार्गों को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए दोबारा अतिक्रमण होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय। डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि शीत ऋतु से पूर्व ही कंबल वितरण हेतु निर्धन एवं असहायत पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार कर ली जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 14 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 02, नानपारा में प्राप्त 58 के सापेक्ष 07, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 15 के सापेक्ष 02, पयागपुर में प्राप्त 69 के सापेक्ष 06, कैसरगंज में प्राप्त 92 के सापेक्ष 12 व महसी में प्राप्त 58 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 07 का मौके पर निस्तारण किया गया।

राष्ट्रधारक दल ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

- मंदिरों का आर्थिक शोषण बंद करे सरकार, सनातन बोर्ड की करे स्थापना

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रधारक दल के सदस्यों ने जिलाध्यक्ष की अगुवाई में शनिवार को मांगों को लेकर धरना दिया। सभी ने देश के मंदिरों का शोषण बंद करने और सनातन बोर्ड की स्थापना समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया।राष्ट्र धारक दल के जिलाध्यक्ष करण सिंह की अगुवाई में शनिवार को सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने धरना प्रदर्शन किया। सभी ने सनातनी मठ मंदिरों की देखरेख व समुचित प्रबंध तथा वित्तीय नियंत्रण के लिए सनातन बोर्ड की स्थापना करने, सभी मंदिर को सनातन बोर्ड के अधीन करने, सनातन बोर्ड के पदाधिकारियों का निर्वाचन लोकतांत्रिक करवाने के अलावा अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सभी ने प्रदर्शन के बाद नौ सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को दिया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

चार सीड्स व्यवसाईयों को नोटिस, 56 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा

- जिले में संचालित बीज की दुकानों की कृषि विभाग की टीम ने की जांच

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में संचालित सीड्स के दुकानों की कृषि विभाग की टीम ने जांच की। अनियमितता मिलने पर चार दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जबकि 56 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।सरकार एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिले में संचालित खाद की दुकानों पर कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी की। डीएम ने जनपद में 4 टीम गठित कर बीज विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी की गई। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने नानपारा, जिला कृषि अधिकारी डॉ सुबेदार यादव द्वारा मिहीपुरवा तहसील, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने कैसरगंज एवं अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा पयागपुर तहसील में छापेमारी अभियान चलाया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी टीमों द्वारा कुल 68 दुकानों पर छापेमारी की गई। संदिग्धता प्रतीत होने पर 56 नमूने ग्रहण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान दुकान बंद करके भाग जाने के कारण मेसर्स मद्धेशिया खाद एवं बीज भंडार नैनिहा चौराहा ,जनता कृषि केंद्र नैनिहा चौराहा, चौधरी खाद एवं बीज भंडार पटेसिया चौराहा को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। उन्होंने सभी सीड्स विक्रेताओं को निर्देशित किया कि सभी किसानों को सही मूल्य पर प्रमाणिक बीज ही बेचे। कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बीज बिक्री की शिकायत मिली तो केस दर्ज करने के साथ लाइसेंस निलंबित किया जाएगा।

घर में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

- एक दिन पूर्व मिलने आए थे बहन और बहनोई, पति पंजाब में करता है काम

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के ग्राम खाले बोटनिहा निवासी एक महिला का घर में फंदे से शव लटकता मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम खाले बोटनिहा निवासी जमुना देवी (25) पत्नी राजू अपनी एक साल की बेटी लक्ष्मी के साथ रहती थी। शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर महिला की बहन और बहनोई भी घर गए। सभी ने मेला देखा। इसके बाद 10 बजे सभी वापस चले गए।वहीं शनिवार सुबह गांव के लोगों ने महिला के बाहर न निकलने पर आस पड़ोस के लोगों को सूचना दी। जिस पर गांव के लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। महिला का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे। शव को फंदे से नीचे उतरवाया गया। जिला मुख्यालय से पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किया। कोतवाल ने बताया कि पति पंजाब में काम करता है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के बाद 550 बेड के अस्पताल को मिला एनओसी

- सभी विभाग में स्थापित है आग बुझाने के उपकरण

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिला मुख्यालय स्थित महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में आग बुझाने के सभी उपकरण मौजूद हैं। इसके अलावा आग लगने पर त्वरित कार्रवाई के लिए ऑटोमैटिक अग्नि सुरक्षा यंत्र के उच्चीकरण का कार्य चल रहा है। झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 बच्चों की मौत हो गई है।ऐसे में जिले में स्थित मेडिकल कॉलेज में ऐसी कोई घटना हो तो कैसे त्वरित अंकुश लगे या इसके लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन के पास उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली गई। मेडिकल कॉलेज के सहायक आचार्य मीडिया प्रभारी डॉक्टर अरविंद शुक्ला ने बताया कि महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय 550 बेड का संचालित है। जिला अस्पताल में संचालित एसएनसीयू, बाल रोग विभाग और नई बिल्डिंग में अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएं विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है।चिकित्सालय के पुराने और नए भवन में पर्याप्त मात्रा में आग से बचाव के उपकरण मौजूद हैं।अन्य स्थानों पर छ्ह2 एवं क्ष्ट सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में स्थापित है। वर्ष में दो बार मॉकड्रिल मेडिकल कॉलेज के साथ जिला चिकित्सालय में होता है।

उच्चीकरण का भी चल रहा कार्य

मेडिकल कॉलेज में अभी ऐसी कोई घटना नहीं हुई है इसके बाद में भी आज से बचाव के सभी संसाधन उपलब्ध हैं। ऑटोमैटिक अग्नि सुरक्षा यंत्र के उच्चीकरण का कार्य भी चल रहा है। यह आग लगने पर तुरंत काबू पाने में सफलता मिलेगी।

-डॉक्टर संजय खत्री प्राचार्य

20 नवम्बर को आयोजित होगा किसान दिवस

बहराइच समृद्धि न्यूज। शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 20 नवम्बर 2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

फखरपुर में अवैध पोल्ट्री फॉर्मो की भरमार

- बिना लाइसेंस चल रहे हैं सैकड़ों मुर्गी फ़ार्म

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले मे लोग किसी न किसी बिमारी का सामना तो करते ही हैं लेकिन पोल्ट्री फ़ॉर्मो से निकलने वाली बीमारी का सामना करना भारी पड़ रहा है। जिसमे इंसान तो इंसान जानवर भी इसका शिकार हो रहे हैं। जिसके चलते कुत्तों की मौत हो रही है। जिले के फखरपुर इलाके के इंदूर, अचौलिया, सिंगरो,पकौरी पटसिया, भिलोरकाजी समेत कई अन्य गाँव में अवैध पोल्ट्री फ़ार्म चल रहे है जिससे ग्रामीण परेशान रहते है। इलाक़े भर में बीमारी और गंदगी हमेशा बनी रहती है। ये पोल्ट्री फ़ार्म घनी आबादी स्कूल रोड और धार्मिक स्थानों के आस पास ही बने है जिससे सभी ग्रामीणों को काफ़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बताते है कि स्कूल के पास बने फ़ार्म के गंदगी के कारण बच्चे स्कूल जाने से भी कतराते है गाँवों में हमेशा बीमारी बनी रहती है फ़ार्म की विषैली मक्खियों से पूरे गाँव में बीमारी और गंदगी बनी रहती है। पोल्ट्री फ़ार्म के आस पास जाने वाले कुत्तों को फ़ार्म के मालिकों द्वारा फ़ार्म की मरी मुर्गियों को दिया जाता है जिसके चलते इलाक़े भर के कई कुत्तों की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है की इस समस्या का समाधान किया जाए तभी पूरे गांव को बीमारी से बचाया जा सके।

...आखिर क्यों घटनाओं के बाद ही जागता है प्रशासन

रायबरेली जिला अस्पताल के हालात भी हैं खराब

▸ कंडम है फायर सर्विस, दिखाने के लिए टंगे हैं फायर सिलेंडर

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

सूबे में व्यवस्थाओं का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब भी कोई बड़ी घटना किसी भी जिले में घटती है तो उसकी गूंज पूरे प्रदेश में देखने को मिलती है झांसी के मेडिकल कॉलेज में हुई घटना दिल को द्रवित करने वाली है सरकारे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी भरकम बजट खर्च करती है मगर जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से वह बजट सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाता है यही नहीं सरकारे या उनके मातहत अगर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करें तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। झाँसी के रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज में हुई ह्रदय विदारक घटना की वैसे तो सीएम योगी ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिये है।

हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अग्निशमन व्यवस्था में लापरवाही सामने आ रही है। कुछ ऐसे ही हालात रायबरेली के जिला अस्पताल में भी हैं। यहाँ लापरवाही का आलम यह है कि जले हुए बिजली के बोर्ड हैं और एबीसी टाइप के फायर एक्सीटिंगयुशर 2021 के है। यहाँ बच्चा वार्ड में जले हुए बिजली के बोर्ड दुर्घटना को दावत दे रहे हैं लेकिन लाखों रुपये रखरखाव के नाम पर बजट लेने वाला जिला अस्पताल इसकी तरफ से लापरवाह बना है। ख़ास बात यह कि इस पर जवाब देने के लिए सीएमएस डॉक्टर प्रदीप अग्रवाल सामने नहीं आये बल्कि उन्होंने कहा कि उन्हें मीडिया में बोलने से मना किया गया है।

वहीं 2021 के एबीसी टाइप फायर एक्सटिनग्युशर भी धोखा दे सकते हैं। अग्नि सुरक्षा अधिकारी मनीराम सरोज के मुताबिक, वैसे तो एबीसी टाइप सिलेंडर पर जब तक मीटर सही रीडिंग बताता हैं तब तक इसे उपयोगी माना जाता हैं। उन्होंने कहा, इसके बावजूद इन सिलेंडर को हर वर्ष चेक करया जाना चाहिए क्योंकि कई बार एक साल की अवधि में इसके नोजेल और नॉब जाम हो जाते हैं। यहाँ तीमारदार भी जले बिजली के बोर्ड और लटकते तारों को देखकर भयभीत हैं लेकिन सिस्टम सरकारी हैं इसलिए इनके मुहं पर भी ताला हैं।

श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ में निकाली गई कलश यात्रा

सूची सलोन रायबरेली समृद्धि न्यूज़। श्री भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया।जिसमें सैकड़ो महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा का परिभ्रमण किया।सलोंन विकासखंड के खौसनहा सूची गांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया।जिसमें कथा व्यास अचार्य प्रदुम्न जी महाराज के द्वारा पूजा अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई।पीले वस्त्र धारण कर कलश सिर पर रखकर महिलाएं आकर्षण का केंद्र बनी रही।प्रभु का स्मरण करते हुए भक्ति संगीत के साथ कथा स्थल तक पहुंची।मुख्य यजमान नवरंग सिंह ने बताया 16 से 22 नवंबर तक शाम छः बजे से दस बजे तक प्रतिदिन कथा होगी। इसके पश्चात महा प्रसाद का वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।इस दौरान तमाम भागवत प्रेमी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

खड़े ट्रक में अनियंत्रित पिकअप ने मारी टक्कर, चालक गंभीर रूप से घायल

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। पिकअप चालक को नींद आ जाने के चलते पिकअप अनियंत्रित होकर खड़े हुए ट्रक में पीछे से जा टकराई, जिसमें चालक को गंभीर चोटें आई हैं। जिसे जिला अस्पताल पर किया गया। घटना 16 नवंबर शनिवार रात्रि 2ः00 बजे की है। जब लखनऊ प्रयागराज हाईवे प्रयागराज से पिकअप में लोहे का सामान लादकर लखनऊ जा रहा था। तभी पिकअप बछरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत पहुंचते ही पीठन गांव के पास पहले से ही खड़े हुए ट्रक में पिकअप चालक को नींद आ जाने के चलते अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में पिकअप के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए तो वहीं चालक विनोद मुकुंद वर्मा पुत्र हसबी मुकुंद वर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी हलियापुर जनपद सुलतानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में चालक को स्थानीय लोगों के द्वारा एंबुलेंस की मदद से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया जहां चालक का प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

ट्रेन से गिरकर वृद्ध की मौत

बछरावा रायबरेली समृद्धि न्यूज़। अज्ञात वृद्ध की ट्रेन से गिरकर मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परंतु अभी वृद्ध के शव की पहचान नहीं हो पाई है। 16 नवंबर सुबह 11ः00 बजे के आसपास कुंदनगंज की है जब स्टेशन मास्टर ने बछरावां थाने की पुलिस को एक अज्ञात वृद्ध का शव रेलवे लाइन पर पड़ा होने की सूचना दी। जो ट्रेन से गिर गया है और उसकी मौत हो गई है। घटना की जानकारी होते ही बछरावां खाने से एस आई सुखपाल सिंह, एवं एस आई अभिजीत विश्वकर्मा ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और आसपास के ग्रामीणों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। परंतु शिनाख्त न हो पाने पर पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई मृतक अज्ञात वृद्ध की उम्र लगभग 65 वर्ष तथा वृद्ध क्रीम कलर का कुर्ता व सफेद पजामा पहने हुए हैं जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी के फंदे से लटक कर समाप्त की जीवन लीला

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। घर में अकेलेपन का फायदा उठाकर युवती के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। घटना की जानकारी वापस आने पर हुई, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना 15 नवंबर शुक्रवार देर रात 8ः00 बजे की है। जब बछरावां थाना क्षेत्र की ग्राम गुरबख्श खेड़ा मजरे इसिया में काजल पुत्री जागेश्वरी उम्र 19 वर्ष अपने घर में मौजूद थी। युवती के परिजन खेतों में धान की पिटाई करने के लिए गए हुए थे। परिजनों की गैरमौजूदगी में युवती ने किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर छत में लगे हुए छल्ले में दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। परिजन जब खेतों से वापस आए तो कमरे के अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। परिजनों के द्वारा ही युवती को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। परंतु तब तक युवती की मौत हो चुकी थी।घटना को देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

बाइक सवार अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोग हुए हादसे का शिकार, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। दो बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए, जिनकी हालत गंभीर बताई गई है। घटना 15 नवंबर शुक्रवार रात 8ः30 बजे के आसपास की है, जब बछरावां थाना क्षेत्र के ग्राम राघवपुर के पास अज्ञात वाहन के द्वारा बाइक सवार दो व्यक्ति मोहित पुत्र राम प्रसाद उम्र 20 वर्ष, एवं साथ में राजकुमार पुत्र बुधई उम्र 46 वर्ष दोनों लोग थाना क्षेत्र के ही ग्राम दुर्गापुर से तेरहवी के कार्यक्रम से वापस अपने गांव की ओर जा रहे थे। राघवपुर के पास ही किसी अज्ञात वाहन के द्वारा बाइक में टक्कर मार दी गई, हादसे में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बछरावां सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर गणनायक पांडे ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

भाजपा कार्यशाला में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। भाजपा के रेहरा मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बूथ और शक्ति केंद्र संयोजकों को संबोधित करते हुए संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य और चुनाव अधिकारी अनूप गुप्ता ने कहा कि भाजपा देश का एकमात्र राजनीतिक दल है, जहां संगठन के चुनाव नियमित रूप से होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जनता तक सीधे पहुंच रहा है, जिससे जनसामान्य का भरोसा पार्टी पर बढ़ा है। कार्यशाला के दौरान मंडल के सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए और उन्हें संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। अनूप गुप्ता ने कहा कि संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए हर कार्यकर्ता का योगदान आवश्यक है। इस अवसर पर रेहरा मंडल अध्यक्ष हरिवंश सिंह, ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, और उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथ और शक्ति केंद्र स्तर पर पार्टी के संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यशाला के अंत में आगामी चुनावों को लेकर रणनीति तैयार की गई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारीपूर्वक अपने कार्यक्षेत्र में पार्टी के लिए कार्य करने का निर्देश दिया गया।

सुधा सिंह एथलीट आयोग की सदस्य नामित

▸ भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने किया चार साल के लिए सुधा का नामांकन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, एएफआई) ने अगले चार वर्षों के लिये उत्तर प्रदेश की ओलंपियन पूर्व एथलीट सुधा सिंह को एथलीट आयोग का सदस्य नामांकित किया है। एशियन एथलेटिक्स एसोसिएशन में उपाध्यक्ष और एएफआई की प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. ललित भनोट के अनुसार सुधा सिंह के एथलीट आयोग में शामिल किया जाना इस खेल के लिए बेहतर साबित होगा। पद्मश्री और अर्जुन एवार्डी सुधा सिंह को सदस्य बनाये जाने के लिये एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. आदिल सुमरीवाला ने भी पत्र जारी कर दिया है। सुधा सिंह को एथलीट आयोग का सदस्य बनाये जाने पर तमाम खेल संघों के साथ एथलीट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने बधाई दी है। लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण के अनुसार सुधा सिंह का नामांकन एथलीट आयोग में किये जाने से प्रदेश के एथलीट जगत को बढ़ावा मिलेगा।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चाय की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। संदिग्ध परिस्थितियों में चाय की दुकान में बीती रात आग लग गई।भीषण आग में दुकान के अंदर रखा सामान जलकर खाक हो गया।मामला सालों कोतवाली क्षेत्र के राजपुर माफी गांव के पास का है।जहां के निवासी सुनील कुमार सड़क किनारे चाय समेत खाने पीने की दुकान हैं। जहां देर संदीप परिस्थितियों में आग लग गई। दुकान के अंदर रखा गैस सिलेंडर के जलने से आग और भीषण हो गई।देखते ही देखते अंदर रखा सामान जलकर स्वाहा हो गया। पीड़ित दुकानदार सुनील कुमार ने बताया देर से हम घर पहुंचे थे। थोड़ी देर बाद जानकारी मिली कि दुकान में आग लग गई। इससे पहले दो बार चोरी हो गई थी। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब डेढ़ लाख रुपए का समान जलकर नष्ट हो गया।

खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने किया प्रदर्शन

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

सहकारी समितियां में खाद की किलास से किस जूझ रहे हैं बुवाई प्रभावित हो रही है खाद न मिलने की वजह से किस दर-दर भटक रहे पर्याप्त मात्रा में समितियां में खाद न होने से सचिन भी किसानों को खाद नहीं दे पा रहे हैं डलमऊ तहसील क्षेत्र में पिछले एक माह से किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं चाहते समिति के सचिव को भी खाद देने के आरोप लग रहे हैं तहसील क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग गोविंदपुर माधव डलमऊ समिति में खाद नहीं है वह दिन शाह गौरा के गौरा हरदोई एवं जलालपुर दही में भी खाद उपलब्ध नहीं है शनिवार को बरारा बुजुर्ग में खाद लेने आए किसानों ने प्रदर्शन किया किसान का आरोप है कि पिछले 15 दिन से वह खाद के लिए समिति के चक्कर लगा रहा है लेकिन समिति में खाद नहीं मिल पा रहे सचिन का कहना है कि डिमांड के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसानों को देना मुश्किल हो रहा है क्षेत्र के बरारा बुजुर्ग गोविंदपुर माधव एवं डलमऊ साधन सहकारी समिति में अभी तक खाद नहीं आई है लगातार खाद की कमी के चलते किसान बुवाई नहीं कर पा रहे हैं किसान दिलीप कुमार मनोज कुमार अशोक प्रदीप का कहना है कि समिति में खाद न मिलने से बाहर महंगे दामों में खाद खरीदने को मजबूर हो रहे हैं वहीं पर साधन सहकारी समिति के सचिव ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी अपने चाहते सचिव को खाद दे रहे हैं जबकि लगातार डिमांड के बाद भी खाद है नहीं मिल पा रही है।

एक युद्ध नशे के विरुद्ध रैली को डॉ. देवेंद्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत एम0एल0के0(पीजी) कॉलेज बलरामपुर में एक युद्ध नशे के विरुद्ध रैली का शुभारंभ अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उत्तर प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ0 देवेंद्र शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, एम0एम0पी0 इंटर कॉलेज, एम0एल0के0पी0जी0 कॉलेज, सी0एम0एस0इंटर कॉलेज, डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज, मॉडर्न स्कूल एवं आदर्श बाल विद्यालय के छात्र-छात्राओं, एन0सी0सी, एन0एन0एस0, स्काउट, युवक मंडल दल, खिलाड़ी, नेहरू युवा केंद्र, प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया , आशा बहू आदि के द्वारा प्रतिभाग़ किया गया।

रैली के शुभारंभ से अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ0 प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ0 देवेंद्र शर्मा ने उपस्थित जन समूह को नशे के विरुद्ध जन जागरूकता के लिए शपथ भी ग्रहण कराई। उन्होंने सभी से कहा कि नशे के विरुद्ध सभी को संगठित होकर इस जंग को लड़ना है, नशा इंसान को अंदर से खोखला कर देता है, आर्थिक तथा शारीरिक रूप से कमजोर हो जाने के साथ-साथ व्यक्ति का नैतिक पतन भी हो जाता है, हमें स्वयं को तथा अपने आसपास जो व्यक्ति नशे की लत के शिकार हैं उन्हें नशे से दूर रखना है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर भजन संध्या और भव्य भंडारे का आयोजन

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। उतरौला नगर के पुराने अस्पताल परिसर में खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य श्री श्याम भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भक्ति के इस आयोजन में बाहर से आए भजन गायकों ने भक्तिरस से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को पूरी रात झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं, बच्चों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, लक्ष्मी रतन गुप्ता, मनोज कसेरा, और श्याम मित्र मंडल के सदस्य राज गुप्ता, अरविंद जगनानी, संतोष गुप्ता, रमेश गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त व डीएम ने सुनी जनमानस की शिकायतें

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

शासन की मंशानुरूप जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु तहसील तुलसीपुर में मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील एवं डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ।

संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं कतिपय शिकायतों / समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

उन्होंने शिकायत निस्तारण पंजिका का अवलोकन किया एवं शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों का शिकायतकर्ता से फीडबैक लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार , मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम तुलसीपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीडी ग्राम्य विकास विभाग, तहसीलदार तुलसीपुर, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गुरु नानक जयंती पर बलरामपुर में रक्तदान शिविर आयोजित

▸ रक्तदान करके दिया जीवन बचाने का संदेश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

गुरु नानक जयंती के पवित्र अवसर पर बलरामपुर के गुरुद्वारा परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन गुरु सिंह सभा, बलरामपुर ने किया, जिसमें समाज में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों को सहायता प्रदान करने का संदेश दिया गया।

हिमांशु दीक्षित का प्रेरणादायक योगदान:- इस अवसर पर हिमांशु दीक्षित ने अपना 52वां रक्तदान किया। यह उनके लिए गर्व और संतोष का विशेष क्षण था। बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू और डीपी सिंह जी ने हिमांशु के इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया।

हिमांशु का अनुभव :- सम्मान प्राप्त करने के बाद हिमांशु ने कहा, ÷यह मेरे जीवन का एक अनमोल पल है। रक्तदान न केवल दूसरों की मदद का माध्यम है, बल्कि यह मेरे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है।

रक्तदान के महत्व पर प्रकाश:- रक्तदान को एक महादान कहा जाता है, क्योंकि यह जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है। हर तीन सेकंड में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है। एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है। रक्तदान से रक्तदाता को हृदय रोगों का खतरा कम होता है और शरीर में नई कोशिकाओं के निर्माण में मदद मिलती है। इस आयोजन की सफलता में गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। अध्यक्ष : स. परमजीत सिंह, सचिव : स. अमरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष : स. कुलदीप सिंह, शिक्षा चेयरपर्सन : स. प्रीतपाल सिंह, डॉ. आकांक्षा, हिमांशु तिवारी, अशोक पांडे और सोनाम की टीम ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। शिविर में करीब 80 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें युवाओं ने विशेष उत्साह दिखाया।

समापन और संदेश

कार्यक्रम के समापन पर डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है, जिससे न केवल दूसरों की जिंदगी बचाई जा सकती है, बल्कि यह समाज में मानवता का संदेश भी फैलाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। रक्तदाताओं को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने समाज में यह संदेश दिया कि एक छोटा सा कदम भी बड़ा बदलाव ला सकता है।

रक्तदान महादान है - आइए, दूसरों के जीवन को रोशन करें।

विदेश राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रस्तावित सम्मेलन और राज्य स्तरीय ग्रामीण बैंक के गठन को लेकर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ऑफिसर एसोसिएशन ने विरोध दर्ज कराया है। संगठन ने बैंक ऑफ बड़ौदा को प्रायोजक बैंक बनाए जाने के प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की है और इसके स्थान पर पंजाब नेशनल बैंक को प्रायोजक बैंक बनाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेश में वर्तमान में तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक (प्रवर्तक- पंजाब नेशनल बैंक) बड़ौदा यूपी बैंक (प्रवर्तक : बैंक ऑफ बड़ौदा) आर्यावर्त बैंक (प्रवर्तक : बैंक ऑफ इंडिया) कार्यरत हैं। इनका समामेलन कर राज्य स्तरीय ग्रामीण बैंक बनाने की प्रक्रिया चल रही है। प्रस्ताव में बैंक ऑफ बड़ौदा को प्रायोजक बैंक बनाए जाने और प्रधान कार्यालय राज्य की राजधानी लखनऊ में स्थापित किए जाने की बात कही गई है। ग्रामीण बैंक कर्मचारियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाए हैं कि कर्मचारियों को लगातार प्रताड़ित किया जाता है। सुविधाओं और भत्तों में कटौती की जा रही है। कर्मचारियों की पदोन्नति पिछले तीन वर्षों से लंबित है। शाखाओं को बंद करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस प्रकार की कार्यशैली से कर्मचारियों और ग्राहकों, दोनों के हित प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पंजाब नेशनल बैंक की कार्यशैली स्टाफ और ग्राहक हितैषी है। इसलिए इसे प्रायोजक बैंक बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा, प्रस्तावित राज्य स्तरीय ग्रामीण बैंक का प्रधान कार्यालय राजधानी लखनऊ में होना चाहिए, ताकि प्रशासनिक कामकाज सुगम हो सके। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सौरव यादव, अभिषेक सिंह और मानविजय ने इस विषय पर विदेश और राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से पंजाब नेशनल बैंक को प्रायोजक बनाने और प्रधान कार्यालय लखनऊ में स्थापित करने की मांग की गई। अगर कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो एसोसिएशन ने आंदोलन का संकेत दिया है। यह मामला न केवल कर्मचारियों के हित से जुड़ा है, बल्कि उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ ग्रामीण नागरिकों के वित्तीय अधिकारों और सेवाओं पर भी प्रभाव डालता है।

नवाचार, समाज व अर्थव्यवस्था में बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा नवाचार, समाज और अर्थव्यवस्था में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के वित्तीय सहयोग से संपन्न हुआ।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर वी. के. श्रीवास्तव ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व और समाज पर इसके प्रभाव पर जोर दिया। अपने उदबोधन में उन्होंने यह बताया कि यह एक समसामयिक विषय है। विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से बौद्धिक संपदा को स्पष्ट किया और बताया कि हमारे पास क्षेत्र है, ज्ञान है लेकिन जरूरत है इन सभी को एक जगह व्यवस्थित करने की। इसी से बौद्धिक सम्पदा की स्थिति अच्छी हो सकती है। इस बात पर जोर दिया कि कैसे हमारे प्रोडक्ट्स की लीगल राइट्स होनी चाहिए,और बताया कि इसी से बौद्धिक सम्पदा की स्थिति बेहतर हो सकती है। मुख्य वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर एम. के. अग्रवाल ने नवाचार और अर्थव्यवस्था में बौद्धिक संपदा की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। अपने उद्बोधन में बताया कि पेटेटिंग हमेशा लाभप्रद है। भारत को नवाचार की तरफ आगे बढ़ना है। भारत को अपने मॉडल से स्टार्ट अप के कल्चर को आगे बढ़ाना है। अपनी संस्कृति के अनुसार और अपनी फिलोसॉफी के अनुसार पेटेटिंग को बढ़ावा देना है। हम जो भी करे वह अनैतिक न हो और सत्य पर आधारित हो।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे. पी. पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि कैसे नवाचार सभी रचनात्मकता के लिए एक प्रेरक शक्ति है। उन्होंने इस आयोजन हेतु राजनीति विज्ञान विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों और कई जगहों से आये शोधकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने नवाचार और समाज में बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रभाव, चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के प्रथम दिन विभिन्न सत्रों में विषय-विशेषज्ञों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए और प्रतिभागियों ने इन पर संवाद किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, प्रोफेसर पी के सिंह, प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह, प्रोफेसर एस पी मिश्रा, प्रोफेसर वीना सिंह, सम्मेलन के समन्वयक डॉ आशीष लाल, डॉ प्रमोद यादव, संदीप यादव, दिनेश कुमार, डॉ ऋषि रंजन, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ बी एल गुप्ता, आनंद प्रताप त्रिपाठी, राजेश मणि त्रिपाठी, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण व सैकड़ों छात्र एवम छात्रायें उपस्थित रहें।

संदीप गुप्ता बने अध्यापक, बिहार शिक्षा विभाग में नियुक्ति

सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। स्थानीय बाजार के कल्लूराम गुप्ता के पुत्र संदीप गुप्ता का सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्त हुआ है। बिहार राज्य के शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित, संदीप ने परीक्षा और इंटरव्यू के विभिन्न चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इस पद को हासिल किया। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में 2024 की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत सहायक अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की गई। इसी के तहत, संदीप गुप्ता ने सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

चंडीगढ़ की कसक

अभी भी चंडीगढ़ के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि शहर की फिज़ा में इतना जहर घुल चुका है कि एक्यूआई चार सौ का आंकड़ा पार कर गया। सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से विख्यात इस शहर को किसकी नजर लगी, शहर के बाशिंदे अब तक समझ नहीं पा रहे हैं। लोग बताते नहीं थकते कि ऐसा मंजर उन्होंने जिंदगी में पहली बार देखा है। कभी लोग इस शहर की खूबसूरती और स्वास्थ्यवर्धक आबोहवा की कसमें खाया करते थे। पं. जवाहर लाल नेहरू के सपनों का शहर, जिसे तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरो ने रात-दिन एक करके हकीकत बनाया। फिर फ्रांस के नामचीन वास्तुकार ली कार्बूजिए ने अपनी भारतीय टीम के साथ मिलकर उस सपने को साकार किया। भरपूर हरियाली और योजनाबद्ध तरीके से बने शहर में ऐसा कुछ नहीं दिखता जो भयावह प्रदूषण का सबब बने। विस्तृत सुखना झील, इसके पर्यावरण व सौंदर्य को निखारती है और आबोहवा को शुद्ध करती है। इस शहर को तीन प्रदेशों की राजधानी होने का दर्जा हासिल है। पंजाब व हरियाणा के साथ खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की भी राजधानी है। ऐसे में जब सिटी ब्यूटीफुल के लोगों ने अखबारों में चंडीगढ़ के एक्यूआई लेवल के चार सौ पार करने का समाचार पढ़ा तो उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। एक शहर जिसके सौंदर्य व आबोहवा की शान में पंजाबी गीतों में तमाम कसीदे पढ़े जाते थे, उसे यकायक ये क्या हो गया। शासन प्रशासन के लिये भी यह एक नई चुनौती थी। ऐसी स्थिति पहले कभी उसके सामने आई भी नहीं थी। नौकरशाह भी हतप्रभ थे कि किया क्या जाए। इस जहरीली फिज़ा में प्रत्यक्ष तौर पर शहर की भूमिका भी तो नहीं थी। यहां न तो ऐसी कोई इंडस्ट्री थी और न ही थर्मल प्लांट आदि, जिन पर तत्काल कार्रवाई होती। एक सुनियोजित-व्यवस्थित शहर व जागरूक नागरिक और साथ में सचेत तंत्र। वैसे आधुनिक सभ्यता की विसंगतियां तो जरूर थीं जो तापमान बढ़ाने में किसी हद तक भूमिका निभाती हैं। बहरहाल, समय के साथ-साथ बहुत कुछ ऐसा बदला जरूर है जो इस शहर की आबोहवा में दखल देता है। कभी चंडीगढ़ को बाबुओं का शहर कहा जाता था। बदलते वक्त के साथ कारों का हुजूम जरूर यातायात और पार्किंग की समस्या खड़ी करता है। लेकिन उसकी एक्यूआई लेवल को चार सौ पार पहुंचाने में इतनी बड़ी भूमिका भी नहीं रही। वैसे तो आधुनिक जीवनशैली के चलते एसी, फ्रिज, कार और निकटवर्ती इलाकों में अंधाधुंध निर्माण कार्यों में तेजी ने हमारे पर्यावरण पर हर शहर की तरह असर तो डाला है। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमें जो भूमिका पर्यावरण संरक्षण हेतु निभानी चाहिए, वो हम नहीं निभाते हैं। यूं तो चंडीगढ़ का मूल स्वरूप बरकरार है। कुछ सेक्टर नये जुड़े हैं, लेकिन सुनियोजित तरीके से ही उनका विस्तार हुआ। चंडीगढ़ के निर्धारित स्वरूप के चलते इसके अधिक विस्तार की गुंजाइश भी नहीं है, लेकिन इसके चारों ओर तमाम छोटे-बड़े शहरों का विस्तार हुआ है। घनी आबादी कहीं न कहीं चंडीगढ़ पर दबाव जरूर बनाती है। लेकिन यह स्थिति उतनी विकट नहीं है कि शहर का एक्यूआई लेवल चार सौ पार करे। कह सकते हैं कि इसके आसपास के राज्यों में जलती पराली की इसमें किसी सीमा तक भूमिका होगी। पड़ोसी पाकिस्तान के लाहौर में एक्यूआई लेवल की जो भयावह स्थिति है उसका असर अमृतसर से चंडीगढ़ तक कितना पड़ा, इसके लिये वैज्ञानिक अध्ययन की जरूरत है।

स्वाद और पौष्टिकता में बेजोड़ है बारहनाजा

बाबा मायाराम

देसी बीज बचाने की देश भर में कई पहल हो रही हैं। इनमें से एक पहल की शुरूआत उत्तराखंड में हुई थी। कुछ वर्ष पहले मैं उत्तराखंड गया था। वहां विजय जड़धारी के जड़धार गांव गया था, जहां वे न केवल बारहनाजा नामक पारंपरिक मिश्रित खेती करते हैं, बल्कि उसका प्रचार-प्रसार भी करते हैं। वे बीज बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता हैं, जो देश-दुनिया में इसे फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। आज इस कॉलम में इस पहल के बारे में बताना उचित होगा, जिससे देसी बीजों की खेती को समग्रता से समझा जा सके।

मैं विजय जड़धारी के गांव गया हूं, और अलग-अलग जगहों पर कई बार मिला हूं। वे खुद किसान हैं, लेखक हैं और एक जमाने में चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रह चुके हैं। उन्हें कई सम्मान व पुरस्कार मिल चुके हैं। वे टिहरी-गढ़वाल जिले के जड़धार गांव में रहते हैं। इसी गांव के नाम को उन्होंने अपने नाम के साथ जोड़ लिया है, वे विजय जड़धारी के नाम से जाने जाते हैं। वे जहां भी जाते हैं, अपने गांव की पहचान लेकर जाते हैं। वे अपने खेत में बारहनाजा पद्धति से फसलें उगाते हैं। यह पारंपरिक मिश्रित खेती की पद्धति है। बारहनाजा का शाब्दिक अर्थ बारह अनाज है,पर इसके अंतर्गत बारह अनाज ही नहीं बल्कि दलहन, तिलहन, शाक-भाजी, मसाले व रेशा शामिल हैं। इसमें 20-22 प्रकार के अनाज होते हैं।

इन अनाजों में कोदा (मंडुवा), मारसा (रामदाना), ओगल (कुट्टू), जोन्याला (ज्वार), मक्का, राजमा, गहथ (कुलथ), भट्ट (पारंपरिक सोयाबीन), रैयास (नौरंगी), उड़द, सुंटा, रगड़वांस, तोर, मूंग, भगंजीर, तिल, जख्या, सण (सन), काखड़ी इत्यादि। विजय जड़धारी बताते हैं कि मंडुआ बारहनाजा परिवार का मुखिया कहलाता है। असिंचित व कम पानी में यह अच्छा होता है। पहले मडुंवा की रोटी ही लोग खाते थे, जब गेहूं नहीं था। पोषण की दृष्टि से यह भी बहुत पौष्टिक है। जड़धारी जी बताते हैं कि शुरूआत में हमें देसी बीज ढूंढ़ने में दिक्कतें आई।

दूर-दूर के गांवों में जाकर देसी बीज एकत्र किए। चूंकि खेती का अधिकांश काम महिलाएं करती हैं, इसलिए उन्हें इस काम से जोड़ा। इस पूरे आंदोलन में महिलाओं को प्राथमिकता दी। कई तरह के देसी बीजों का आज संग्रह है। वे आगे बताते हैं कि बारहनाजा मिश्रित फसल पद्धति है, जिसमें खरीफ की फसलें होती हैं। इस पद्धति में मिट्टी के साथ रिश्ता है। मंडुवा, रामदाना, कुट्टू ज्यादा ताकत लेते हैं। इसलिए दलहन की फसलें लगाई जाती है। यह मिट्टी को उपजाऊ बनाने का काम करती हैं। दालों से नत्रजन

जड़धारी बताते हैं कि बारहनाजा की फसलें मई-जून में बोई जाती हैं और सितंबर-अक्टूबर में उनकी कटाई हो जाती है। 4 महीने खेत खाली रहते हैं। यानी इस बीच खेतों की छुट्टी होती है, इससे खरपतवार का नियंत्रण होती है, मिट्टी फिर से उपजाऊ बनती है, यह जांचा परखा तरीका है। अब हमारे भोजन से विविधता गायब है। चावल और गेहूं में ही भोजन सिमट गया है। पहले बहुत अनाज होते थे। उन्होंने कहा भोजन पकाने के लिए चूल्हा कैसा होना चाहिए, पकाने के बर्तन कैसे होने चाहिए, यह भी गांव वाले तय करते हैं। क्या किसी कांदा (कंद) को गैस में भूना जा सकता है। यह खेती बिना लागत वाली है। बीज खुद किसानों का होता है, जिसे वे घर के बिजुड़े से ले लेते हैं और पशुओं व फसलों के अवशेष से जैविक खाद मिल जाती है।

मिलता है। यह सब किसानों ने अपने अनुभव से सीखा है। इसकी फसलें अलग-अलग होते हुए भी एक दूसरे की सहायक हैं। रामदाना, मंडुवा, ज्वार ऊपर की तरफ बढ़ते हैं। बेल वाली दालें उससे लिपट जाती हैं। एक दूसरे को सहारा देती हैं। नियंत्रित करती हैं और उन्हें बढ़ाने में सहायक होती है।

जड़धारी बताते हैं कि बारहनाजा की फसलें मई-जून में बोई जाती हैं और सितंबर-अक्टूबर में उनकी कटाई हो जाती है। 4 महीने खेत खाली रहते हैं। यानी इस बीच खेतों की छुट्टी होती है, इससे खरपतवार का नियंत्रण होती है, मिट्टी फिर से उपजाऊ बनती है, यह जांचा परखा तरीका है। वे कहते हैं अब हमारे भोजन से विविधता गायब है। चावल और गेहूं में ही भोजन सिमट गया है। जबकि पहले बहुत अनाज होते थे। उन्होंने कहा भोजन पकाने के लिए चूल्हा कैसा होना चाहिए, पकाने के बर्तन कैसे होने चाहिए, यह भी गांव वाले तय करते हैं। उन्होंने पूछा क्या किसी कांदा (कंद) को गैस में भूना जा सकता है। यह खेती बिना लागत वाली है। बीज खुद किसानों का होता है, जिसे वे घर के बिजुड़े (पारंपरिक भंडार) से ले लेते हैं और पशुओं व फसलों के अवशेष से जैविक खाद मिल जाती है, जिसे वे अपने खेतों में डाल देते हैं। परिवार के सदस्यों की मेहनत से फसलों की बुआई, निंदाई-गुड़ाई, देखरेख व कटाई सब हो जाती हैं। इसके अलावा निंदाई-गुड़ाई के लिए कुदाल, दरांती, गैंती, फावड़ा आदि की लकड़ी भी पास के जंगल से मिल जाती है। गांव के लोग ही खेती के औजार बनाते थे। जड़धारी जी कहते हैं कि हमारी खेती समावेशी खेती है। उससे मनुष्य का भोजन भी मिलता है और पशुओं का भी। वे पालतू पशुओं को पशुधन कहते हैं। यह किसानी की रीढ़ है। लम्बे ठंडल वाली फसलों से जो भूसा तैयार होता था उसे पशुओं को खिलाया जाता था और जंगल में भी चारा बहुतायत में मिलता था। और पशुओं के गोबर व मूत्र से जैव खाद तैयार होती थी जिससे जमीन उपजाऊ बनी रहती थी। बारहनाजा की फसलों से पशुओं को भी पौष्टिक चारा निरंतर मिलते रहता था।

बारहनाजा के बीज सभी किसान रखते हैं। खाज खाणु अर बीज धरनु (खाने वाला अनाज खाओ किन्तु बीज जरूर रखो)। बिना बीज के अगली फसल नहीं होगी। बीजों को सुरक्षित रखने के लिए तोमड़ी (लौकी की तरह ही) का इस्तेमाल किया जाता था। जलवायु परिवर्तन हो रहा है, यह असलियत है। लेकिन बारहनाजा में इसका मुकाबला करने की क्षमता बारहनाजा में है, ऐसा अनुभव रहा है। जैसे अगर ज्यादा बारिश होती है, सूखा होता है या जंगली जानवर का आक्रमण होता है तो अगर कुछ फसलों का नुकसान होता है तो उसकी पूर्ति दूसरी फसलों से हो जाती है। उन्होंने बताया कि जंगली भालू मंडुवा को बहुत पसंद करता है और खाता है पर दूसरी फसलों को नहीं खाता। इसी प्रकार बंदर चौलाई को नहीं छेड़ते यानी नहीं खाते। बारहनाजा जैसी मिश्रित पद्धतियों का फायदा यह है कि किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में किसान को कुछ न कुछ मिल जाता है। जबकि एकल फसलों में पूरी की पूरी फसल का नुकसान हो जाता है और किसान के हाथ कुछ नहीं लगता है। इसके अलावा, अब किसानों को बारहनाजा की फसलों से अच्छी आमदनी भी हो रही है। चिकित्सक, कई बीमारियों के लिए मंडुवा व सांवा खाने की सलाह देते हैं।

विचार

पृथ्वी के सभी घटकों का संरक्षण राष्ट्रीय कर्तव्य

हृदयनारायण दीक्षित

वायु प्रदूषण से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोग हलकान हैं। दिल्ली के आसपास सांस लेना कठिन है। हवा विषाक्त हो गई है। एक्यूआई अपने उच्चतम स्तर पर है। जहरीली वायु उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से में प्रभाव डाल रही है। अजरबैजान की राजधानी बाकू में पर्यावरण को लेकर सीओपी 29 सम्मेलन चल रहा है। वहां पर्यावरणविदों ने दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक पर गंभीर चर्चा की है। सरकार ने भी नए निर्माण रोकने, गैर बीएस6 डीजल बसों पर रोक जैसे कठोर कदम उठाए हैं। लेकिन आगे की राह कठिन है। अभी और कड़े निर्णयों की आवश्यकता है।

हम सब पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी ही पालती है। यही पोषण करती हैं। दूषित पर्यावरण से पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन भी नहीं। सारी दुनिया का ताप बढ़ रहा है। रामकथा के अनुसार श्रीराम का जन्म पृथ्वी को निशिचर विहीन और पृथ्वी का का कष्ट दूर करने के लिए हुआ था। रामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा है, ''अतिशय देख धरम की हानी परम सभीत धरा अकुलानी-धर्म की ग्लानि को बढ़ते देख कर पृथ्वी भयग्रस्त हुई और देवताओं के पास जा पहुंची। उसने देवों को अपना दुख सुनाया-निज संताप सुनाइस रोई-पृथ्वी ने रोते हुए अपना कष्ट बताया। शंकर जी ने पार्वती जी को बताया कि वहां बहुत देवता थे। मैं भी उनमे से एक था-तेहि समाज गिरजा मैं रहेऊ। रामचरितमानस के अनुसार आकाशवाणी हुई, ''हे धरती धैर्य रखो। मैं स्वयं सूर्य वंश में आऊंगा और तुमको भार मुक्त करूँगा।'' पृथ्वी भारतीय परंपरा में माता हैं। हम सबका आश्रय हैं। पृथ्वी को भार मुक्त करने के लिए परम सत्ता मनुष्य बनती है।

पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिकों के सामने भी चुनौती है। कहा जा रहा है कि पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस हर साल आता है। इस महत्वपूर्ण दिवस पर कई संकल्प लिए गए। हिन्दुत्व की जीवन शैली में पर्यावरण संरक्षण अन्तर्निहित है। भारत के प्राचीन काल में ही पृथ्वी के प्रति संवेदनशील प्रीति और श्रद्धा थी। वैदिक पूर्वजों ने जल को माताएं कहा था। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता बताया था। ऋग्वेद में जल को बहुवचन रूप में माताएं कहा गया है। यूनानी दार्शनिक थेल्स ने जल को आदि तत्व बताया है। प्रकृति के 5 महाभूतों में जल एक महत्वपूर्ण महाभूत है। वायु प्रतिष्ठित देवता हैं ही। पूर्वजों ने वायु को अनेकशः नमस्कार किया है। वायु को शुद्ध बनाए रखना व्रत है। वायु मनुष्य शरीर में प्रवाहित है। वैदिक साहित्य में जल को अतिरिक्त आदर दिया जाता रहा है। वैदिक समाज में जल वृष्टि के कई देवता हैं। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं, ''सत्कर्मों से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि आनंद मगन होती हैं।'' यहाँ मुख्य बात है कि सत्कर्म के कारण समुद्र का जल ऊपर जाता है। सत्कर्मों से ही वायु शुद्ध रहती है। ऋषि वायु से स्तुति करते हैं कि, आप सुखद आशीष देते हुए प्रवाहमान रहें। सत्कर्म महत्वपूर्ण हैं। ऐसे कर्म सांस्कृतिक कर्तव्य हैं।

वर्षा पर्जन्य की कृपा हैं। पर्जन्य देव पृथ्वी, जल, वायु, नदी, वनस्पतियों और सभी प्राणियों के संरक्षण से प्रसन्न होते हैं। वैदिक देवता प्रकृति की महत्वपूर्ण शक्तियां हैं। उन्हें कई विभागों में विभाजित किया जा सकता है। पहला द्युस्थानीय देवता हैं। द्यौ का ही एक रूप वरुण हैं। द्युस्थानीय देवताओं में द्यौ सबसे प्राचीन बताए गए हैं। आर्यों की ग्रीक शाखा के लोग 'ज्योस' या 'जिअस' के रूप में इस देवता की उपासना करते थे। द्यौ का प्रकट रूप हैं आकाश। ऋषि रहुगण गौतम द्यि ंको सबके पिता कहते हैं। इसी तरह वैदिक देवताओं का दूसरा विभाग है अंतरिक्ष स्थानीय देवता।

ऋग्वेद के प्रतिष्ठित देवता इन्द्र इसी श्रेणी में आते हैं। इन्द्र मेघों में अवरुद्ध जल को मुक्त करते हैं। जल प्रवाह वर्षा द्वारा पृथ्वी की ओर आता है। मातरिस्वा, अपानपात आदि अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। इनमें रूद्र मुख्य हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र में रूद्र शिव को त्रयम्बक कहा गया है। देवताओं के तीसरे वर्ग को पृथ्वी स्थानीय देवता कहा गया है। इस देव तंत्र में सोम अतिप्रतिष्ठित देवता हैं। ऋग्वेद के नौवें मण्डल के अधिकांश सूक्तों के देवता सोम हैं। सोम को सर्वश्रेष्ठ पेय बताया गया है और सर्वश्रेष्ठ औषधि भी। इसी श्रेणी में अग्नि देव भी आते हैं। ऋग्वेद में अग्नि सर्वशक्तिमान बताए गए हैं। बृहस्पति भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं।

पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिकों के सामने भी चुनौती है। कहा जा रहा है कि पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस हर साल आता है। इस महत्वपूर्ण दिवस पर कई संकल्प लिए गए। हिन्दुत्व की जीवन शैली में पर्यावरण संरक्षण अन्तर्निहित है। भारत के प्राचीन काल में ही पृथ्वी के प्रति संवेदनशील प्रीति और श्रद्धा थी। वैदिक पूर्वजों ने जल को माताएं कहा था। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता बताया था। ऋग्वेद में जल को बहुवचन रूप में माताएं कहा गया है। यूनानी दार्शनिक थेल्स ने जल को आदि तत्व बताया है। प्रकृति के 5 महाभूतों में जल एक महत्वपूर्ण महाभूत है। वायु प्रतिष्ठित देवता हैं ही। पूर्वजों ने वायु को अनेकशः नमस्कार किया है। वायु को शुद्ध बनाए रखना व्रत है।

पृथ्वी भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। नदियां भी देवता हैं। पूर्वजों के हृदय में पृथ्वी के प्रति माता का भाव है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कविता है। कहते हैं कि यहाँ भिन्न भिन्न विचारधाराओं वाले लोग रहते हैं। माता पृथ्वी सबका पोषण करती हैं। दुनिया के तमाम विद्वानों ने पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की है। उत्तर वैदिक काल और महाकाव्यों में भी पृथ्वी की स्तुति है। महाभारत के एक प्रसंग में श्रीकृष्ण पृथ्वी की उपासना करते हैं। वे पृथ्वी से ही पूछते हैं कि आप किस तरह की उपासना से प्रसन्न होती हैं। स्वयं पृथ्वी ने उत्तर दिया कि ''तुम प्रति दिन चिड़ियों और निराश्रित पशुओं के लिए कहीं भी अन्न डाल दिया करो। मैं इसी में प्रसन्न होती हूँ। पृथ्वी संकट चुनौतीपूर्ण है।

क्यों सताता है उन्हें अर्बन नक्सल का भूत?

योगेन्द्र यादव

सवाल थारू ''यह अर्बन नक्सल होता क्या है?'' मेरा जवाब थारू ''यह एक भूत है, यानी कुछ भी नहीं है, और बहुत कुछ है। आंखें खोलकर देखेंगे तो कुछ नहीं पाएंगे, लेकिन अगर मन में भय हो और आंखें बंद हों तो यह परछाई की तरह चारों तरफ मंडराएगा।'' ''आप पहेली मत बुझाइए, ठीक-ठीक बताइए, यह नक्सलवाद क्या है? और अर्बन नक्सल क्या है?'' सवाल भारत जोड़ो अभियान के एक युवा साथी का था। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र के भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने चुनाव के दौरान कहा था कि भारत जोड़ो अभियान में शामिल लोगों की विचारधारा और काम की शैली अर्बन नक्सलवाद की है।

उन्होंने कहा, ''अर्बन नक्सलवाद का अर्थ है लोगों के मन प्रदूषित कर, लोगों के मनों में शक पैदा करना, जिससे देश की जो संस्थाएं हैं, जो सिस्टम हैं, उनके प्रति शक पैदा करना और देश की अखंडता को धोखा निर्माण करना।पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर अर्बन नक्सलियों द्वारा संचालित होने का आरोप लगाया था। इसलिए युवा साथी को जवाब देना जरूरी थारू ''नक्सल और नक्सलवाद क्या था, यह तो मैं समझता हूं, अर्बन नक्सल को समझना थोड़ा मुश्किल मामला है। लेकिन मैं कोशिश करता हूं। नक्सलवाद भारत के वामपंथी आंदोलन में 60 और 70 के दशक में पैदा हुई एक उपधारा थी, जो अपने मूल स्वरूप में लगभग लुप्त हो चुकी है। आजादी के बाद साम्यवादी राजनीति का मुख्य वाहक थी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी। लेकिन चीन से युद्ध के बाद इस पार्टी का विभाजन हुआ। उसका नरम और रूस समर्थक धड़ा मूल पार्टी के साथ रहा, तो गरम और चीन के प्रति झुकाव रखने वाला धड़ा 1964 में अलग हो गया और उसने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) बनाई, जिसे हम सी.पी.एम. के नाम से जानते हैं। नक्सलवादी आंदोलन इसी सी.पी.एम. से कुछ साल बाद अलग हुई और भी उग्र उपधारा का नाम है।

उत्तर बंगाल के एक गांव नक्सलबाड़ी से शुरू होने के कारण इसका नाम नक्सलवाद पड़ा। वामपंथियों का यह समूह चीन के कम्युनिस्ट नेता माओत्से तुंग (माओ) की विचारधारा से प्रभावित था। इनका मानना था कि भारत में क्रांति की मुख्य रणनीति होगी गांव में गरीब खेतिहर मजदूरों को जमींदारों के विरुद्ध संगठित करना। नक्सलवादियों की शिकायत थी कि स्थापित कम्युनिस्ट पार्टियां व्यवस्था से समझौता कर चुकी हैं और व्यवस्था परिवर्तन के लिए सशस्त्र क्रांति की जरूरत है। इस विचारधारा के प्रभाव में आकर 70 के दशक में देश के अलग-अलग हिस्सों में नक्सली संगठनों का गठन हुआ और उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में ड्क्षहसक विद्रोह करने का असफल प्रयास किया। धीरे-धीरे दर्जनों नक्सली संगठन और पार्टियां बन गईं, जो भूमिगत तरीके से काम करते रहे। इन सभी कोशिशों को सरकार द्वारा बलपूर्वक खत्म कर दिया गया। कालांतर में अधिकांश नक्सली संगठनों ने हिंसा का रास्ता त्याग दिया और लोकतांत्रिक चुनावों या फिर लोकतांत्रिक जनांदोलनों की धारा में शामिल हो गए। आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी), जिसे 'माले' कहा जाता है, वह इसी नक्सली आंदोलन की संसदीय परिणीति है। उसके दो सांसद भी हैं। नक्सली आंदोलन ने एक जमाने में आदर्शवादी युवाओं, लेखकों, कवियों और कलाकारों को छुआ। लेकिन धीरे-धीरे हिंसक क्रांति में जुटे नक्सलियों का भी पतन हुआ और उनमें सिर्फ हिंसा, दबंगई और फिरौती वाले तत्व घुस गए। आज भी नक्सली आंदोलन का एक छोटा सा समूह माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी चलाता है और छत्तीसगढ़, तेलंगाना, ओडिशा और झारखंड के कुछ जिलों में उसकी भूमिगत हिंसक गतिविधियां होती हैं। लेकिन देश के अधिकांश जनांदोलनों और खुद नक्सली विचारधारा से प्रभावित संगठनों ने भी उनकी हिंसक कार्यशैली को पूरी तरह खारिज कर दिया है। नक्सली आंदोलन अब अपने अतीत के अवशेष के रूप में ही जीवित है। ''तो ये अर्बन नक्सल कौन हैं? यह कोई नया धड़ा या उपधारा है?'' मेरे युवा साथी का सवाल था।

राशिफल

मेषः- विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

वृषभः- मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

मिथुनः- आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

कर्कः- शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

सिंहः- आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

कन्याः- नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

तुलाः- लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

वृश्चिकः- आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

धनु :- बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

मकरः- आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

कुंभः- आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

मीनः- शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

श्रीलंका में एनपीपी की प्रचंड जीत, भारत के लिए कितनी अहम

डॉ. प्रभात ओझा

श्रीलंका के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति एकेडी यानी अनुरा कुमारा दिसानायके की अगुवाई वाले गठबंधन का प्रचंड बहुमत से जीतना चीन की खुशी का कारण हो सकता है। इसे पहली नजर में वामपंथी दिसानायके का कम्युनिस्ट चीन के करीब होना समझा जायेगा। इस राय के पक्ष में जाने वाले लोग इतिहास में थोड़ा पीछे जाने की राय दे सकते हैं। वर्ष 1987 में भारत-श्रीलंका समझौते का दिसानायके की पार्टी जेवीपी ने विरोध किया था। तब श्रीलंका में तमिल समस्या उभार पर थी और समझौते के तहत वहां लिट्टे की गतिविधि से निपटने के लिए भारतीय शांति सेना उतरी थी।

लिबरेशन तमिल ईलम के खिलाफ असर डालने वाले समझौते पर तब के राष्ट्रपति जेआर जयवर्धने और भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने हस्ताक्षर किए थे। दिसानायके उसके विरोध के चलते चर्चा में आए। वर्ष 2001 में वे पहली बार श्रीलंकाई संसद के लिए चुने गये थे। हाल में वे राष्ट्रपति चुने गये किंतु उनकी पार्टी को बहुमत हासिल नहीं था। राष्ट्रपति ने संसद भंग कर चुनाव की घोषणा की थी। अब उस चुनाव का नतीजा है कि संसद में उनका गठबंधन एनपीपी ने दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है।

खास बात यह है कि इस चुनाव में श्रीलंका की राजनीति में लंबे समय से प्रभावी रही परिवारवादी पार्टियों के प्रतिनिधियों को मतदाताओं ने खारिज कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे परिवार की पार्टी पोदुजना पेरामुना को सिर्फ तीन सीटें मिली। वहीं, दूसरे पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के समर्थन वाला न्यू डेमोक्रेटिक फ्रंट सिर्फ 5 सीटों पर कब्जा जमा सका। विपक्ष के नेता सजीथ प्रेमदासा की समागी जन बालवेगया पार्टी के खाते में जरूर 40 सीटें आईं। हालांकि यह 159 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत पाने वाले दिसानायके के मुकाबले कहीं बहुत पीछे है। स्वाभाविक है कि उनकी सरकार को बहुतेरे मामलों में 'खुले हाथ' काम करने की स्वतंत्रता हासिल हो गयी है। तो क्या एक वामपंथी नेता का अपने पड़ोसी भारत के मुकाबले कम्युनिस्ट चीन के साथ जाने के रास्ते प्रशस्त हो गये हैं? यह बात इतनी आसानी से नहीं कही जा सकती। इसे समझने के लिए दिसानायके के हालिया रुख को देखा जाना चाहिए।

दिसानायके की पार्टी भारत विरोधी और चीन समर्थक के रूप में पहचानी जाती रही है। इसके बावजूद वह भारत को दरकिनार नहीं कर सकते। देशों के बीच रिश्तों में विचारधारा का प्रभाव धीरे-धीरे कम होता गया है। आपसी जरूरतों के साथ अंतरराष्ट्रीय दबाव भी कारक बनते गये हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ही दिसानायके ने कुछ समय से भारत विरोधी बयान देने काफी कम कर दिये। वे नई दिल्ली के साथ बेहतर रिश्ते की भी वकालत करते हैं। पिछले महीने ही उन्होंने कहा था कि उनका देश चीन और भारत के बीच सैंडविच नहीं बनना चाहता। यह बयान भावनाओं में बहते किसी सामान्य व्यक्ति का नहीं है। फिर हमें भी नहीं भूलना चाहिए कि दिसानायके का बयान सिर्फ श्रीलंका नहीं, भारत के भी अनुकूल है।

हमारे दक्षिणी प्रांत तमिलनाडु के नजदीक होने से श्रीलंका हमारी सुरक्षा और व्यापारिक रणनीति, दोनों नजरिए से अहम है। श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में तमिल कुल आबादी के करीब 11 प्रतिशत हैं। भारत सरकार श्रीलंका पर दबाव बनाती रही है कि वह अपने संविधान के 13वें संशोधन को लागू करे। यह संशोधन श्रीलंकाई सत्ता में तमिलों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। तमिल डरते हैं कि दिसानायके सरकार इस संशोधन को रद्द कर सकती है। इसके विपरीत चुनाव परिणाम जिस ओर संकेत करते हैं, उससे ऐसा नहीं लगता। जाफना जैसे तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ में भी दिसानायके के गठबंधन एनपीपी की प्रचंड जीत देश में सामुदायिक सौहार्द की मांग रखती रहेगी। वर्ष 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद दिसानायके की पार्टी को तमिल बहुल जाफना जिले में यह रिकॉर्ड वोट है। सिंहली प्रभावी देश में तमिलों के भी साथ मिलने से नई सरकार उनके प्रति अपने दायित्व को याद रखेगी। तमिलों की शिकायत रही है कि सिंहली बहुमत वाली सरकारें उनकी उपेक्षा करती हैं। निश्चित ही जाफना जैसे क्षेत्रों में भी बहुमत पाने वाली सरकार 1983 से 2009 तक श्रीलंका में गृह युद्ध के दिनों को नहीं भूलेगी।

बात सामुदायिक सौहार्द तक नहीं है। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के लिए भारतीय सहयोग जरूरी है। ऐसा भारत ने सिद्ध भी किया है। अभी 2022 में श्रीलंका के ऐतिहासिक आर्थिक तंगी में भारत ने उसकी मदद की। तब जन आक्रोश के चलते गोटाबाया राजपक्षे को राष्ट्रपति पद छोड़ना पड़ा था। भारत ने श्रीलंका को 4 बिलियन डॉलर की आर्थिक मदद दी है। श्रीलंका में रुकी हुई कई भारतीय परियोजनाओं को भी फिर से शुरू किया गया है। पर्यटन से लेकर बैंकिंग क्षेत्र तक, भारत की मदद श्रीलंका के लिए बहुत मायने रखती है। यह मदद चीन से किसी भी मायने में अधिक है। ऐसे ढेर सारे बिंदु हैं, जो भारत-श्रीलंका के बीच रिश्ते

आर्थो सर्जन की तैनाती के बाबजूद इलाज के लिए भटक रहे मरीज

जिला अस्पताल में जिम्मेदार की लापरवाही के चलते सप्ताह में महज दो-दो दिन सेवाएं दे रहे अस्थि रोग विशेषज्ञ

महोबा, समृद्धि न्यूज।

बुन्देलखण्ड के झांसी मेडिकल कॉलेज में विगत रात्रि हुई दुःखद घटना से सभी स्तब्ध हैं लेकिन महोबा जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष संख्या 3 में तैनात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ देव प्रकाश सिंह द्वारा मरीज से सुविधा शुल्क मांगने एवं ना देने पर अभद्रता करने का गम्भीर आरोप लगा है।

पीड़ित तीमारदार ने प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार भट्ट को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है। साथ ही तीमारदार ने मामले से अपर निदेशक स्वास्थ्य चित्रकूट धाम मंडल बांदा रेखा रानी एवं संयुक्त निदेशक डॉक्टर अभय प्रताप सिंह सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आसाराम को अवगत करा मरीजों से अभद्रता करने वाले डॉक्टर के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

बताते चलें कि जिला अस्पताल में दो अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती है बावजूद इसके जिला अस्पताल में हड्डी रोगों से ग्रसित मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। जिला अस्पताल में डॉक्टर मनोज कौशिक एवं डॉक्टर देव प्रकाश सिंह अस्थि रोग विशेषज्ञ के पद पर तैनात हैं। नियमित तैनाती होने के बावजूद भी दोनों डॉक्टर आएदिन अस्पताल से नदारद रहते हैं जिसके चलते दूर-दराज से जिला अस्पताल में इलाज कराने आने वाले हड्डी रोगों से ग्रसित मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे डॉक्टर देव प्रकाश सिंह अपने साथ आए प्राइवेट कर्मी के साथ ओपीडी कक्ष संख्या 3 में मरीजों को देख रहे थे आरोप है कि तकरीबन एक बजे मुख्यालय के मिल्कीपुरा निवासी अफसार अहमद ने अपने साथ आए मरीज मंगल सिंह को डॉक्टर को देखने के लिए कहा जिस पर डॉक्टर द्वारा मरीज का एक्सरे कराया गया आरोप है कि उसके बाद डॉक्टर ने प्लास्टर करने के ऐवज में रु. 1000 रुपये अपने साथ आए प्राइवेट व्यक्ति के पास जमा कराने के लिए कहा। जिसका तीमारदार द्वारा विरोध किया गया। आरोप है कि उसके बाद डॉक्टर द्वारा अभद्रता करते हुए तीमारदार को कक्ष से बाहर निकलवा दिया गया और स्वयं भी धमकी देते हुए तकरीबन 1:00 बजे कक्ष से जाने के बाद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में जाकर उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के बाद अस्पताल परिसर से चले गए।

डॉक्टर ने अस्पताल परिसर से निकलने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद है,डॉक्टर के जाने के बाद हड्डी रोगों से ग्रसित मरीज परेशान हो गए और प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश भट्ट से डॉक्टर को बुलवाकर कक्ष में बिठाकर मरीजों को देखने की अपील की गई। लेकिन प्रभारी सीएमएस द्वारा उक्त डॉक्टर को फोन लगाया गया लेकिन उनका फोन बंद आने लगा इसके बाद इलाज करने पहुंचे मरीज मायूस होकर वापस चले गए।

पीड़ित तीमारदार ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य एवं अपने निदेशक स्वास्थ्य को शिकायत दर्ज करा डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

ऑपरेशन थिएटर चले गए थे आर्थो सर्जन : प्रभारी सीएमएस

इस मामले को लेकर जब प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार भट्ट से बात की गई तो उन्होंने बताया कि डॉ देव प्रकाश सिंह ऑपरेशन थिएटर चले गये थे। जब उनसे मरीजों को छोड़कर ऑपरेशन थिएटर जाने की वज़ह पूछी गई तो प्रभारी सीएमएस ने कोई जबाब नहीं दिया। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जब अस्थि रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल में ऑपरेशन करते ही नहीं हैं तो ऑपरेशन थिएटर में क्या करने गए थे ये अपने आप में एक अहम सवाल है।

▸ **तीमारदार ने इलाज के नाम पर सुविधा शुल्क न देने पर अभद्रता करने का आरोप लगा प्रभारी सीएमएस को शिकायती पत्र देकर उठाई कार्रवाई की मांग**

समय से पहले डॉक्टर के जाने से परेशान हुए मासूमों के परिजन

जिला अस्पताल मैं अस्थि रोग विशेषज्ञ के पद पर तैनात डॉक्टर देव प्रकाश सिंह द्वारा शनिवार को ओपीडी समय के पहले ही चले जाने से क्लब फुट संस्था के माध्यम से मासूम बच्चों का इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचे परिजन खासे परेशान नजर आए । परिजनों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्र से सुबह ही आ गए थे उन्हें बुलाया गया था उसके बावजूद भी घंटों बीत जाने के बाद डॉक्टर द्वारा बच्चों का परीक्षण तक नहीं किया गया और डॉक्टर समय से पहले ही अस्पताल से चले गए हैं। आरोप है कि क्लब फुट संस्था द्वारा उन्हें फोन करके अस्पताल में बच्चों के टेढ़े-मेढ़े हाथ और पैरों को सही कराने के लिए बुलवाया गया था लेकिन ऑर्थो सर्जन के समय से पहले चले जाने के चलते बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। बताते चलें कि क्लब फुट संस्था के माध्यम से जन्म से टेढ़े-मेढ़े हाथ और पैरों को सही करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शासन के सहयोग से चलने वाले अभियान के तहत जन्म से टेढ़े-मेढ़े हाथ और पैर लेकर पैदा हुए बच्चों के हाथों और पैरों को सही कराने के लिए क्लब फुट संस्था द्वारा बच्चों को चिन्हित कर जिला अस्पताल लाया जाता है,जिनका इलाज अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा ही किया जाता है,ऐसे में शनिवार को ओपीडी समय खत्म होने के एक घंटा पहले डॉक्टर को ओपीडी कक्ष संख्या 03 से नदारद देखकर बच्चों के परिजन खासे आक्रोशित नजर जाए और परिजनों ने क्लब फुट संस्था के सदस्य से भी नाराजगी जाहिर की है।

बाइक की टक्कर से युवती की मौत, दो घायल

▸ **परिजनों ने लगाया नशे में लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप, मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार**

जैतपुर (महोबा), समृद्धि न्यूज।

मोटरसाइकिल चालक सहित दो अज्ञात लोगों ने रास्ते में जा रही दो महिला एवं एक छोटी बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनों को गंभीर चोटे आयी हैं जिसमें से एक महिला की अस्पताल में मौत हो चुकी है पूरा मामला जनपद महोबा के थाना अजनर के अंतर्गत ग्राम अकौनी का है.. अकौनी ग्राम निवासी परमलाल राजपूत ने थाना अजनर में शिकायती पत्र सौंप कार्यवाही की मांग की है ।

शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मेरी पत्नी रामरति उम्र 51 वर्ष मेरी बहू सुशीला उम्र 32 वर्ष मेरी नातिन रागिनी उम्र 6 वर्ष यह तीनों लोग खेत से घर की तरफ गांव में आ रहे थे तभी ग्राम कैथोरा निवासी रामकुमार राजपूत उम्र 32 वर्ष सहित दो अज्ञात लोग सहित तीन लोग मोटरसाइकिल पर सवार थे एवं मोटरसाइकिल बहुत तेजी से आ रही थी स्पीड से तीनों लोगों में टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग मौके पर गिर गए वह गंभीर रूप से घायल हो गए आनन फानन में भीड़ इकठ्ठा हुई लोगों ने तीनों को उठाया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर उपचार हेतु लाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा गंभीर हालत देखते हुए रामरति एवं सुशीला को रेफर कर दिया छतरपुर में रामरति की हालत गंभीर देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया झांसी मेडिकल कॉलेज में राम रति ने दम तोड़ दिया. रामरति की मौत होने के कारण पारिवारिक जनों सहित पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है मोटरसाइकिल चालक घायलों को गंभीर अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया है उधर पुलिस ने पंचनामा भरकर का शव का पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार ग्राम अकौनी में हो गया।

पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडेय का कहना है कि अभी प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जल्द ही वैधानिक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

महोबा। जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है जहां एक तरफ प्रशासन द्वारा यातायात माह नवम्बर के दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी तरफ आज एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर खेत से घर जा रहे बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल मामला श्रीनगर थाना व कस्बा क्षेत्र के कानपुर सागर हाईवे स्थित चौराहे के पास का है जहां श्रीनगर कस्बा के दाऊपुरा मोहल्ले के रहने वाले दीनदयाल कुशवाहा का 26 वर्षीय पुत्र मोहन कुशवाहा बाइक में सवार होकर खेत से वापस अपने घर जा रहा था जैसे ही बाइक तिराहे के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार ट्रक में अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि मृतक खेत से कृषि कार्य करने के बाद अपने घर जा रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया।

खबरें एक नजर में

संपूर्ण समाधान दिवस में 60 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायतें, आठ का मौके पर निस्तारण

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़। तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 60 फरियादियों ने अपनी शिकायते दर्ज कराई जिनमें 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, दिवस का संचालन करते हुए उप जिला अधिकारी यादवेंद्र सिंह बैस आये हुए फरियादियों की शिकायत सुनी और उन्हें समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने का आदेश संबंधी विभाग के अधिकारियों को लिया है, तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया कि दिवस में कुल 60 शिकायते आई जिसमें 8 का मौके पर निस्तारण कर दिया राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 31 शिकायते आयी हैं है इसके बाद दूसरे नंबर पर पुलिस विभाग रहा पुलिस की 13, विकास 8 तथा नगर पालिका की 3 शिकायते आयी है बाकी अन्य विभाग की थी।

पालतू भैंसे के हमले से युवक की मौत

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। खेत में चारपाई पर सो रहे किसान की पालतू भैंसा के हमले से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। चिकासी थाने के मंगरौठ गांव निवासी मोतीलाल राजपूत ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब दस बजे उसका सबसे छोटा पुत्र अनिल खेत की रखवाली करने के लिए गया था। वह खेत में चारपाई पर सो रहा था। तभी देर रात जयप्रकाश निवासी घुरौरी का पालतू भैंसा ने सोते समय उसके पुत्र पर हमला कर दिया। बताया कि शनिवार की सुबह करीब छह वह खेत पर गया तो उसका पुत्र खेत की मेढ़ पर मृत पड़ा था। बताया कि शुक्रवार की शाम करीब चार उसका भाई जवाहरलाल खेत में बकरी चरा था। तभी जयप्रकाश के पालतू भैंसा ने उसके भाई के ऊपर भी हमला कर दिया था। उसके भाई ने अमरूद के पेड़ पर चढ़ कर अपनी जान बचाई। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच कराई थी।

करंट लगने से मजदूर झुलसा, अस्पताल में भर्ती

राठ, समृद्धि न्यूज। नहर कोठी के पास काम करते में लोहे की छड़ हाईटेंशन लाइन में टच हो जाने मजदूर करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महोबा जनपद के खरेला थाना अंतर्गत बल्लाएं गांव निवासी वीरपाल ने बताया कि शनिवार की सुबह वह नहर कोठी के पास मजदूरी कर रहा था। तभी छज्जे के लिए वह लोहे की सरिया उठा रहा था कि ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में सरिया टच हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं मकान मालिक सकील मुहम्मद ने बताया कि हाईटेंशन लाइन उनके दरवाजे से ही निकली है। जिससे कई बार हादसा हो गया है। एक तार टूटने से उनकी बाइक जल गई थी। बताया कि उसने विद्युत अधिकारियों को कई बार शिकायत की। नहीं उसमें जाल डला है न ही लाइन दूर हुई है।

मजदूरों को देने वाली लाखों की धनराशि लेकर फरार, पुलिस से शिकायत

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। ईंट भट्ठों में लेवर ले जाने के लिए दिए 7.18 लाख रुपए लेकर मजदूर फरार हो गया है। चिकासी थाने के बंगरा गांव निवासी कालीचरन पुत्र रामलाल ने बताया कि वह ईंट भट्ठों में लेवर ले जाने का काम करता है। वह मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता है। उसने कोतवाली के अकौना गांव निवासी लालसिंह को लेवर को देने के लिए 7.18 लाख रुपए दिए थे। लेकिन लालसिंह ने लेवर को रुपए नहीं दिया और रुपए लेकर फरार हो गया है। बताया कि न ही कोई लेवर ईंट भट्ठों पर पहुंची है। बताया कि उसने उसकी तलाश की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। आरोप लगाया कि उसने कोतवाली में तहरीर दी है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है।

कार खंभे से टकरायी, युवक की मौत

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। शुक्रवार की रात मल्हौवा रोड नहर बाईपास पर एक चार पहिया कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बे निवासी निवासी 22 वर्षीय शिवम प्रजापति मंगलवार की रात अपने दोस्त शिवम सोनी निवासी पठानपुरा की चार पहिया कार से घर जा रहे थे। तभी मल्हौवा रोड पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। इस हादसे में शिवम प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार चला रहे शिवम सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे स्वजन शिवम सोनी को सीधे मेडिकल कालेज उरई ले गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कार से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

साहब घटिया किस्म की पुलिया का कराया जा रहा निर्माण

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

नगर के तहसील परिसर में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आए चार दर्जन से अधिक फरियादी शिकायते दर्ज करवाया। जिसमें कुनेहटा और न्यूरिया के बीच नहर में पुलिया न होने के कारण ग्रामीणों को खेती किसानी करने में भारी सुविधा एवं खंडेह के एक दर्जन ग्रामीणों ने घटिया किस्म की पुलिया निर्माण का मामला जोर पर रहा।

नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर कुल अड़तालीस फरियादी मामले आए जिसमें मात्र पांच शिकायतों का निस्तारण हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। कुनेहटा और न्यूरिया के बीच न में पुलिया न होने के कारण खेती ग्रामीणों ने खेती किसी करने में भारी अशुविधा का सामना होने पर तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए मामले के निस्तारण की मांग की वही खंडेह निवासी एक दर्जन ग्रामीणों ने शिव मंदिर परिसर से लगे सिरसी तालाब में बिना खुदाई कराए घटिया किस्म की पुलिया निर्माण होने की शिकायत दर्ज करवाया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता क्षेत्राधिकारी विनीता सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

गोवर्धन पार्क स्थित श्रीकृष्ण भगवान की प्रतिमा का भव्य अनावरण

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज। मेला प्रांगण में बने गोवर्धन पार्क में आज एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा और उनके प्रतिनिधि रामपाल उर्फ पप्पू कुशवाहा ने विधि-विधान पूजा अर्चना कर श्रीकृष्ण भगवान की प्रतिमा का अनावरण किया। यह कार्यक्रम धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना। गोबर्धन पार्क में बनी भव्य प्रतिमा भगवान कृष्ण अपनी छिंगली में पर्वत उठाएं हुए आकर्षक चित्रण किया गया है ,जिसका विधि विधान से गोबर्धन मन्दिर के मुख्य पुजारी ने पूजा अचर्ना करवाकर शुभावसर में अनावरण कराया गया है ,बताते कि गोवर्धन मेला में जब भगवान 108 मन्दिर मेला में स्थित हैं तभी इस विशाल प्रतिमा का अनावरण बहुत ही सराहनीय रहा है इस अवसर पर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अमरजीत, लेखाकार अय्यूब खान, संजीत कुमार, प्रवीण कुमार सहित सभी सभासद उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंप समस्याओं के निस्तारण की उठाई मांग

▸ **अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में सौंपा ज्ञापन**

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिले में विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई है। जिला स्तरीय समाधान दिवस में दिए ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा है कि अभिलेखागार में उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है जिसके चलते अधिवक्ताओं में आक्रोश है।

दरअसल मामला महोबा सदर तहसील परिसर का है जहां अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंप कर बताया है कि राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट में आर.आर.के ऑफिस से बंदोबस्ती नक्शा व पुष्टिकृत नक्शा तथा आकार पत्र 2ए,आकार पत्र 41,आकार पत्र 45 व राजस्व ग्राम की खतौनियों की नकलें अधिवक्ताओं व कास्तकारों को मिलती थी लेकिन अब नकलें समय से नहीं मिल पाती हैं। बताया कि अर्जेंट सवाल डाला जाता है फिर भी अधिवक्ताओं को नकलें 6 माह में प्राप्त हो रही हैं, जिससे हदबंदी,नक्शा दुरुस्ती सम्बंधित वाद भी समय से दायर नहीं हो पा रहे हैं। हदबंदी व नक्शा दुरुस्ती के वाद में बंदोबस्ती नक्शा संलग्न करना अनिवार्य है, लेकिन काश्तकारों को 6 माह से पूर्व नक्शा की नकल नहीं मिल पाती हैं। जिससे अधिवक्ता और कास्तकारों को मुकदमा दायर करने में तथा न्याय पाने में भी परेशान होना पड़ता है। आर आर के ऑफिस द्वारा नकल बनवाने के लिए अर्जेंट शुल्क लेने के बावजूद भी समय से नकल नहीं दी जा रही हैं,और काश्तकारों को बार-बार राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट आने के लिए समय व आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द समस्या निस्तारण की मांग उठाई है।

डीजल व पेट्रोल की किल्लत

▸ **नो इंट्री के चलते पेट्रोल पंप टैंकरो को नहीं दिया जाता शहर में प्रवेश**

▸ **क्षेत्र में ईंधन की कमी के चलते बोआई बाधित**

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

जिला मुख्यालय में नो एंट्री के चलते हमीरपुर कालपी हाइवे में बने पेट्रोल पम्प संचालक परेशान है। ट्रैफिक विभाग द्वारा अब पेट्रोल टैंक वाहनों को मुख्यालय में ही खड़ा करवा लिया जा रहा है। जबकि पम्प संचालको का कहना है कि डीजल पेट्रोल आदि के टैंकर आवश्यक सेवाओ में आते है।

हमीरपुर से कुरारा बिकास खंड में कुल 8 पेट्रोल पंप डीजल पेट्रोल की सप्लाई के लिए संचालित है। जिनमे दो पम्प झलोखर पतारा के बीच मे तीन पम्प कस्बा कुरारा में वही दो पम्प मनकी रोड़ में तथा एक पम्प रघवा गांव के करीब स्थापित है। पम्प संचालक देवांश सरोज व रोहित आदि ने बताया कि हम लोगो के टैंकर जिनसे कंपनी हमे डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति करती है वो सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक ही चलते है।

जिला मुख्यालय में सुबह छह से रात 11 बजे तक नो एंट्री लगाई गई है जिसके चलते हमारे डीजल व पेट्रोल के टैंकर पम्पो तक नही पहुच पा रहे है। जबकि अभी तक नो एंट्री सुबह 6 से रात 9 बजे तक होती थी जिससे एक घंटे में टैंकर पम्प तक पहुच जाते थे। अब बनायी गई नो एंट्री से समस्या हो रही है। वही मौजूदा समय मे किसानों के जुताई व बुआई का समय चल रहा है। पम्पो में समय से डीजल व पेट्रोल न पहुचने पर किसानों सहित आमजन मानस को समस्या हो रही है।

पम्प संचालको ने बताया कि टैंकर आदि आवश्यक सेवाओ में आते है इन्हें नो एंट्री में शामिल न किया जाए। वही इस संबंध में ट्रैफिक इंचार्ज हरवेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व में जब सुबह 6 से रात 9 बजे तक नो एंट्री थी तो टैंकर आदि को नही रोका जाता था जब से जिला मुख्यालय में पीडब्ल्यूडी के सामने एक्सीडेंट हुआ तब से इन्हें भी रोकने के आदेश है।

झांसी अग्निकांड में मरने वालो में दो नवजात हमीरपुर के

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कालेज में लगी भीषण आग से राठ कस्बे के दो नवजात शिशुओं की मौत हो गई है। जैसे ही स्वजनों को घटना की जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया है। स्वजनों ने शनिवार देर रात नवजात शिशुओं का का शव दफन कर दिया है। मौके पर पहुंचे एडीएम विजय शंकर तिवारी व एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई सरकारी मेडिकल कालेज में आक्सीजन कंसंट्रेटर स्पार्किंग के चलते आग लग गई थी। आग लगने से पूरे वार्ड में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में राठ कस्बे के सिकंदरपुरा दाता गढ़ी निवासी याकूब की पत्नी नाजमा को हुई जुड़वां बच्चियों की मौत हो गई। नाजमा की सास ने बताया कि विलकिश ने बताया कि आठ नवंबर को उसकी बहू नाजमा को प्रसव पीड़ा हुई तो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। उरई से रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। जहां नजमा बानो ने 9 नवंबर की शाम बच्चियों को जन्म दिया। जिनका उपचार चल रहा था। शुक्रवार की 11 बजे आग लगने से आग लग गई। जिससे दोनों बच्चियों की मौत हो गई है। वहीं मौजूद बच्चियों के पिता ने बताया कि उसने ही तीन बच्चों की जान बचाई है।

मिला है हुस्न तो इसकी हिफाजत कर, संभल कर चल तुझे सारा जमाना देखता है : शकील आजमी

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

▸ **मनिका दुबे की कबिता पर श्रोताओं ने देर तक पीटी तालियां**

शुक्रवार को मौलाना डेश के मौके पर कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज प्रांगण में एक शाम मौलाना सलीम जाफरी साहब के नाम अखिल भारतीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। जिसमें देश के नामचीन शायरो ने मुशायरे में अपनी शायरी एवं कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और जमकर वाहवाही बटोरी।

रहमानिया इंटर कालेज के संस्थापक एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद् व समाज सुधारक मौलाना मोहम्मद सलीम जाफरी साहब की पुण्यतिथि के मौके पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को 15 नवंबर को आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के प्रसिद्ध कवियों व शायरों ने शुक्रवार 15 नवंबर की रात रहमानिया इंटर कालेज प्रांगण में अपनी शायरी व कविताओं के माध्यम से महबूब की जुल्फों की लबो रुखसार से लेकर सियासत की गंदी नुमाइंदगी करने तथा मां के आंचल से जुड़ी शायरी पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। आयोजित मुशायरे में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी कमरूद्दीन जुगनू एवं विशिष्ट अतिथि तुफैल खान का कमेटी द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मशहूर शायर शकील आज़मी मुम्बई ने कहा कि परो को खोल जमाना उड़ान देखता है जमीं पर बैठ के क्या आसमान देखता है। मिला है हुस्न तो इसकी हिफाजत कर संभल कर चल तुझे सारा जमाना देखता है, अज्म शाकरी एटा ने पढ़ा कि लाखों सदमे ढेरों गम फिर भी नहीं हैं आंखें नम . एक मुद्दत से रोए नहीं क्या पत्थर के हो गए हम। पूरी दुनिया में कविता के माध्यम से वाहवाही लूटने वाली शायरा मनिका दुबे जबलपुरी ने दुनिया की आधी आबादी की तर्जुमानी करते हुए पढ़ा कि शहर के शोर में वीरानियां है यहां तुम हो मगर तन्हाइयां हैं। वहीं पे बैठ कर अरसां गुजारूं . जहां तेरी मेरी परछाइयां है। इसी तरह अल्ताफ ज़िया, मीसम गोपालपुरी ने भी अपने शेरों शायरी से लोगों को वाह.वाह करने पर मजबूर किया। हास्य और व्यंग्य के शायर जहाज देवबंदी ने लोगों को हंसाने के लिए अपने अंदाज में शायरी पेश की। वहीं काविश रूदौलवी अबुजर नावेद देहलवी व नाजिम मुशायरा नदीम फर्रूख के साथ मुकामी शायर मसीह निजामी ने भी अपनी अपनी शायरी प्रस्तुत की। मुशायरे की सरपरस्ती अब्दुल रहमान चुन्ना दरोगा जी ने की। आयोजित मुशायरे के कनवीनर निज़ामुद्दीन पावर सदर अरशद रहमान व मैनेजर अनीस अहमद के साथ समस्त कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

दस साल व्यतीत होने के बाद भी नलकूप नहीं कराया गया रिबोर, किसान परेशान

कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

विकास खंड क्षेत्र के पतारा डांडा मौजा में लगा नलकूप दस वर्ष से फेल खड़ा हुआ है। विभाग द्वारा आज तक इसका रिबोर नही कराया गया है। जिससे यह शो पीस बनकर रह गया है। किसानो

को खेत में सिंचाई के पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग निजी नलकूप से महंगीदर पानी खरीद कर सिंचाई करने को मजबूर हो रहे है।क्षेत्र के पतारा डांडा में राजकीय नलकूप संख्या 57 एच जी स्थित है। इस नलकूप से पतारा व झलोखर गांव के किसानो के खेत में सिंचाई का कार्य किया जाता था।लेकिन विगत दस वर्ष से यह नलकूप विभाग द्वारा फेल घोषित कर दिया गया है। तथा इसके स्थान पर आज तक विभाग द्वारा रिबोर की प्रक्रिया नहीं कीगई है। जिससे किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस नलकूप क्षेत्र के किसान रामसेवकए दीपक कुमार हरगोविंद धर्मेंद्र सिंह शीतल अखिलेश सिंह गौर आदि ने बताया कि इस नलकूप के रिबोर के लिए नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता सहित जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत की है। लेकिन अभी तक इस कोई कार्यवाही नही की गई है। इस से किसानो को सिंचाई के लिए निजी नलकूप वाले किसानो से पानी महंगी दर पर लेकर खेतो की सिंचाई करनी पड़ रही है। नलकूप क्षेत्र के किसानो ने रिबोर कराए जाने की मांग की है।

आरबीपीएस स्पोर्ट्स वीक का रंगारंग समापन, देव सोनकिया व आराध्या बने फर्राटा चैंपियन

कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।

नगर के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में बालदिवस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 100 मीटर की फर्राटा दौड के बालक वर्ग में देव सोनकिया व बालिका वर्ग में आराध्या राजपूत फर्राटा चैंपियन बनी। जबकि बास्केटबॉल एवं सेपकटॉकरा खेलों में सागर व सृष्टि हाउस का दबदबा रहा। 100 मीटर फर्राटा रेस का बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला कक्षा 10 के धावक देव सोनकिया , कक्षा 9 के राजेश एवं कक्षा 11 के शिवम बाल्मीकि व कक्षा 12 के विनय एवं बालिका वर्ग में आराध्या राजपूत तथा कक्षा 12 से प्रीति ने कक्षा 10 से नित्या गोयल ने फाइनल में जगह बनाई। जिसमें देव सोनकिया व आराध्या राजपूत ने साथी धावकों को पछाडते हुए चैम्पियनशिप जीत ली।

प्राइमरी वर्ग में कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए कुर्सी दौड़ आयोजित हुई जिसमें कक्षा 1 से बालक वर्ग में गर्वित अग्रवाल एवं बालिका वर्ग में अमृता ने सबको धूल चटाई तो वहीं कक्षा 2 से बालक वर्ग में समर्थ ठाकुर एवं बालिका वर्ग में दिव्यांशी अव्वल रहीं।

▸ **गर्वित अग्रवाल व समर्थ एवं अमृता व दिव्यांशी ने कुर्सी दौड़ में बिखेरा जलवा**

▸ **बास्केटबॉल में सागर व सृष्टि हाउस का रहा दबदबा**

इंटरहाउस सेपक टाकरा खेल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से सृष्टि हाउस की टीम ने सागर हाउस को 2-0 पराजित कर सूपड़ा साफ किया तो वहीं बालिका वर्ग में पृथ्वी हाउस की टीम ने सागर हाउस की टीम को 2-0 से करारी मात दी। सेपक टाकरा संघ के जिलाध्यक्ष एवं विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार अग्रवाल के अनुसार खिलाड़ियों ने वाकई लाजबाव खेला है। बास्केट बॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से सृष्टि हाउस की टीम ने सागर हाउस की टीम की 8-1 से पराजित कर एकतरफा मुकाबला जीता तो दूसरी ओर बालिका वर

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दाम्पत्य बन्धन में बंधे 116 जोड़े

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बेहटा स्थित बाबा टीकाराम धाम में समाज कल्याण विभाग द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें पंजीकृत 138 जोड़ों में से 116 जोड़ों का विवाह विधि विधान एवं धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार गायत्री परिवार द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान आधार कार्ड में उम्र बढ़वाकर शादी के लिए पंजीकरण कराने वाले एक नाबालिग जोड़े को चाइल्ड लाइन की टीम ने विवाह से रोक दिया गया।

मंत्रोच्चारण के बीच विवाह की रस्म पूरी होने के बाद वर वधू को आशीर्वाद देकर उनकी विदाई की गई।शनिवार को संपन्न हुए विवाह समारोह में योजना के तहत सभी नव विवाहित जोड़ों को घर व गृहस्थी का सामान उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक दिनेश रावत के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी ने नव विवाहित जोड़ों के सुखमय भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विकासखंड हैदरगढ़ के 30 त्रिवेदीगंज के 66 एवं सिद्धौर विकासखंड के 42 जोड़ों ने विवाह के लिए पंजीकरण कराया था परंतु शनिवार को संपन्न हुए इस विवाह समारोह में हैदरगढ़ के तीन त्रिवेदीगंज के 15 और सिद्धौर के चार जोड़े विवाह के लिए नहीं पहुंचे। जिससे कुल 116 जोड़ों के विवाह ही मौके पर संपन्न हो सके। सूत्र बताते हैं कि सिद्दौर विकासखंड से आए एक नाबालिग जोड़े की जानकारी चाइल्ड लाइन 1098 की टीम को मिली जिससे टीम ने प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से नाबालिग जोड़े को विवाह से वंचित कर दिया गया। संतोष मिश्रा के संचालन में संपन्न हुए समारोह में विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष के अलावा जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण दिवाकर यादव हैदरगढ़, नागेंद्र सिंह त्रिवेदीगंज, धर्मेंद्र कुमार सिद्धौर, प्रधान प्रतिनिधि रामकिशोर मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष कुमार, सचिव पवन कुमार, अखिलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने की सम्पूर्ण समाधान दिवस में पम्प नहरों में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र लेकर तहसील क्षेत्र में संचालित पंप नहरों में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने की मांग की है। दिए गए।

प्रार्थना पत्र में पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह ने बताया है कि दुनौली पंप नहर पर किसानों को सिंचाई की सुविधा हेतु नालियों का निर्माण कराया गया था।

परंतु घटिया मसाला एवं पीली ईंट से बनी नालियां 6 महीने में ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है और मोटर पंप से नहर तक लगी लोहिया पाइप कागजों पर तो नई लगा दी गई परंतु मौके पर पुरानी पाइप को ही रिपेयर कर दिया गया है। नहर परियोजना द्वारा स्वीकृत धन को विभागीय अधिकारियों द्वारा लखनऊ में ही बैठकर फर्जी तरीके से भुगतान करके भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। प्रार्थना पत्र को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने जेई को 15 दिनों के भीतर इस मामले के निस्तारण का आदेश दिया है।

विद्युत फीडर का शार्ट सर्किट के कारण जला इनवर्टर तीन घंटे बिजली रही गुल

मसौली बाराबंकी। उपकेन्द्र मसौली में फीडर में शॉर्ट सर्किट के कारण इनवर्टर जल जाने से उपकेंद्र के सभी फीडरो की बिजली सप्लाई तीन घण्टे बाधित रही। 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र मसौली में शनिवार को दिन में करीब 12 बजे आचनक जय मां अम्बे फीडर में शॉर्ट सर्किट के कारण इनवर्टर जल गया जिसक कारण डीसी सप्लाई फेल हो गई थी।जिस कारण पांचों फीडर की बिजली सप्लाई तीन घण्टे के लिए बन्द हो गई थी। अधिकारियों की मौजूदगी में कर्मचारीयों ने मरम्मत कार्य शुरू हुआ। शाम को चार बजे के बाद बिजली सप्लाई शुरू हो सकी।तब जाकर अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। उपकेन्द्र मसौली के पांच फीडर के करीब 250 गांव की बिजली तीन घण्टे सप्लाई बाधित रही। मसौली, बड़ागांव,गुरेला, करपिया, देवकलिया, कपरियनपुरवा,ज्योरी, बांसा, जकरिया, धरौली,मुजापुर, रहरामऊ, टेरा सानी, रामपुर, सआदतगंज सहित गांव के लोगों को दिक्कत रही।

सहजनवा बाजार में गली से अवैध कब्जे को पुलिस ने हटवाया

सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।



▸ 4 नवम्बर को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में आवेदन करके पुस्तैनी गली खुलवाने की लगायी हैं गुहार

नगर पंचायत केशवपुर वार्ड नंबर 8 के रहने वाले पुरुषोत्तम अग्रवाल का पुश्तैनी मकान है। उनके बगल का मकान अनिल कुमार गुप्ता ने खरीद लिया है। दोनों के बीच मध्य गली है। उसी पुश्तैनी गली को कब्ज़ा करने से मना करने को लेकर 24/2/2021 को अनिल गुप्ता वगैरह ने आवेदक के परिवार को मारा पिटा था जिसका मुकदमा भी सहजनवा थाने मे पजीकृत हैं।

तब प्रार्थी मुख्यमंत्री के जनता दरबार मे गया तो पुस्तैनी गली कब्ज़ा मुक्त हो गयी थी। उस पुस्तैनी गली को अनिल गुप्ता फिर कब्जा करना चाहते हैं जबकि वह गली लगभग 90 साल पुरानी है अभी फिर कुछ महीने पूर्व उसे गली में उसने ताला बंद कर दिया है। जिससे इनको साफ सफाई करने में काफी कठिनाई होती है प्रार्थी ने 25.7.2024 को सहजनवा एस डी एम को एक आवेदन दीया था की गली मे जबरिया बंद किया गया ताला खुलवा दिया जाए। उन्होंने आदेश किया कि नायब तहसीलदार मौके पर जाकर निस्तारण करें। फिर उसने थाना दिवस में 26.9.2024 को आवेदन दिया पर कोई गया नहीं।फिर उसने 4 नवम्बर को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में आवेदन करके पुस्तैनी गली खुलवाने की गुहार लगायी हैं।

तब यह आदेश हुआ। उसी आदेश के क्रम मे आज राजस्व एवं पुलिस क़ी टीम मौके पर जा कर राजस्व टीम मे नाएब तहसीलदार भानु सिंह व हल्का लेखपाल रत्नेश मणि एवं पुलिस के साथ मौके पर जाकर अवैध कब्ज़ा हटवाया।

अधेड़ ने की दूसरी शादी पहली बीबी के बच्चों को भगाया

जैदपुर बाराबंकी। जुल्मी पति ने बीस वर्ष के बाद नयी शादी रचाकर पहली पत्नी व बच्चो को मार पीट कर भगाया। पीड़ित महिला ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुये उक्त आरोप लगाये है। जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अहमदपुर थाना जैदपुर निवासी सबीना पत्नी सुहेल ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि उनका निकाह करीब 20 साल पहले मो सुहेल पुत्र मो मोबीन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। पीड़िता का पति सुहेल अरविया नाम की एक लड़की के साथ काफी समय से नाजायज सम्बन्ध थे जानकारी हुई कि उसने निकाह कर लिया है। 19 अक्टूबर को अरबिया पुत्री मो नफीस निवासिनी अहमदपुर को घर पर ले आया और पीडिता का पति मो सुहेल सास राशिदा,ननद शहरबानो व देवर मो सुरेब व नन्दोई मो गुफरान व मो हसनैन आदि ने गाली गलौज करने हुए लाठी डन्डो से मारा पीटा एव धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया।

206 शिकायतों में मात्र कुछ का मौके पर हुआ निस्तारण

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह न्यू फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान फरियादियों की लगी लंबी कतारें लगी रही। क्षेत्र से कुल 206 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 132 शिकायतें राजस्व विभाग, उसके बाद 22 शिकायतें पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों की शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान कुछ शिकायतो का तत्काल निस्तारण कराया गया। तो वही अन्य शिकायतों पर जिलाधिकारी ने टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए । इसके साथ ही समाधान दिवस में कुछ अधिकारी व कर्मचारी मोबाइल पर भी व्यस्त दिखाई दिए।

थाना सुबेहा के रामकिशोर रावत ने डीएम को बताया कि मौजा इस्लामपुर स्थित उसकी बैनामा की भूमि गाटा संख्या 669 व 667 पर दूसरे सम्प्रदाय के दबंगो ने अवैध कब्जा कर लिया है।बताया कि कोरोना काल में उसे फालिस अटैक पड़ा।इलाज कराने वह दिल्ली चला गया।इसी दौरान दबंगों ने उसकी दूकान व मकान पर भी कब्जा कर लिया है।पीड़ित व उसके परिवार को भी दबंगों से जान का खतरा है।डीएम ने एसडीएमको पीड़ित की भूमि पर अवैध कब्जा हटाकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराये जाने के आदेश दिए।इसी क्रम में सेंगौरा सैदखान के विकलांग यार मोहम्मद ने डीएम को बताया कि मकान का विद्युत कनेक्शन उसके पिता के नाम है।उसके नाम कोई कनेक्शन नहीं है।फिर भी पिता व उसके नाम अलग अलग बिजली बिल आ रहा है।डीएम ने विद्युत अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। हैदरगढ़ कोतवाली के एक गांव की महिला ने पुलिस कप्तान से अपने जेठ की अश्लील हरकतों से निजात दिलाने की मांग की।एसपी ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है।थाना लोनीकटरा की एक महिला की फरियाद पर एसपी ने आरोपी के विरुद्ध दुराचार का मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है।अधिवक्ता जगदीश शर्मा ने तहसील क्षेत्र के एक सौ से अधिक गांव के नक्शे न होने की शिकायत की।वहीं बार अध्यक्ष राम प्रताप सिंह की अगुवाई में वकीलों का प्रतिनिधि मंडल डीएम से मिला।बताया कि राजस्व संहिता की धारा 80 व 38 आदि में तहसील के अधिकारी उदासीनता दिखाते हैं।जिससे पट्टेदारों को संक्रमणीय भूमिधर होने का अधिकार नहीं मिल रहा है।डीएम ने एसडीएम को वकीलों की समस्या का समाधान का आदेश दिया।

खबरें एक नजर में

सिपाहियों के साथ मारपीट करने वाले तीन गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना टिकैतनगर क्षेत्रान्तर्गत पिता के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट की सूचना पर पहुंचे पीआरवी कर्मियों के साथ अभद्रता करने वाले 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को थाना टिकैतनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पडरावा में पिता पुत्र के मध्य विवाद हो रहा था जिसकी सूचना पर पीआरवी 5495 मौके पर पहुंची तो देखा विपक्षी उग्र होकर गाली गलौज कर रहा था।जिसे पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किया जा रहा था कि इसी बीच प्रदीप, रंजीत व नान पुत्रगण साकीशरन वर्मा द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता की गयी।उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना टिकैतनगर पुलिस द्वारा मुअसं 496/24 धारा 115 (2)/ 121(1)(2)/352/309(4) बीएनएस बनाम प्रदीप, रंजीत,नान उपरोक्त पंजीकृत कर तीनो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

रोजगार का महत्वपूर्ण अंग है व्यावसायिक शिक्षा

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा में समग्र शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित केंद्र पुरोनिधानित रिवाइज्ड व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत कार्यदायी संस्था ए आईं एस इ सी टी द्वारा विद्यालय में संचालित ट्रेड - एग्रीकल्चर (डेरी वर्कर) में नामांकित कक्षा - 09 के 42 छात्र-छात्राओं को गेस्ट लेक्चरर अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा अतिथि व्याख्यान संबोधित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद पाण्डेय, कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार यादव प्रवक्ता अजीत बाजपेई, वोकेशनल ट्रेनर ऋषभ मौर्य उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से बच्चों का मनोबल और उत्साह बढ़ता है कोऑर्डिनेटर ने इंडस्ट्रियल विजिट करने का आश्वासन दिया। व्याख्यान का विषय आमतौर पर पाठ्यक्रम के सीखने के लक्ष्यों और सामग्री के लिए प्रासंगिक होता है।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध सवारी की मौत, मुकदमा दर्ज

कालपी,जालौन। बीते सप्ताह जोल्हूपुर मोड़ में टैम्पो यात्री की मौत के मामले को लेकर मृतक के पुत्र की ओर से कालपी कोतवाली में चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले की विवेचना उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह के द्वारा की जा रही है। उक्त प्रकरण को लेकर वादी मोनू कुमार निवासी ग्राम छोटी मड़ैया थाना सिरसा कलार ने मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि 11 नवंबर 2024 को प्रार्थी के पिता प्रेम सिंह पुत्र राजाराम कालपी से टैम्पो नम्बर यूपी 92 बीटी 0227 में बैठकर गांव बापिस लौट रहे थे। चालक के द्वारा गाड़ी को तेजी व लापरवाही से चलाया जा रहा था। सवारियों ने गाड़ी को धीमी गति से चलाने को कहा लेकिन ड्राइवर ने अनसुनी कर दी। जोल्हूपुर मोड़ में चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुये आगे खड़े अज्ञात ट्रक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टैम्पो का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया तथा प्रार्थी के पिता प्रेम सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में पहुंचाया। इसी दौरान चिकित्सालय में प्रार्थी के पिता की मृत्यु हो गई।

अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने में न बरतें लापरवाही

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनते डीएम व एसपी।

मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए शिकायतों का समाधान करना न केवल प्रशासन की जिम्मेदारी है, बल्कि यह शासन की मंशा भी है। संपूर्ण समाधान दिवस में आई सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि मिले। यह निर्देश डीएम राजेश पांडेय ने तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधीनस्थों को दिए।

डीएम राजेश पांडेय की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए शिकायत निस्तारण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ताओं को न्याय मिले। शासन द्वारा समस्याओं के निस्तारण के लिए जो समय सीमा निर्धारित की गई है, उसका पालन अनिवार्य है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि समाधान का हर कदम पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण हो। संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 39 फरियादियों ने ही शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर डीएम राजेश पांडेय ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह खाद की दुकानों का निरीक्षण करें और भंडारण व वितरण विवरण भी चेक करें। यदि कोई लापरवाही मिलती है तो कार्रवाई की जाए। इस मौके पर एसडीएम विनय कुमार मौर्य, एसडीएम न्यायिक विशेश्वर कुमार, सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, डॉ. केडी गुप्ता, ईओ सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

डीएम से विद्युत पोल लगवाने की मांग

जालौन। मोहल्ला रापटगंज निवासी विमला देवी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि छह वर्ष पूर्व घरेलू बिजली संयोजन लेने के बाद भी 70 मीटर दूर पोल से बिजली लानी पड़ रही है। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। वह पूर्व में दो बार शिकायत कर चुकी है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं। पीड़िता ने डीएम से एक पोल लगवाए जाने की मांग की है।

81 शिकायतों में से एक का मौके पर हुआ निस्तारण

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर,समझ कर सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही एकीकृत प्रयास कर निस्तारण के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाय। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता हृदयराम पुत्र माता प्रसाद,ग्राम मेंदनीपुर विकासखण्ड मयाबाजार द्वारा चकमार्ग पर अवैध कब्जा की शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने बीडीओ मय पुलिस प्रशासन के साथ अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिये व शिकायतकर्ता राम दयाल यादव ग्राम राजेपुर (मूड़ाडीहा) विकासखण्ड पूरा द्वारा बैनामा शुद्ध भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को समुचित रूप से जांचकर आख्या प्रस्तुत करने को कहा।एक अन्य शिकायतकर्ता परवेज अहमद पुत्र स्व मो. सईद नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा अवैध निर्माण के सम्बंध में शिकायत की गयी,जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य राजस्व अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी,तहसीलदार, व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इटावा सहोदय फुटबाल टूर्नामेंट में सेंटमेरी बनी विजेता

इटावा, समृद्धि न्यूज।

सेंटमेरी इण्टर कालेज के विशाल खेल मैदान में दो दिवसीय इटावा सहोदय टूर्नामेंट 2024-25 के दूसरे दिन शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में सुदिती ग्लोबल एकेडमी के 4 गोल के मुकाबले सेंट पीटर्स स्कूल ने 2 गोल किए,इस तरह सुदिती ग्लोबल ने मैच जीतकर फाइनल का स्थान पक्का किया।

आज के दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान सेंटमेरी इंटर कालेज और संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के बीच में हुए मैच में सेंटमेरी इंटर कालेज की टीम 7-4 से मैच जीतकर फाइनल में पहुंची। इटावा सहोदय फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सेंटमेरी इंटर कालेज और सुदिती ग्लोबल एकेडमी के बीच हुआ जिसमें सेंटमेरी इंटर कालेज की टीम ने सुदिती ग्लोबल एकेडमी इटावा की टीम को 3-1 से हराकर इटावा सहोदय फुटबाल टूर्नामेंट की ट्राफी पर कब्जा किया। इस प्रकार सेंटमेरी की टीम विजेता और सुदिती ग्लोबल एकेडमी इटावा की टीम उपविजेता बनी। तीसरे और चौथे स्थान के लिए सेंट पीटर्स स्कूल और सेंट विवेकानंद के बीच खेले गए मैच में सेंट पीटर्स 1-0 से जीत कर तीसरे स्थान पर रही। दो दिवसीय इटावा सहोदय फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन शुरू हुए मैच की शुरुआत पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल डॉ.कैलाश यादव, रॉयल ऑक्सफोर्ड स्कूल के प्रिंसिपल मनोज एम.एस., सेंटमेरी इंटर कालेज के प्रिंसिपल फादर डा.शिजू जॉर्ज,सेंट वीएन सी.सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल डॉ.आनन्द मुनि ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

विद्युत विजलेंस टीम बताकर आटा चक्की संचालक से 50 हजार की ठगी

जालौन,उरई। बिजली विभाग की विजिलेंस टीम के सदस्य बताकर आटा चक्की संचालक से 50 हजार रुपये लेने और रसीद अब तक न देने की शिकायत पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर की है। पीड़ित ने मामले की जांच कराने की मांग की है। सींगपुरा निवासी सरमन सिंह ने बताया कि उन्होंने अक्टूबर 2022 में आटा चक्की चलाने के लिए बिजली विभाग से कनेक्शन लिया था। करीब आठ माह पूर्व कुछ लोग उसके यहां आए और स्वयं को बिजली विभाग की विजिलेंस टीम का सदस्य बताकर कहा कि उसका कनेक्शन अवैध उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। काफी समझाने बुझाने और कनेक्शन की रशीद दिखाने पर वह 50 हजार रुपये यह कहकर ले गए कि उसका बिल देखकर समायोजन कर दिया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत हरकमपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 16/11/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरकमपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 17/11/2024 से 23/11/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23/11/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	गुल्लू के घर से बालक राम के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य	3.91 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (मीनू शर्मा) ग्रा0पं0 हरकमपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (रामवीर शाक्य)

हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

वाराणसी, समृद्धि न्यूज।

▸ कार्यक्रम में 14 से 17 वर्ष की आयु के 300 छात्रों का किया गया फिटनेस परीक्षण

हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, वाराणसी के फिजियोथेरेपी विभाग ने 11 नवंबर 2024 को सन्त अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल, कोइराजपुर में खेल-कूद से जुड़ी फिटनेस स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिला स्तरीय किशोर खिलाड़ियों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को खेल के दौरान चोटों की रोकथाम और उपचार में फिजियोथेरेपी की भूमिका के बारे में जागरूक करना, खिलाड़ियों की फिटनेस का मूल्यांकन करना और आहार के महत्व को समझाना था। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) पारुल आर. अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें डॉ. अभिषेक कुमार संडिल्य, डॉ. अनुराग निगम, डाइटिशियन मिस अनुराधा, इंटर्न मधु उपाध्याय और बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी की छात्राओं बर्खा, ऋषिता, हर्षिता और शिखा ने सहयोग किया। स्कूल की प्राचार्या डॉ. नीलम सिंह और खेल शिक्षक श्री के. एन. सिंह एवं श्री अखिलेश ने कार्यक्रम में भाग लिया। स्कूल प्रबंधन ने इस प्रयास की सराहना करते हुए डॉ. पारुल आर. अग्रवाल और अन्य फैकल्टी सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों और शिक्षकों को खेल चोटों और फिजियोथेरेपी की भूमिका पर जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि चोट के बाद फिजियोथेरेपी कैसे खेल में वापसी में मदद करती है। साथ ही, खिलाड़ियों को आहार और फिटनेस के बीच संबंध समझाया गया। कार्यक्रम में 14 से 17 वर्ष की आयु के 300 छात्रों का फिटनेस परीक्षण किया गया और उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह कार्यक्रम खिलाड़ियों और शिक्षकों को फिजियोथेरेपी और आहार के महत्व को समझाने में सफल रहा और भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रमों की मांग की गई।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

अयोध्या। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दिनांक 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।इसमें पारिवारिक मामलों को अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के प्रयोजन से तथा पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता सम्पन्न कराने हेतु निम्नलिखित तिथियों पर परिवार न्यायालय प्रांगण में अपरान्ह तीन बजे,प्री ट्रायल बैठक निम्न तिथियों में आयोजित की जानी है जिसमें 18 नवम्बर सोमवार, 22 नवम्बर शुक्रवार,27 नवम्बर बुधवार, 30 नवम्बर शनिवार,03 दिसम्बर मंगलवार तथा 06 दिसम्बर शुक्रवार को पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता सम्पन्न करायी जायेगी। उक्त जानकारी प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अयोध्या ने दी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत परेली विकास खण्ड कुम्भी गोला खीरी

पत्रांक / टेन्डर/ ग्रा.पं.-परेली/2024-25 दिनांक-16.11.2024

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत परेली में निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री (ईंट, रोड़ा, इण्टरलॉक बालू, मौरंग, गिट्टी, सीमेन्ट आदि) की आवश्यकता है इच्छुक फर्म दिनांक 17.11.2024 से 25.11.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय 11:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। दिनांक 25.11.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत परेली में समिति के समक्ष खोला जायेगा टेण्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ ग्राम पंचायत विकास अधिकारी परेली से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	स्वीकृति लागत	स्वीकृति धनराशि
1.	विनोद के मकान से जितेन्द्र के मकान तक इंटरलॉक व नाली निर्माण कार्य	100 मी.	531684.00
2.	अरूण कुमार के घर से मुनीश सेठ के मकान तक इंटरलॉक व नाली निर्माण कार्य	155 मी.	836062.00
3.	आलोक के मकान से रामचन्द्र गौतम के मकान तक इंटरलॉक व नाली निर्माण कार्य	170 मी.	957550.00

बालगोविन्द
प्रधान
ग्राम पंचायत, परेली
वि.ख. कुम्भी गोला, खीरी।

अनुज वर्मा
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, परेली
वि.ख. कुम्भी गोला, खीरी।

कर्मचारी की मौत पर परिजनों ने काटा हंगामा

सड़क हादसे में हुई मौत पर मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन

छिबरामऊ सौरिख कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में कर्मचारी की मौत पर परिजनों ने शनिवार को आरजीबीईएल कार्यालय के सामने शव रखकर 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की लगभग 3 घंटे चली कंपनी के अधिकारियों से वार्ता के बाद परिजनों की मांग पूरी होने पर परिजनों ने शव को उठाने दिया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। क्षेत्र के नगला वीरभान गांव निवासी धर्मेंद्र दुबे उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र अवधेश दुबे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की कार्य दाई संस्था आरजीबीईएल में सुपरवाइजर के पद पर 2010 से कार्य कर रहे थे 15 नवंबर को समय लगभग 12:00 बजे एक्सप्रेसवे किलोमीटर संख्या 154 पर पौधों की गिनती को करवा रहे थे तभी आगरा की तरफ से आ रही बाइक चालक अरुण कुमार पुत्र गोरख लाल निवासी चैनपुर शिवान बिहार ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे धर्मेंद्र दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम ने एंबुलेंस की सहायता से सैफई मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां उपचार के दौरान कर्मचारी की मौत हो गई थी पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिजनों ने शव को आरजीबीईएल कार्यालय के सामने रखकर हंगामा काटा और 50 लाख रुपए की मांग की हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया दिया वहीं कार्य दाई संस्था के अधिकारियों से वार्ता के बाद अधिकारियों ने 5 लाख रुपए पत्नी सुधा देवी को देने के लिए कहा और वही परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी जिसमें उसे हर महीने जब तक यह कम्पनी कार्य करेगी जब तक सैलरी के रूप में 15 हजार रुपए दिए जाएंगे।

मृतक की पत्नी ने कंपनी पर लगाया आरोप

मृतक धर्मेंद्र की पत्नी सुधा देवी ने बताया की हादसा होने के बाद भी कर्मचारियों ने हम लोगों को सूचना नहीं दी लगभग हादसे के 2 घंटे बाद परिजनों को सूचना दी गई उसके बाद परिजन सैफई मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां हमारे पति की मृत्यु हो चुकी थी पत्नी ने बताया कि जब से लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे का कार्य शुरू हुआ था। तब से ही हमारे पति इसमें काम करना शुरू किया था आज वह सुपरवाइजर के पद पर इस संस्था में कार्य कर रहे थे।

चरम सीमा पर चल रहा अवैध कच्ची शराब का कारोबार

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कस्बा चौकी के चंद कदमों के नीचे बनी काशीराम कॉलोनी में चल रहा कारोबार

शहर के ग्रामीण इलाकों सहित कच्ची शराब का कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है जिसमें स्थानीय पुलिस की मिली भगत से शहर की काशीराम कॉलोनी न 34 के पास बनी किनारे काशीराम कॉलोनी में कच्ची शराब का कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है।

जिसको लेकर नौजवान बर्बादी के लक्षण पर उतर गया है जिसमें गरीब परिवार के लोग परिवार में आए दिन शराब को लेकर क्लेश पड़ा रहता है कुछ दिन पहले ही परिवार में बच्चों के साथ झगड़ा प्रसाद हुआ उसके बाद युवकने कच्ची शराब पीकर फांसी के फंदा लगाकर अपनी जान दे दी शहर में काशीराम कॉलोनी में आधा दर्जन शाहित कच्ची शराब का कारोबार कर रहे हैं जिसमें शहर की नौजवान युवा कच्ची शराब का शिकार बनते चले जा रहे हैं और कोतवाली के चन्द कदम दूरी पर अवैध कच्ची शराब का कारोबार चरम सीमा पर चलता है जिसको लेकर आए दिन पुलिस फॉर्मेलिटी करके कुछ कच्ची शराब पड़कर नष्ट कर देते हैं और कुछ को जेल भेज देते हैं।

कस्बा चौकी के चंद कदमों की दूरी पर काशीराम कॉलोनी बनी हुई है जिसको लेकर आए दिन कच्ची शराब जुआ सट्टा आदि अबैध कारोबार चल रहे हैं कस्बा चौकी में तैनात कुछ सिपाही काशीराम कॉलोनी में जाकर कच्ची शराब का महीना बंदी वसूली करते हैं।

जन चर्चा है कि काशीराम कॉलोनी की अवैध शराब कभी बंद नहीं हो सकती क्योंकि वहां पर आए दिन सिपाही जैसे लोग आते हैं और अपना महीना हफ्ता वसूली कर ले जाते हैं काशीराम कॉलोनी की अवैध शराब कभी नहीं बंद हो सकती लोगों का ऐसा कहना है बाहबलपुर मैं कच्ची शराब का कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है जिसको लेकर आए दिन शराब बनाने का भट्टी भी लगाई जाती हैं ऐसी स्थिति में शहर में कच्ची शराब का कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है।

कोतवाल सहित दरोगा व हेड कांस्टेबल को किया सस्पेंड

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र में स्कूल के लिए तैयार खड़ी छात्रा के ऊपर स्कॉर्पियो गाड़ी से एक्सीडेंट किया गया घटना का अभियोग दर्ज करने के लिए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया गया कार्रवाई कुछ ना हुई उपचार के समय छात्रा की हुई मौत को गयी पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने घटना को संज्ञान में लेते हुए कोतवाल दरोगा हेड मोहरीर को सस्पेंड किया। परिवारजनो द्वारा युवक के विरुद्ध नामजद तहरीर दी गई है इसके द्वारा वाहन से दुर्घटना की गई है। जिसमें उसके द्वारा पूर्व में भी लड़की को परेशान करने की बात प्रकाश में आई है। प्रकरण की जांच की गई तो प्रथमदृष्टया कोतवाली प्रभारी सचिन कुमार, उश्र निश्र राजकुमार पटवा हेड मोहरीर उपदेश की लापरवाही सामने आई है। परिवारजन द्वारा 12.11.24 को लड़की के सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन से घायल हो जाने के संबंध में तहरीर दिया गया था जिस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई व आज परिवारजन द्वारा नामजद तहरीर दी गई है।

क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ की रिपोर्ट के आधार पर तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।वही नए कोतवाल अजय कुमार अवस्थी को चार्ज सोपा गया विभागीय कार्यवाही प्रचलित की गई है।

मां गंगा के किनारे जन्म मिलना हम सभी का सौभाग्य : विधायक

तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में गंगोत्री से प्रारम्भ ऑल विमेन राफ्टिंग अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे के विभिन्न विद्यालयों एवं कॉलेजों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके साथ ही गंगा जल की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु अनुसंधान किये गये बायो एन्जाइम्स टैंक में मिलाकर रवाना किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि इस अभियान से हम लोग मां गंगा को स्वच्छ व साफ बनाएगें। उन्होने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि हमारा जन्म मां गंगा के निकट हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गंगा को स्वच्छ बनाने का प्रण लिया है। हम सभी लोग मिलकर धीरे-धीरे उनके इस सपने को पूरा करेगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप पहुंचे डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने मौजूद छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गंगोत्री से गंगा सागर की यात्रा रिवर राफ्टिंग के माध्यम से हमारे बीच में बीएसएफ की 20 महिलायें मां गंगा की अवरिलता व मां गंगा की निर्मलता, महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर के आपके बीच आयी है। इस टीम में पूरा भारत दिखेगा, क्योकि भारत के लगभग सभी राज्यों से बीएसएफ की महिलाओं ने प्रतिभाग किया है। सभी छात्र-छात्राओं तथा उपस्थित नागरिकों को मां गंगा की अविरलता की शपथ दिलायी गई है। कहा कि जब भी आप व आपके परिवारीजन गंगा स्नान करने जाए तो वहां पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे, किसी भी प्रकार का कूड़ा गंगा में न डाले। हमारा सौभाग्य है कि हम गंगा के किनारे रहते है। हमें इसका महत्व समझने की आवश्यकता है। कहा कि सीमा सुरक्षा बल और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने अच्छी पहल की है जिससे लोगों में अच्छा संदेश जायेगा। कार्यक्रम में एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ रामकृपाल चैधरी, सीएमओ बीएसएफ डॉ.पीके झा तथा कमांडर इन चीफ मनोज सुन्दर याल के अलावा कई अफसर मौजूद रहे।

डीएम को प्रतीक चिन्ह भेंटकर करते बीएसएफ के अफसर

अन्तर्विभागीय गोष्ठी व स्थानीय जनसंवाद आयोजित

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। मुख्य अतिथि विधायक कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, सीएमओ बीएसएफ डॉ पीके झा तथा कमांडर इन चीफ मनोज सुंदर याल की गरिमामयी उपस्थित में डॉ भीमराव राम जी मेडिकल कालेज तिर्वा में गंगोत्री से प्रारम्भ ऑल विमेन राफ्टिंग अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय गोष्ठी, स्थानीय जनसंवाद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र- छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। इस दौरान विधायक ने बीएसएफ की टीम का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए कहा कि इस अभियान से हम लोग मां गंगा का स्वच्छ बनायेगें। हम लोग सौभाग्यशाली है कि हमारा जन्म गंगा जी के किनारे हुआ है। प्रधानमंत्री ने गंगा को स्वच्छ रखने का जो प्रण लिया है वह धीरे धीरे पूरा होता दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने छात्र- छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि गंगोत्री से गंगा सागर की यात्रा रिवर राफ्टिंग के माध्यम से हमारे बीच में बीएसएफ की 20 महिलायें मां गंगा की अवरिलता व मां गंगा की निर्मलता, महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर के आपके बीच आयी है। इस टीम में पूरा भारत दिखेगा, क्योकि भारत के लगभग सभी राज्यों से बीएसएफ की महिलाओं ने प्रतिभाग किया है।

खबरें एक नजर में

पुलिस ने किया दो वारंटियों को गिरफ्तार

छिबरामऊ, कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान निस्तारण के क्रम में थाना सकरावा पुलिस द्वारा न्यायालय में दो वारण्टी अभियुक्तगण 1. नरेन्द्र पाल पुत्र शंकर लाल निवासी ग्राम दौलताबाद थाना सौरिख(हालथाना सकरावा) जनपद कन्नौज 02. राकेश पुत्र हरनाम निवासी ग्राम जसमेडी थाना सौरिख (हाल थाना सकरावा) जनपद कन्नौज थाना सौरिख जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया गया।

पति-पत्नी, बेटे व जेठ को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने गाली गलौज की और महिला सहित चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम भवनियापुर निवासी श्यामा देवी पत्नी जियालाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 12 नवंबर की दोपहर लगभग 12 बजे उसके गांव के संदीप, रजनीश, सीटू व गोलू ने रंजिश के चलते उसके मुर्गी फार्म के पास आकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उसे बचाने आए पति जियालाल, जेठ मोतीलाल और पुत्र ऋषि को भी मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चेयरमैन ने लंबीकूद में छलांग लगाकर किया प्रतिभागियों का हौसलाफजाई

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज। नगर पालिका अपने स्थापना दिवस को संकल्प उत्सव के रूप में मना रही है जिसके अंतर्गत अंतरविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन टीम गेम्स में सीनियर वर्ग की कबड्डी एवं जूनियर वर्ग की खो खो प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच हुए। जिला व्यायाम शिक्षक विनोद मिश्रा की देख देख और रिकॉर्ड प्रभारी अरुणेश चतुर्वेदी के संचालन में हुए पहले खो खो सेमीफाइनल में सेंट पॉल स्कूल ने गैलेक्सी पब्लिक स्कूल को 7-4, हीरालाल कॉलेज ने सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी को 6-5 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। कबड्डी सेमीफाइनल में जनता कॉलेज ने टैगोर पब्लिक स्कूल को 22 -2, सीसीए ने गैलेक्सी पब्लिक स्कूल को 27-13 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दोपहर बाद हुए कबड्डी सीनियर फाइनल में जनता कॉलेज और खो खो जूनियर में सेंट पॉल स्कूल ने विजेता रहे। उधर लंबी कूद सीनियर वर्ग में हीरालाल कॉलेज के अरुण, सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी के लक्ष्य मिश्रा, सेंट पॉल स्कूल के अंशुल पॉल और जूनियर वर्ग में शिवम ग्लोबल के राज प्रताप, जेएसआईटीएम के असित और सीसीए के यश कुमार। इससे पहले चेयरमैन मनोज दुबे ने लंबी कूद में छलांग लगाकर की प्रतिभागियों की हौसलफजाई की। प्रतिस्पर्धा प्रभारी गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि 17 नवंबर को दौड़, वालीबॉल, ऊंची कूद, कबड्डी जूनियर और खो खो सीनियर के मैच सौरिख रोड स्थित बटेश्वर दयाल महाविद्यालय के ग्राउंड पर होंगे।

पंख पोर्टल को लेकर कोतवाली निरीक्षक ने दी जानकारी

बोले, पुलिस विभाग में कैरियर बनाने के लिए छात्र-छात्राएं शारीरिक व मानसिक रुप से मजबूत हो

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

कैरियर बनाने के छात्र-छात्राएं जागरूक रहे। इसके लिए शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत होना बेहद जरुरी है। नियमित अभ्यास और प्रयास से हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। शारीरिक रुप से खुद को फिट रखने के लिए छात्र-छात्राएं नियमित व्यायाम करें। अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसके लिए कड़ी मेहनत से तैयारी करें। यह बात विद्यालय के प्रबंधक अवनेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कही। शनिवार को ग्राम तेराजाकेट स्थित स्वामी एकरसानंद इंटर कालेज में पंख पोर्टल के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तिर्वा कोतवाली निरीक्षक को सम्मानित करते प्रबंधक।

जिसमें कोतवाली निरीक्षक तिर्वा जितेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग में कैरियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। पुलिस विभाग के विभिन्न पदों के लिए वांछनीय योग्यता एवं फिजिकल फिटनेस के बारे में बताया। उन्होने कहा कि पुलिस विभाग में कैरियर बनाने के लिए छात्र-छात्राएं शारीरिक व मानसिक रुप से मजबूत हो। विद्यालय के प्रबंधक अवनेंद्र कुमार व प्रधानाचार्य डा. आलोक मिश्र ने कोतवाल सहित समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सुप्रिया गुप्ता, आरक्षी प्रवीन जाट, गजेंद्र सिंह, राजीव कुमार, बिहारी ठाकुर, शिवशंकर मौर्या राहुल को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में कक्षा 09 की छात्रा प्रार्थना पुत्री दिनेश चंद्र यादव द्वारा मंडल स्तरीय दौड़ में प्रथम और प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक दिलीप मिश्र, डा. एमके भारती, विमलेंद्र सिंह कुशवाहा, सौरभ कुमार, अजीम खान उपस्थित रहे।

महिलाओं सहित चार से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की और घर में घुस कर महिलाओं सहित युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जसौरा निवासी गुलाब सिंह पुत्र हरिराम ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 व 16 नवंबर की सुबह गांव के हर बक्श सिंह, महेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुशील उसके दरवाजे पर आए और रंजिश को लेकर गाली गलौज की। विरोध करने पर घर में घुसकर लाठी डंडों से उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव में आई उसकी भाभी सुशीला, प्रीति व मां कांति को भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

वीरांगना उदा देवी पासी को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। 16 नवंबर सन 1857 की क्रांति वीर सेनानी वीरांगना ऊदा देवी ने 36 अंग्रेज सैनिकों को मौत के घाट उतार कर अपने पति का बदला लिया था। उसके बाद वह वीरगति को प्राप्त हुई। ऐसी वीरांगना के शहीद होने पर दुश्मन अंग्रेज अधिकारियों ने भी उनको सलामी दी थी। यह बात कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष ने कही। शहर के मकरंद नगर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीरांगना उदा देवी पासी की पुण्यतिथि पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ऐसी कई स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को आजादी दिलवाकर भारत में लोकतंत्र की स्थापना की। वर्तमान भाजपा सरकार इस लोकतंत्र की हत्या करने पर तुली है। भाजपा सरकार का कृत्य देखकर हमारे स्वर्ग में बैठे हुए क्रांतिवीर स्वतंत्रता सेनानी भी दुखी होते होंगे। इस मौके पर जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, जिला महासचिव रमाशंकर राठौर, एहसान उल हक, डॉ रामकृष्ण सिंह राजपूत, सत्य प्रकाश शर्मा, भोला शर्मा सहित आदि लोग रहे।

मेडिकल कॉलेज में लगे फायर सिस्टमों को चेक कराने के निर्देश

तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।

झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई हादसे की जानकारी होते ही राजकीय मेडिकल कॉलेज का प्रशासन सर्तक हो गया। कॉलेज परिसर में लगे फायर सिस्टम को दुरस्त कराया जाएगा। हालांकि छह माह पूर्व ही इन मशीनों की मार्कड्रिल हो चुकी है। मेडिकल कॉलेज में आईसीयू तथा एनआईसीयू विभाग बंद चल रहे हैं। झांसी मेडिकल कॉलेज के बालविभाग में लगी आग से 10 बच्चों की मौत हो गई। जिसको लेकर शनिवार को मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ एक बैठक की। बैठक के दौरान प्राचार्य ने झांसी में हुई घटना में

दुःख व्यक्त किया। उन्होने कहा कि ऐसी घटना दुखद है। मेडिकल कॉलेज में 80 अलार्म फायर सिस्टम लगे है। जिनका छह माह पूर्व मार्कड्रिल कराया जा चुका है। इसके बावजूद भी सभी विभागों में लगे इन फायर सिस्टमों को चेक कराया जाएगा। छुटपुट खामियों को दूर कराया जाएगा। जिससे भविष्य ऐसी घटनाएं होने पर तुरन्त उनपर काबू पाया जा सके। हालांकि तकनीकी खामियों के चलते मेडिकल कॉलेज में एनआईसीयू तथा आईसीयू वार्ड बंद है।

करंट की चपेट में आने से लाइनमैन घायल, पिता ने पुलिस को दी तहरीर

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

परिजनों ने घायल लाइनमैन को कानपुर के निजी अस्पताल में कराया भर्ती

करंट से घायल हुए लाइनमैन के पिता ने एसएसओ पर मनमानी और लापरवाही का आरोप लगाया है। जिसमें उसने पुत्र के घायल होने में एसएसओ को जिम्मेदार ठहराते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सराय प्रयाग बबरापुर निवासी रघुवर दयाल पुत्र जीवालाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका 40 वर्षीय पुत्र स्वदेश कुमार ग्राम सराय प्रयाग स्थित विद्युत उपकेन्द्र में संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात है। ग्राम भूड़ा स्थित दलवीर सिंह के नलकूप की लाइन ठीक करने के लिए उसका पुत्र 14 नवंबर की दोपहर लगभग 01.45 बजे गया था। जहां जाने से पहले उसने उपकेन्द्र में डयूटी पर तैनात एसएसओ ग्राम दहिरापुर निवासी रविन्द्र सिंह को फोन कर पीटीडब्लू/ग्रामीण का शट डाउन देने को कहा। एसएसओ ने ग्रामीण का शट डाउन तो दे दिया लेकिन पीटीडब्लू का शट डाउन नहीं दिया। एसएसओ ने शट डाउन देने की बात कहकर उसे पोल पर चढ़ने की बात कही। जिस पर लाइनमैन आशक्त हो गया और पोल पर चढ़ गया। इससे लाइनमैन करंट की चपेट में आकरघायल हो गया। जब इसकी जानकारी अन्य लाइनमैन ने एसएसओ को दी तो वह फीडर से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लाइनमैन देवराज व दलवीर ने घटना की जानकारी घायल लाइनमैन के परिजनों को दी। आनन फानन परिजनों ने घायल लाइनमैन को कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर की है।

निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन आज, फ्री दवाईयों व चश्मो का होगा वितरण

तिर्वा, समृद्धि न्यूज। कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चौधरी राम मोहन लाल गहोई की स्मृति में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मोतियाबिन्द के मरीजों को चिन्हित कर उनका निःशुल्क आपरेशन किया जाएगा। इसके साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाईयां व चश्मो का भी वितरण किया जाएगा।

समाजसेवी अंशुल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि चैधरी राम मोहन लाल गहोई की स्मृति में प्रति वर्ष नबंवर व दिसम्बर माह में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें कानपुर के शंकरा आई हास्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आने वाले मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाता है। मोतियाबिन्द की समस्या वाले मरीजों को चिन्हित कर उनका कानपुर में निःशुल्क आपरेशन किया जाता है। इसके अलावा मरीजों को फ्री में दवाईयों तथा चश्मो का भी वितरण किया जाता है। उन्होने कहा कि रविवार को सुबह 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1549826 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव मे कही खो गया है।

ज्ञानेश कुमार पुत्र राम औतार शाक्य ग्राम नगला सवसुख पोस्ट लोधापुर,जनपद-कन्नौज।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन

फीता काटकर उद्घाटन करते ज़िलाधिकारी व एसपी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने तहसील सदर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन किया। समाधान दिवस में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 98 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 05 का मौके पर निस्तारित किया गया। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, विद्युत कनेक्शन, भूमि विवाद, शौचालय, वृद्धा/दिव्यांग/निराश्रित महिला पेंशन आदि से संबंधित लोगो की समस्याएं सुनने के पश्चात अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों द्वारा जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय में किया जाये।

फरियादी को बार-बार सम्पूर्ण सभाधान दिवस/कार्यालय में चक्कर न लगाना पडें, शिकायती पत्र मिलने के उपरान्त शिकायत का निस्तारण की कार्यवाही तत्काल शुरु की जाये। इसे मुख्यतः श्रेणी में रखा जाये। प्रत्येक दशा में शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। कोई भी शिकायत लंबित नही रहना चाहिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधेश गुप्ता, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर रामकेश सिंह, तहसीलदार हिमाशु प्रभाकर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

एफएफडीसी में एक वर्षीय कोर्स का हुआ शुभारंभ

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जनपद की इत्र इंडस्ट्री में पैकेजिंग को ज्यादा महत्व नही दिया जाता है। बढ़ते बाजारीकरण के दौर में पैकेजिंग की खास भूमिका है। यह बात जिलाधिकारी ने कही। शनिवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, निदेशक भारतीय पैकिजिंग संस्थान डॉ तनवीर आलम तथा निदेशक वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद लखनऊ डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद, निदेशक एफएफडीसी शक्ति विनय शुक्ल ने संयुक्त रूप से शहर में सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र में पैकेजिंग फॉर अतर लोकल-टू-ग्लोबल तथा टेक्नीशियन एरोमा प्रोसेस व प्रौद्योगिकी विकास कार्यक्रम एरोमा एण्ड मैनेजमेंट के एक वर्षीय कोर्स का दीप प्रज्वलित कर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे में पैकेजिंग का महत्व हमारे जनपद के अतर व्यवसाय से जुडें उद्यमियों को बताने की आवश्यकता को देखते हुये आज पैकेजिंग फॉर अतर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जब पैकेजिंग अच्छी होगी, तभी जनपद के अतर को हम और आगे ले जा सकेगें, जिससे इत्र के व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों को लाभ होगा। हमारी लोकल व ग्लोबल मार्केट में उपलब्धता बढेगी, हम अतर व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों को एफएफडीसी में एक प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहे है। मुख्यमंत्री ने हम लोगों को ओडीओपी का कार्य दिया। इसका उद्देश्य एक जनपद से एक उत्पाद को बढ़ावा देने का है। डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी, निदेशक, सीमैप, लखनऊ ने सीएसआईआर-सीमैप, लखनऊ द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया और प्रषिक्षार्थियों को सीमैप आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को प्राकृतिक इत्र को पहचानने हेतु किसी सरल विधि के माध्यम से जागरूक कराने की आवष्यकता है जिससे वह आसानी से सिंथेटिक तथा प्राकृतिक में अन्तर को पहचान सकें तथा प्राकृतिक इत्र को उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित हो सकें। तकनीकी सत्र के दौरान डॉ. तनवीर आलम, निदेषक, भारतीय पैकेजिंग संस्थान, दिल्ली ने इत्र की मूल पैकिंग पर प्रजेन्टेषन के माध्यम से प्रकाष डालते हुए, स्थानीय उद्यमियों को मूल पैकिंग के महत्व को बताया।

10वें वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के सेटेलाइट सेमिनार का हुआ आयोजन

▸ मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में हुआ कार्यक्रम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेमिनार में मौजूद वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य व अन्य

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में 10वें वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के सेटेलाइट सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य डॉ. आर. अचल तथा नस्या के वाइस प्रेसीडेंट डॉ. रमन रंजन ने 10वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के सम्बन्ध में जानकारी दी।

डॉ. आर. अचल ने सेमिनार के मुख्य विषय विज्ञान औषधीना पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्राचीन ज्ञान के साथ आधुनिक विज्ञान के समन्वयात्मक उपभोग से ही मानवता का कल्याण सम्भव है। डॉ. रमन रंजन, एसो. प्रोफेसर जी.एस.सी. पटना ने अपने व्याख्यान में कहा कि आयुर्वेद औषधियों का चिकित्सा में प्रयोग करते समय उनके विज्ञान को समझना अत्यन्त आवश्यक है। साथ में उन्होंने 10वें आयुर्वेद कांग्रेस के मुख्य विषय डिजिटल हेल्थ पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. नीतूश्री ने कहा कि यह सेटेलाइट सेमिनार फर्रुखाबाद जिले में अपनी तरह का प्रथम सेमिनार है तथा अभी तक भारत वर्ष के सिर्फ 25 आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में इस तरह के सेमिनार का आयोजन हुआ। यह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित ने मुख्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इनके द्वारा दी गयीं जानकारियों से छात्रों में आयुर्वेद अध्ययनके प्रति रुझान बढ़ेगा और बच्चे 10वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। सेमिनार के सफल संचालन में डॉ. अविधा, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ. मधु रंजन, डॉ. सुहेबा का मुख्य योगदान रहा। इस सभागार में डॉ. विजय मोहन गुप्ता, डॉ. रीता सिंह, डॉ. शालू गुप्ता, डॉ. निरंजन एस., डॉ. विघ्नेश्वर मिश्रा, डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. संकल्प सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. आनन्द बाजपेयी, डॉ. रेशमा, डॉ. रसना, डॉ. पियूष माधव, डॉ. कविता, अनूप कुमार, राहुल कुमार वर्मा, प्रवीन कुमार, मनु, राहुल कुमार, अनिकेत कुमार, नीलू आदि शिक्षकगण एवं कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

डम्पर ने पिकअप में मारी टक्कर कार मिस्त्री समेत चार घायल

क्षतिग्रस्त पिकअप लोडर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हाईवे पर तेज रफ्तार डम्पर ने पिकअप को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे पिकअप के परखच्चे उड़ गये। दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र ग्राम चाचूपुर निवासी 19 वर्षीय सनी बाथम पुत्र अशोक बाथम जमापुर के एक गैराज में मिस्त्री का कार्य करता है। शनिवार को वह सड़क किनारे एक कार को ठीक कर रहा था। उसी समय तेज रफ्तार डम्पर ने एक पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पिकअप के परखचे उड़ गये। पिकअप पास खड़ी कार में टकरा गयी। जिससे मिस्त्री सनी भी घायल हो गया। इसके साथ ही पिकअप पर सवार 28 वर्षीय अमित पुत्र ब्रजमोहन, 33 वर्षीय गौतम पुत्र दामोदर निवासी रमापुर मेरापुर, 33 वर्षीय पंचम पुत्र अमर सिंह निवासी गुलरिया कमालगंज घायल हो गये। दुर्घटना के दौरान डम्पर खड्ड में पलट गया। चारों घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया।

जिला औषधि निरीक्षक ने अस्पताल में संचालित मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करते औषधि निरीक्षक

▸ वैभव मेडिकल पर रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था न होने पर ऑक्सीटाप इंजेक्शन किया सीज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने जनपद में संचालित प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर मालिकों को निर्देश दिये कि औषधियों की बिक्री तकनीकी व्यक्ति/फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही जाये, अस्पताल/नर्सिंग होम में स्थित औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों में उपलब्ध औषधियों का परीक्षण डीपीसीओ के प्राविधानों के अधीन तथा एनपीपीए द्वारा निर्धारित खुदरा मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री न हो, यह सुनिश्चित किया गया कि अस्पताल/नर्सिंग होम में स्थित औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध औषधियां आसपास के औषधि विक्रय प्रतिष्ठान पर भी उपलब्ध हों। उपरोक्त के क्रम में लकूला रोड, मसेनी चौराहा स्थित अस्पताल कुलवंती हॉस्पिटल में संचालित वैभव मेडिकल स्टोर व अंजली हॉस्पिटल में संचालित महादेव मेडिकल स्टोर एवं सोम हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुलवंती हॉस्पिटल में संचालित वैभव मेडिकल स्टोर से दो नमूने भरे गए व कम तापमान पर भंडारित करने हेतु रेफ्रि जरेटर की व्यवस्था नहीं पाई गई। जहां से ऑक्सीटाप इंजेक्शन को सीज किया गया। इसके पश्चात अंजली हॉस्पिटल में संचालित महादेव मेडिकल स्टोर से दो इंजेक्शन मेरोपेनम एवं मेरोपेनम सलबैक्टम जिस पर अधिक एमआरपी लिखा हुआ पाया गया को नियमानुसार संरक्षण में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया। इसके पश्चात सोम हॉस्पिटल मसेनी चौराहा का निरीक्षण किया गया।

जहां पर औषधीय भंडारण हेतु रजिस्ट्रेशन कराने हेतु कड़ी चेतावनी दी गई है। फर्म पर पायी गयीं कमियों के निराकरण हेतु कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया। दो औषधीय के नमूने राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजे गये।

बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव पहाड़पुर निवासी सुमन चौहान उम्र 18 वर्षीय पुत्री शिवनन्दन चौहान जो की राजकीय इन्टर कालेज चम्पादेवी राजा का रामपुर जनपद एटा में कक्षा 11 की छात्रा है। रोज की भांति आज वह साईकिल द्वारा विद्यालय पढ़ने जा रही थी। रुदैन थाना कम्पिल के निकट पहुँचते ही सामने से आ रहे अज्ञात वाइक चालक ने उसकी साईकिल मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे साईकिल सवार युवती बुरी तरह गम्भीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है।

घायल छात्रा

लाखों की लूट करने वाले तीन लुटेरे नकदी सहित गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने शादी के लिए लाखों रुपए लूटने वाले गिरोह के पांचों अभियुक्तों को नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम मॉडल शंकरपुर निवासी चंचल उर्फ अंशुमान पुत्र अजय उर्फ बड़े लल्ला, किसान नगला अवंतीबाई नगर निवासी अनुपम पुत्र श्याम बिहारी कठेरिया, विजय कुमार पुत्र अनिल कुमार, अक्षय कुमार पुत्र अजय कुमार एवं गंगानगर रोहिला निवासी जयंत यादव पुत्र भंवरपाल को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में घटना का खुलासा किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक प्रियदर्शी ने पत्रकारों को बताया 13 नबम्वर को मॉडल शंकरपुर निवासी अनंगपाल सिंह पुत्र स्व0 विश्राम सिंह गौसरपुर तिराहा से भरतामऊ की तरफ जा रहे थे, तभी गौसरपुर तिराहे से करीब 100 मीटर दूरी पर लुटेरों द्वारा अनंगपाल व उसके साथी चंचल उर्फ अंशुमान को मोटर साइकिल में टक्कर मारकर गिराया गया। झोले में रखे 3,89,400 रुपयों के झोले को लूट ले गये थे। जिस पर पुलिस ने वादी की तहरीर पर कोतवाली मोहम्मदाबाद पर मु0अ0सं0 141/2022 धारा-309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात में पंजीकृत किया था। इस मुकदमे की विवेचना के दौरान वादी मुकदमा के साथ चंचल उर्फ अंशुमान के द्वारा अपने साथियों अनुपम, विजय कुमार, अक्षय कुमार व जयन्त यादव उपरोक्त के साथ मिलकर पूर्व नियोजित योजना के तहत घटना को कारित किया जाना पाया गया।

पुलिस हिरासत में अभियुक्त

पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तों चंचल उर्फ अंशुमान तथा उसके साथी अनुपम, विजय कुमार, अक्षय कुमार व जयन्त यादव को लूटे गये 3,89,400 रूपयों के साथ नीबकरोरी की तरफ रेलवे के अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ करने पर अभियुक्त चंचल ने बताया कि जयन्त यादव की 28 नवम्बर को शादी होने वाली है। जिसके लिये रूपयों की जरूरत थी। जयंत ने मुझसे शादी के लिये रूपये मांगे थे। चूँकि मेरे पास भी रूपये नहीं थे। इस कारण मैंने तथा जयंत ने मिलकर इस घटना की योजना बनाई। इस योजना में अपने साथी अनुपम, विजय कुमार व अक्षय को शामिल किया। हम पांचों ने मिलकर यह लूट की घटना को अंजाम दिया। जयन्त यादव ने बताया कि करीब दो महीने पहले मैंने अनुपम, विजय व अक्षय के साथ मिलकर रोहिला अंडरपास के पास एक लडके से एक मोबाइल फोन लूटा था जिसके कवर में तीन सौ रूपये रखे थे। पुलिस ने उपरोक्त मुकदमा में धारा-309(4) बीएनएस का लोप करके धारा-310 (2), 317(3) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी है।

जन समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी: एडीएम

▸ सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं समस्यायें, निस्तारण के दिये निर्देश

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते एडीएम व विधायिका सुरभि आदि

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

कायमगंज तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील परिसर में जनता की शिकायतों को अपर जिलाधिकारी सुभाषचन्द्र प्रजापति ने सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व, पुलिस, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, चकबन्दी, विकास, विद्यु, समाज कल्याण, कृषि मार्केटिंग, लोक निर्माण एवं शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों से सम्बन्धित कुल 119 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसमें से 13 मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। अन्य सभी मामलों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को हस्तान्तरित करते हुए अपरजिलाधिकारी ने समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने स्थलीय निरीक्षण और सत्यापन कर मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण मे हीलाहवाली अक्षम्य होगी। अधिकारी जन समस्याओ को गम्भीरता पूर्वक ले अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे। अपरजिलाधिकारी ने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता एवं पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही वर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस और राजस्व से जुड़ी समस्याओं पर अपरजिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी प्राथमिक स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें, ताकि लोगों को यहाँ वहाँ भटकना न पड़े। इस दौरान सोनपाल पुत्र सूबेदार निवासी नारायनपुर थाना कम्पिल ने अपरजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि खतौनी में गाँव नाणायनपुर हो गया है।

उसको सही कराने के लिए काफी समय से चक्कर लगा रहे थे। आज अपर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस मे तत्काल प्रभाव से खतौनी में पता नारायनपुर करवा दिया। वहीं सुमित सिंह एडवोकेट सिविल कोर्ट कायमगंज ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा मेरे गॉव हजियांपुर में फुटपात हटवाने की शिकायत की। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव कादरदादपुर सराय निवासी पूर्व प्रधान जोगराज ने अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरी बेटी शालिनी राजपूत की शादी हो चुकी है। नौकरी के लिए जति प्रमाण पत्र में रिपोर्ट लगवाने के लिए लेखपाल विजय पाल के यहाँ चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा हम सत्यापन कर चुके हैं। दोबारा से नहीं बनवा सकते। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सुभाषचन्द्र प्रजापति, क्षेत्रीय विधायिका डा0 सुरभि, अपर जिलाधिकारी रवेन्द्र कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी लवकुमार मिश्रा, एसडीओ विनोद कुमार कनौजिया, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमसाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवाबगंज थानाध्यक्ष विद्या सागर तिवारी, मेरापुर उपनिरीक्षक आनन्द शर्मा, कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

स्कूल जा रहे छात्र को दबंग ने पीटा, तमंचे से धमकाया

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

▸ पड़ोस के गांव जसमापुर मोहम्मदाबाद में स्थित विद्यालय लॉर्ड श्रीकृष्णा एजुकेशन सेंटर में पढ़ने जा रहा था छात्र

दबंग ने स्कूल जा रहे छात्र को मारपीट कर तमंचे से धमकाया और दोबारा स्कूल न आने की बात कही। छात्र ने खेतों में काम कर रहे किसानों से मोबाइल लेकर अपने पिता को जानकारी दी। मौके पर पहुंचा पिता पुत्र को लेकर थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला पूठा निवासी रमेश यादव पुत्र जय सिंह यादव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह उनका 10 वर्षीय पुत्र नितिन कुमार जो की कक्षा चार का छात्र है। जो पड़ोस के गांव जसमापुर मोहम्मदाबाद में स्थित विद्यालय लॉर्ड श्रीकृष्णा एजुकेशन सेंटर में पढ़ने जा रहा था, तभी रास्ते में गांव नगला नादी निवासी दबंग आरोपी ने दौड़कर उसके पुत्र को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट कर अपनी गोट से निकलकर तमंचा दिखाया और कहा कि दोबारा विद्यालय न आना। पुत्र के बताए अनुसार वह रास्ते में ही खेतों में काम कर रहे लोगों के पास डरा सहमा हुआ गया और उनका मोबाइल फोन मांगकर अपने पिता को घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। जानकारी होने पर पीड़ित पिता मौके पर पहुंचा और निकट गांव में छात्र की साइकिल व बस्ता रखकर सीधा थाने पहुंचा और थाना पुलिस को मामले की जानकारी देकर दबंग आरोपी संतोष पुत्र जय सिंह के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

नशे की हालत में होमगार्ड ने पलटा ई-रिक्शा, चालक घायल

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कमालगंज मछली मंडी के पास ई-रिक्शा वाला जा रहा था, तभी नशे की हालत में पहुंचे होमगार्ड सौरभ कटियार ने पहले तो ई-रिक्शा में डंडे मारे।

फिर नशे की हालत में उसको गाली-गलौज करते हुए बोला कि चल तुझे थाने लेकर चलता हूँ तेरी वजह से जाम लग रहा है। जब उसने कहा कि जाम कहीं नहीं लग रहा है। इस बात से तिलमिलाये होमगार्ड ने उसका ई-रिक्शा पलट दिया।

जिसके कारण ई-रिक्शा उसके पैर पर गिर पड़ा। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ई-रिक्शा पलटते ही वहां पर भीड़ लग गई, जबकि होमगार्ड गालियां देते हुए वहां से चला गया।

गिरवीं रखी जंजीर वापस लेने गयी महिला को थमाई नकली जंजीर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

सर्राफा व्यापारी की काली करतूत का मामला थाने पहुंचा। सोने की गिरवीं रखी जंजीर छुड़ाने आये पीड़ित को नकली जंजीर देकर चलता कर दिया। जब इसकी जानकारी पीड़ित को हुई, तो वह थाने पहुंचा और सर्राफा व्यापारी की करतूत बतायी।

कस्बा नवाबगंज स्थित नया गनीपुर निवासी अंजू शाक्य पत्नी कैलाश चंद्र शाक्य ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसने बीते 12 अगस्त 2023 को सर्राफा व्यापारी श्री दुर्गा ज्वैलर्स के यहां से एक सोने की जंजीर खरीदी थी। जो 63000 की पड़ी थी, तभी अचानक उसे पैसे की जरुरत पड़ गयी। जिस पर उसने अपनी जंजीर नवाबगंज कस्बा के ही सर्राफा व्यापारी दिनेश ज्वेलर्स के यहां 35000 में गिरवी रख दी। पीड़िता ने बताया कि उसने जंजीर में नाखूनी का निशान लगा दिया था। पीड़िता जब दिनांक 12.11.2024 को ज्वैलर्स के यहां अपनी जंजीर छुड़ाने गयी। उसने ज्वैलर्स के बताये अनुसार ब्याज और मूलधन के सारे पैसे दुकानदारों को दे दिये और अपनी जंजीर मांगी, तो सर्राफा दुकानदार ने दूसरे दिन जंजीर देने की बात कही, लेकिन पीड़िता के बताए दूसरे दिन भी जंजीर नहीं दी। पूरे दिन बैठने के बाद शाम को कह दिया कि सुबह जंजीर ले लेना आकर। जब पीड़िता पुनः अगले दिन जंजीर लेने गई, तो ज्वैलर्स ने अपने यहां से जंजीर दी, लेकिन उसमें नाखूनी का निशान नहीं था। तब पीड़िता को शक हुआ और उसने ज्वैलर्स से अपने नाखूनी का निशान लगी हुई जंजीर की मांग की, तो सर्राफा व्यापारी ने बताया की यही जंजीर तुम्हारी थी। जहां से बनवाई है वहां दिखाओ जाकर। जब पीड़िता जंजीर दिखाने दुर्गा ज्वैलर्स के यहां गई, तो उन्होंने बताया कि यह जंजीर हमारी नहीं है। हमने जो जंजीर बनाई थी उस जंजीर में मोहर लगी हुई थी। यह जंजीर नकली है। यह सुन पीड़िता के होश उड़ गए और पीड़िता दोबारा गिंरवी गांठ रखने वाले व्यापारी के यहां गई और अपनी बात बताई। जिस पर दुकानदार एकदम आगबबूला हो गया और कहा कि यही जंजीर तुम्हारी थी। दूसरी जंजीर हम नहीं दे पाएंगे। तब पीड़िता थाने पहुंची और थाना पुलिस को अपने साथ घटी घटना की पूरी जानकारी एक तहरीर में लिखकर दी।

महिला द्वारा खरीदी गयी जंजीर की रसीद

तहरीर के आधार पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी के निर्देशन में कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र व्यापारी को थाने ले और पूरे दिन मामला चलता रहा, लेकिन कोई सुलह समझौता नहीं हो सका। पीड़िता भी थाने बैठी थी और व्यापारी को भी पुलिस थाने में बैठाये हुए थी। दोनों तरफ से सिफारिश का दौर जारी था। वहीं थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल चल रही है और पीड़िता को न्याय दिलाया जाएगा, लेकिन अब यह देखने वाली बात है कि थाना पुलिस पीड़िता को न्याय दिलाती है या फिर सर्राफा व्यापारी को। खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। दोनों पक्ष थाने में बैठे हुए थे।

गुरुनानक देव के 555वें जन्मदिवस पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

▸ कई प्रतिष्ठानों पर व्यापारियों, समाजसेवियों ने शोभायात्रा का किया स्वागत

▸ अंत में सभी को बरताया गया लंगर, पुलिस ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शोभायात्रा में आगे चल रहे पंच प्यारे

लंगर छकते श्रद्धालु व बच्चे

सिक्ख धर्म के आदिगुरु गुरुनानक के 555वें जन्मदिवस नानक जयंती को बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जा रहा है। आज गुरुद्वारा फतेहगढ़ से सजी हुई पालकी में गुरुग्रन्थ साहिब को नगर कीर्तन शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

सिखलाइट इन्फेन्ट्री के बैण्ड ने देहि शिवा वर मोहे इहै, शुभ कर्मन ते कबहूँ न टरौं, धुन बजाकर स्वागत किया। जुलूस में शामिल महिलाओं ने धन-धन गुरुनानक प्रगट्या मिट्टी धुंध जग चानन होया, गाकर समा बांध दिया। तेग बहादुर स्कूल के बच्चों ने हाथ में बैनर लेकर जुलूस का नेतृत्व किया। शोभायात्रा में शामिल युवाओं ने सड़क को झाड़ू सेवा से साफ कर पानी व फूल का छिड़काव कर सुगंधित कर दिया। गुरुनानक साहिब की पालकी के आगे सेवा टहल करते चले। निरवैर गदका ग्रुप ने शानदार करतब दिखाये। बड़ी संख्या में सिख संगत शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। फतेहगढ़ में जगह-जगह शोभायात्रा की आगवानी की गयी व प्रसाद वितरण हुआ अग्रवाल बुक डिपो, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक पर प्रदीप पाल फेमली, गोपाल फंक्शन पैलेस, नंदन ड्रेसज, अलीगढ़ मिष्ठान, व्यापार मंडल फतेहगढ़, भारत विकास परिषद ने शोभायात्रा का स्वागत किया। फर्रुखाबाद में कुदरतधाम रेकी फेमली, नेहरु रोड पर अग्रवाल तथा वर्मा परिवार, कन्हैया लाल ने स्वागत किया। व्यापारी नेता संजय गर्ग ने अपने प्रतिष्ठान के बाहर पांच प्यारों का माल्यार्पण कर आरती उतार कर भव्य स्वागत किया। साथ में सिख समाज का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

स्वागत करने वालों में श्याम गर्ग, विनय अग्रवाल, हरिओम मुकेश, नीरज आदि उपस्थित रहे। सरदार सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में फतेहगढ़ के सतनाम सिंह, दीप सिंह, हनी सिंह, ओंकार सिंह, अमरीक अरोड़ा, सचदेवा परिवार व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ गुरुद्वारा फर्रुखाबाद पहुंचने पर सरदार हरजिंदर सिंह व ज्ञानी मंगल सिंह ने शोभायात्रा का स्वागत किया। डीएम ने भी मंगल शुभकामनायें प्रेषित कीं। वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह, बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के जयघोष के साथ यात्रा सम्पन्न हुई। अंत में सभी को लंगर बरताया गया।

बोलेरो की टक्कर से टेंपों सवार तीन महिलाओं सहित नौ घायल

▸ सम्पूर्ण समाधान दिवस जा रहे एसडीएम ने घायलों को पहुंचवाया सीएचसी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सीएचसी में भर्ती घायल

घायलों के संदर्भ में जानकारी करते एसडीएम

घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त टेंपो मौजूद पुलिस

बोलेरो की टक्कर से टेंपो में सवार तीन महिलाओं सहित नौ लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गयी। इस दौरान सम्पूर्ण समाधान दिवस में जा रहे एसडीम ने भीड़ लगी देखी तो अपनी कार रोक दी और उन्होंने एंबुलेंस को सूचना दी तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सीएचसी पहुंचकर घायलों से जानकारी ली और संबंधित चिकित्सक को सभी के उपचार करने के निर्देश दिये। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और टेंपो व बोलेरो को कब्जे में ले लिया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव तुर्क ललैया निवासी 60 वर्षीय रामवीर पुत्र हरिश्चंद्र व अपनी 58 वर्षीय पत्नी रामवती व हेमलता 35 वर्षीय पत्नी रवी कुमार निवासी हुसैनपुर तराई थाना शमसाबाद अपनी 10 वर्षीय पुत्री परी, 6 वर्षीय सुमित तथा स्वदेश कुमार उम्र 36 वर्षीय पुत्र राज कुमार निवासी उलियापुर थाना शमसाबाद, जूली उम्र 20 वर्षीय पत्नी राम निवास निवासी नैगमा, आरजू उम्र 7 वर्षीय पुत्री अटल सिह निवासी नगला गुलरिया, रानी उम्र 27 वर्षीय पत्नी पंकज माथुर निवासी मैकी नगला अलीगज जनपद एटा अपने भाई रोहित निवासी हुसैनपुर तराई थाना शमसाबाद सभी लोग अपने-अपने घर जाने के लिए कायमगंज पुल गालिव व ट्रांसपोर्ट से टेम्पो में बैठ कर शमसाबाद जा रहे जा रहे थे। रास्ते में बोलेरो व टेंपों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें बैठे नौ लोग घायल हो गये। तेज आवाज व घायलों की चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और मौके पर भीड़ लग गयी, तभी सम्पूर्ण समाधान दिवस में जा रहे एसडीम रवेन्द्र कुमार ने भीड़ लगी देखी तो अपनी कार रोक दी। उन्होंने लोगों की मदद से घायलों को टेंपों से निकलवाया और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। एसडीएम ने सीएचसी पहुंचकर घायलों से हालचाल लिये। वहीं सीएचसी में तैनात डॉ. अमित कुमार ने बताया कि आठ माह की गर्भवती महिला रानी व तीन अन्य घायलों की हालत बिगड़ने पर लोहिया रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और टेंपो व बोलेरो को कब्जे में ले लिया।

सर्दी बढ़ी, पंखे हुए बंद, मच्छरों के संक्रमण का खतरा बढ़ा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में संक्रमण रोगो का खतरा मंडराने लगा है। जैसे ही सर्दी बढ़ी वैसे ही अधिकांश लोगों ने एसी, कूलर बंद कर दिये तो वहीं घरों में भी लोगों ने पंखा चलाना बंद कर दिया है। ऐसे में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम बदलते ही मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही है। मच्छरों के आक्रमण से संक्रमण फैलने का खतरा है। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारी बढ़ सकती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सावधान रहने की सलाह दी गई और मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए कहा गया है। यह भी सलाह दी गई है कि पानी को खुला न रखे। खुली जगह आदि में पानी को अधिक समय के लिए भरकर न रखे। यदि आपके आसपास पानी भरा हो तो उसमें दवा का छिड़काव कराये। मच्छर जहां कहीं भी पानी, गंदगी दिखायी देती है वहां भी उत्पन्न हो जाते है। इसलिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे। घर के आसपास कूड़े के ढेर न लगाये। कूड़े को चिन्हित स्थान पर ही डाले।



बताते चले कि मलेरिया विभाग द्वारा अभी तक सार्वजनिक स्थानों पर दवा का छिड़काव नहीं किया गया है ऐसा स्थानीय लोगों का कहना है। स्थानीय लोगों की माने तो सरकारी विभाग दवा का छिड़काव उन्हीं स्थानों पर छिड़काव कराते है जहां अधिकारी, प्रभावशाली, प्रशासनिक व राजनैतिक लोगों के घर या कार्यालयों में। अगर दवा का छिड़काव बिना पक्षपात किये एक तरफ से कराया जाये तो शायद मच्छरों की इतनी संख्या नहीं बढ़े। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से कीटनाशक दवा छिड़काव कराये जाने की मांग की है।

आयुष चिकित्सा शिविर में 906 मरीजों का हुआ परीक्षण, दी गई दवायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आयुष शिविर में मौजूद लोग

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत ऑफिसर्स क्लब में आयुष शिविर का आयोजन हुआ। मेडिकल कैम्प का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. दीप्ती त्रिवेदी ने जनमानस को आयुष पद्धतियों (आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी व योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा) से इलाज कराने के लिए जागरुक किया। नोडल अधिकारी आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. आदित्य किशोर, यूनानी चिकित्साधिकारी डॉ. मो0 असलम, होम्योपैथ चिकित्साधिकारी डॉ. निहाल अहमद, योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श देकर दवायें वितरित की। कार्यक्रम में आयुर्वेद विधा-370, होम्योपैथ विधा-255, यूनानी विधा-170 व योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा 111, कुल 906 मरीजों का आयुष पद्धतियों द्वारा इलाज किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक विष्णु कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

13 वर्ष बाद मृतक की पत्नी संतोष देवी को मिली परिवारिक पेंशन

▸ अटेवा के प्रयास से मिला न्याय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

संतोषी देवी को आदेश पत्र सौंपते शिक्षक

अटेवा के प्रयास से 13 वर्ष बाद परिवारिक पेंशन का लाभ मिलने के आदेश पर रस्तोगी इंटर कालेज की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भावुक हो गयी। मृतक कर्मचारी की पत्नी ने अटेवा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सेठ कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अरविन्द सिंह निवासी भिडौर कुबेरपुर की सेवाकाल के दौरान 2011 में आकास्मिक मृत्यु हो गयी। कर्मचारी के मरणोपरान्त मिलने वाली परिवारिक पेंशन उनकी पत्नी संतोषी देवी को पति की मृत्यु के बाद 12 वर्ष तक नहं नहीं मिली। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने जनपद से लेकर कानपुर तक पेंशन दिलवाने का प्रयास किया। जिसके चलते 12 वर्ष बाद संतोषी देवी को परिवारिक पेंशन देने का आदेश जारी किया गया। आदेश सुनकर संतोषी देवी भावुक हो उठी और उन्होंने पेंशन बचाओ मंच का आभार जताया। पिछले 12 वर्षों से परिवारिक पेंशन की पत्रावलियां जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रेषिक नहीं की गई। यह प्रकरण विद्यालय स्तर पर लंबित था।

मृतक कर्मचारी की पत्नी को परिवारिक पेंशन ग्रेच्युटी का आदेश प्राप्त हो गया है। 13 वर्ष के बाद मृतक की पत्नी संतोषी देवी ने आदेश पाने के बाद अटेवा के प्रदेश मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी का आभार जताया। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक एवं डीडीआर कानपुर को भी धन्यवाद दिया। ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की पत्नी ने 13 वर्षों तक इंतजार किया। ऐसे में मानसिक व आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा। लंबित पेंशन में विलम्ब हुआ है। संगठन मांग करता है कि लंबित रखने में विद्यालय स्तर पर जो भी व्यक्ति जिम्मेदार हो उससे मृतक की पत्नी को विलंबती अवधि के ब्याज की धनराशि भुगतान करायी जाये। संगठन इसके लिए संघर्ष करेगा। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, विद्यालय के शिक्षक राकेश प्रसाद, देवेन्द्र कुमार, विजेन्द्र पाल सिंह, हिमांशु शुक्ला, सुधाकर चतुर्वेदी, सुभाष चन्द्र शुक्ला, शैलेश दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

निदेशालय से दो हजार कुंटल गेहूं के बीज की गई मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय कृषि भण्डारण पर गेहूं बीज उपलब्ध न होने के संबंध में शिकायत की गई थी। जिला कृषि अधिकारी ने कीरतपुर निवासी अशोक कटियार को पत्र भेजकर अवगत कराया कि जनपद में गेहूं बीज का लक्ष्य 3351 कुंटल के सापेक्ष 3466 कुंटल उपलब्ध कराते हुए केंद्रीय कृषि बीज भण्डार फर्रुखाबाद के माध्यम से वितरण के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध कराते हुए कृषकों को पॉस मशीन के माध्यम से वितरण कराया गया है। कृषकों की मांग के दृष्टिगत 2 हजार कुंटल गेहूं बीज की मांग हेतु निदेशालय को पत्र 8 नवम्बर को लिखा गया। निदेशालय स्तर पर गेहूं बीज उपलब्ध होते ही जनपद के सभी राजकीय कृषि भण्डारों पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

बार एसोसिएशन की बैठक 18 नवम्बर को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। एल्डर्स कमेटी के सदस्य राजकुमार सिंह राठौर ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को पत्र भेजकर अवगत कराया कि फतेहगढ़ की एल्डर्स के संबंध में सचिव से फोन पर वार्ता हुई जिसमें उनके द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र कटियार को मोहम्मद अजुरुद्दीन खां के स्थान पर शामिल करने की जानकारी दी गई। इस पर सभी ने सहमति जतायी है। रमेश चन्द्र कटियार से मोबाइल पर वार्ता हुई और बार एसोसिएशन की समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। उनके द्वारा सुझाव दिया गया कि समस्याओं के निराकरण के लिए सदन की बैठक 18 नवम्बर को सायंकाल 3 बजे बुलायी जाये और बैठक में सभी की सहमति बने। जिससे समस्याओं का निराकरण हो सके।

शक्ति अखाड़ा की ओर से निकाली गयी सन्यासी यात्रा

यात्रा के दौरान मौजूद सन्यासी व हिन्दूवादी नेता

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के शिवाला भवन से शक्ति अखाड़ा की ओर से सन्यासी यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा में शामिल शिव शक्ति अखाड़ा के पदाधिकरियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यात्रा गंगा दरवाजा, मैन चौराहा, श्यामागेट, बजरिया, तहसील, पुलगालिब तिराहा होती चिलॉका भूसा माडी होते हुए शिवाला मन्दिर में सम्पन हुई। इस दौरान यात्रा में शामिल सन्यासियों ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य हिन्दुओं को एक जुट करना है। अगर हिन्दू अभी नहीं जागा, तो उसको इसका बहुत बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इसलिए सभी हिन्दू भाई एक जुट हो जायें। जरुरत पड़े तो शस्त्र भी उठायें। यात्रा में ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, अमरदीप दीक्षित, आदेश अग्निहोत्री, ओम कालेश्वर पाठक, जितेन्द्र रस्तोगी, अमर गुप्ता, किशन गुप्ता, नरेश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उधार सौदा न देने पर दबंगों ने दुकानदार को पीटा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

घायल युवक

कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला मऊरसीदावाद निवासी अर्जुन कुमार प्रजापति उम्र 25 वर्षीय पुत्र सूरजपाल प्रजापति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जिसमें कहा है कि मैं घर पर अपनी परचून की दुकान पर बैठा था, तभी गाँव का लेखपाल पुत्र पन्नालाल हमसे उधार सौदा माँगने लगा। मेरे द्वारा मना करने पर गाली-गलौज करता हुआ अपने घर गया और परिजनों बदन सिंह पुत्र केदार सिंह, मोरपाल पुत्र पन्नालाल के साथ आया और आते ही मेरे साथ लात-घूसों व लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अर्जुन का मेडीकल परीक्षण करवाया।

एसडीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्यायें

▸ तीन का मौके पर निस्तारण किसान यूनियन ने भी अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

शिकायत करने के बाद विरोध प्रदर्शन करते किसान नेता

अमृतपुर तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 74 शिकायती पत्र आये।

जिसमें से केवल 3 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिसमें राजस्व विभाग के शिकायतें सर्वाधिक रही। कमालुद्दीनपुर में हो रहे निर्माण को रोकने के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी ने भी उप जिलाधिकारी व सीओ को लिखित प्रार्थना पत्र दिया। साथ हो रहे निर्माण कार्य को रोकने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई। एसडीएम सदर ने किसानों को आश्वासन दिया कि आपकी शिकायत की जांच करायी जायेगी। बांकी शिकायतों को संबंधित विभाग के हवाले किया गया और उन्हें निर्देशित किया गया कि वह समय से शिकायतों का निस्तारण कर मुख्यालय को अवगत कराये।

इस मौके पर राजस्व टीम संबंधित थानों की पुलिस एवं शिकायतकर्ता मौजूद रहे। भारतीय कियान यूनियन के जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, प्रभाकांत मिश्रा, विजय कटियार सहित बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करने के बाद किसानों ने बाहर आकर जमकर नारेबाजी की और कहा कि न्याय नहीं मिलेगा तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

सभी के सहयोग से शमशान घाट को फिर बनाऊंगा बेहतर: विष्णु नारायण अरोड़ा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भईयन मिश्रा की मेहनत लायी रंग, बंद हुई अवैध वसूली

बैठक के दौरान मौजूद संस्था के सदस्य

पिछले कई सालों से शमशान घाट पर हो रही अवैध वसूली के खिलाफ फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने मोर्चा खोल दिया और अवैध वसूली को बंद कराया।

शमशान घाट पर जिन लोगों की मौतें हो जाती है उनके परिजनों से रसीदों के नाम पर 151 रुपये से 1 हजार रुपये वसूले जाते है। 151 रुपये की रसीद काटकर उन्हे यह दर्शाया जाता था कि नगर पालिका में तुम्हारा रजिस्ट्रेशन हो गया है कि कौन से व्यक्ति का किस तारीख को निधन हुआ था। जो व्यक्ति अपने परिजनों की दो-चार दिन बाद रसीद लेने जाता था तो उससे 500 रुपये से एक हजार रुपये अलग से वसूले जाते थे। इस घटना को संज्ञान में लेकर भईयन मिश्रा ने अपने साथियों के साथ शमशान घाट पहुंचकर विरोध किया और अवैध वसूली का कारोबार बंद कराया। इस वसूली के पीछे लम्बा खेल था। पुलिस की सांठगांठ के चलते कई सालों से मृतकों के परिजनों से रसीद के नाम से पैसे लिये जाते थे। कई वर्ष पूर्व समाजसेवी विष्णु नारायण अरोड़ा ने इसका विरोध किया तो अवैध वसूली करने वाले लोगों द्वारा उन पर रंगदारी मांगने और प्रताड़ित करने एवं धमकी देने का मुकदमा दर्ज करा दिया, जो आज भी चल रहा है। इस घटना से परेशान होकर विष्णु नारायण अरोड़ा ने शमशान घाट जाना बंद कर दिया। उसके बाद से यह वसूली का धंधा फिर फल फूलने लगा। कई लोगों को इस बात की जानकारी लगी तो भईयन मिश्रा ने विरोध करते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग से वसूली करने वाले लोगों को खदेड़ा और रसीद के नाम पर पैसा लेने का कार्य बंद करा दिया और वॉल पेंटिंग के माध्यम से लोगों को जागरुक किया। भईयन मिश्रा, कोमल पाण्डेय, सुनील बाजपेयी, प्रिंस शुक्ला आदि लोगों ने विष्णु नारायण अरोड़ा के निवास पर जाकर उनसे बात की और पुनः शमशान घाट का सुंदरीकरण करने की बात रखी तो विष्णु नारायण अरोड़ा ने शमशान घाट पहुंचकर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सही कराया और 50 हजार रुपये के गॉटर मंगवाये।

जिससे चिता को जलाने में आसानी हो सके। विष्णु नारायण अरोड़ा ने पुराने कार्य के कागज भी दिखाये और कहा कि सब लोगों के सहयोग से शमशान घाट को मैं फिर बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा, ऐसे में अवैध वसूली का कार्य बंद रहना चाहिए। भईयन मिश्रा ने पूर्ण रुप से आश्वासन दिया कि हर संभव प्रयास किया जायेगा कि शमशान घाट का सुंदरीकरण हो।

सांसद के छोटे भाई राजीव राजपूत का बीमारी के चलते निधन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सांसद मुकेश राजपूत के छोटे भाई राजीव राजपूत का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनका दिल्ली में इलाज चल रहा था। खबर मिलते ही सांसद मुकेश राजपूत के परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी। बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने उनके निवास पर जाकर दुखी परिवार को सांत्वना दी। दोपहर में राजीव राजपूत को पांचाल घाट स्थित शमशान घाट पर मुखाग्नि दी गई। बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने शव यात्रा में शामिल होकर मृतक राजीव राजपूत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर डीएस राठौर, हिमांश गुप्ता, विजय गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, संजीव गुप्ता, दिलीप भारद्वाज, विमल कटियार, संदीप शाक्य, कमल भारद्वाज, विनीत भारद्वाज, राहुल राजपूत, संजय गर्ग सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये 75 शिकायती पत्रों में तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

▸ डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के दिए आदेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शिकायतें सुनते डीएम, एसपी

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ।

संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 33, पुलिस की 15, विकास विभाग की 06, विद्युत विभाग की 04, चकबंदी 02 व अन्य विभागों की 12 कुल 75 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमे से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

फर्रुखाबाद युवा समिति की बैठक सम्पन्न, 2 जनवरी से प्रतियोगिताएं शुरु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैठक में मौजूद समिति के पदाधिकारी

21वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव के प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों के आयोजन हेतु समिति की बैठक स्टेट बैंक रोड स्थित डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता के सभागार में आयोजित हुई। अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने युवा महोत्सव में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं पर विचार रखने के लिए समिति के सभी सदस्यों से कहा। विचार विमर्श होने के बाद कार्यक्रमों व प्रतियोगितओं की रुपरेखा को मंजूरी दे दी गई।

2 जनवरी को प्रातः 10 बजे मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 3 जनवरी को नई शिक्षा नीति एनईपी-2020 कितनी उपयोगी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 4 जनवरी को प्राकृति सौन्दर्य एवं स्मृति चित्रण विषय पर ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 6 जनवरी को गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता, 7 जनवरी को शेफ क्वीन-फर्रुखाबाद, 9 जनवरी को सुबह 10 बजे एकल डांस, ग्रुप डांस, 12 जनवरी को सुबह 7 बजे चौक से आवास विकास तक साइकिल रेस, चर्च कम्पाउण्ड में 100 मीटर रेस, आवास विकास से चौक फर्रुखाबाद तक 3 किमी. रेस सभी प्रतियोगिता बालक-बालिकाओं के लिए, 13 जनवरी को सम्मान समारेह व पुरस्कार वितरण एवं विभिन्न समाजिक, प्रशासनिक हस्तियों को सम्मान व अवार्ड प्रदान किये जायेगें। समाजसेवा, साहित्य, युवा वीरता, अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ आदर्श व्यापारी सम्मान, फर्रुखाबाद आदर्श नागरिक सम्मान प्रमुख है। 16 जनवरी को सुपर मॉडल, मिस्टर फर्रुखाबाद, मिस फर्रुखाबाद, मिसेज फर्रुखाबाद-2025, मिस कानपुर रीजन, मिस उत्तर प्रदेश, एफवाईएम-बीबी-मिस इंडिया-2025, मिस प्रिटी इंडिया, मिस ग्रांड इंडिया, मिस मॉडल, मिस्टर मॉडल, मिस्टर उत्तर प्रदेश, मिस्टर इंडिया, मिस्टर हैण्डसम इंडिया, मिसेज उत्तर प्रदेश, मिसेज इंडिया और मिसेज ग्राण्ड इंडिया, मिस टीन उत्तर प्रदेश एवं मिस टीन इंडिया का चयन किया जायेगा।

16 जनवरी को क्राउन सरेमनी होगी। 20 जनवरी को मिस, मिस्टर, मिसेज विजेताओं का सम्मान होगा। मिस एवं मिसेज सभी ब्यूटीविद वेन प्रतियोगिताओं के लिए चयन का आधार, बौद्धिक क्षमता, ड्रेस वॉक व पसनाल्टी क्षमता के आधार पर होगा। 16 से 27 वर्ष के प्रतिभागी भाग ले सकते है। इस अवसर पर डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ. कृष्णकांत अक्षर, सुरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र त्रिपाठी, सुनील सक्सेना, हर्ष दुबे, हर्षित मिश्रा, शिवांगी चौहान, कुशाग्र सक्सेना, संजीव सिंह, सुमित कश्यप, अर्जुन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

सकारात्मक परिवर्तन में ऑडिट की भूमिका अहम

ओम बिरला ने चौथे लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित सीएजी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि लेखा परीक्षा (ऑडिट) का कार्य अपने आप में समावेशी है। किसी विभाग की कार्य कुशलता, दक्षता और कार्योत्पादकता बढ़ाने में यह मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। ऐसे में देश में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने में ऑडिट की महत्वपूर्ण भूमिका है। ओम बिरला ने चौथे लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित सीएजी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि देश में जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने में सीएजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने देश की लेखा परीक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, ÷दुनिया के कई देश आज हमारी लेखा परीक्षा प्रणाली से सीखने के लिए भारत आते हैं। यह हमारी लेखा प्रणाली की प्रामाणिकता दर्शाता है। बिरला ने कहा कि सीएजी हमारी लोकतांत्रिक संरचना का प्रमुख भाग है, जिसने यह सुनिश्चित किया है कि सार्वजनिक धन का उपयोग नागरिकों के कल्याण और राष्ट्र के विकास में कुशलतापूर्वक व प्रभावी ढंग से किया जाए। इसी क्रम में उन्होंने संसद का जिक्र कर कहा कि भारत के लोकतंत्र में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हमारी यह परम्परा रही है कि संसद की लोक लेखा समिति का चेयरपर्सन प्रतिपक्ष का सदस्य ही नियुक्त किया जाता है। सीएजी ने पिछले कुछ समय में कई सकारात्मक पहल की हैं। आज विश्व की अग्रणी लेखा परीक्षा प्रणालियों में प्रतिष्ठित है। नए प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ वित्तीय अनुशासन की दिशा में हमारी ऑडिट प्रणाली में हो रहे निरंतर बदलाव सुखद हैं।

झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को निकाल दिया जाएगा बाहर : अमित शाह

दुमका। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधी मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा में कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को बाहर निकाल दिया जाएगा। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर वोटबैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने झारखंड बनाने का काम किया और प्रधानमंत्री मोदी झारखंड संवारने के काम कर रहे हैं। शाह ने झामुमो पर प्रहार करते हुए कहा कि अपने वोटबैंक के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रहे हैं। राशनकार्ड, मतदाता सूची, बच्चियों के शादी कौन करा रहा है।घुसपैठिए हमारी आदिवासी बहनों से दूसरी, तीसरी, चौथी शादी करते हैं और उनकी जमीन हड़प लेते हैं।ये अपराध को बढ़ावा देते हैं और स्थानीय युवाओं का रोजगार छीन रहे हैं। भाजपा की सरकार बनने पर घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकाल दिया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि हेमंत सरकार 23 नवंबर के बाद जाने वाली है। जिनकी भी जमीन कब्जाई गई है, कानून बनाकर उसे सीधा करने का काम केंद्र सरकार करेगी।

शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए : रामनाथ कोविंद

एजेंसी

डेहरी आन सोन। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि बदलते भारत की तस्वीर में महिलाओं एवं दबे कुचले समुदाय का शैक्षणिक विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और माटी से भी कसकर जुड़े रहना चाहिए ताकि कितनी भी विषम स्थितियां क्यों ना हो हम मजबूती से उसका मुकाबला कर सकते हैं।

रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में आज मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कोविन्द ने यहां अधिक संख्या में बेटियों के गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बढ़ते बिहार और विकसित होते भारत की निशानी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने छात्रों का आह्वान किया कि आप केवल नौकरी पाने वाली शिक्षा ग्रहण न करें बल्कि अपने शिक्षा से दूसरों को नौकरी प्रदान करने की क्षमता रखने का संकल्प लें । उन्होंने कहा कि आज लोग कृषि और व्यवसाय को अच्छी दृष्टि से नहीं देखते हैं जो की उचित नहीं है।

उन्होंने कई उदाहरण देते हुए कहा कि इंजीनियरिंग करने के बाद नौकरी छोड़कर लोग कृषि से अपनी आय को दुगनी कर रहे हैं और इस परिस्थिति में कई अन्य को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कुलाधीपति गोपाल नारायण सिंह की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश में स्थित यह विश्वविद्यालय बिहार ही नहीं बल्कि राष्ट्र के शैक्षणिक मानचित्र पर स्थापित हो चुका है और निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बनकर उभरा है। कार्यक्रम को कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह, बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, भूमि राजस्व मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर प्रोफेसर धर्मेश श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर मंचाशीन सभी अतिथियों के अलावे कुलाध्यक्ष एवं छपरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर हरिकेश सिंह एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉक्टर संजय कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया।

रोगाणुरोधी प्रतिरोध से बचाव के लिए वन हेल्थ के माध्यम से तत्काल कार्रवाई की जरूरत

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने कहा कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध एक वैश्विक स्वास्थ्य खतरा है जिसके लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण के माध्यम से तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है जो मानव, पशु और पौधों के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देता है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री पटेल शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दा में रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) पर चौथे मंत्रिस्तरीय उच्च स्तरीय वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। इस सम्मेलन का विषय घोषणा से कार्यान्वयन तक-एएमआर की रोकथाम के लिए बहुक्षेत्रीय भागीदारी के माध्यम से कार्यों में तेजी लाना था। केंद्रीय मंत्री पटेल ने अपने संबोधन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) पर घोषणा में की गई प्रतिबद्धताओं को लागू करने के लिए व्यावहारिक कदमों के एक सेट की रूपरेखा बताते हुए निगरानी को मजबूत करने, सहयोग को बढ़ावा देने और रोगाणुरोधी पहुंच में महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में एएमआर का पता लगाने और निगरानी क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से एक व्यापक दृष्टिकोण का प्रस्ताव करता है, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर साक्ष्य-आधारित रोगाणुरोधी उपयोग को निर्देशित करने के लिए डेटा के उपयोग को सक्षम किया जा सके।

यह सभी क्षेत्रों में एकीकृत और अंतर-संचालनीय निगरानी प्रणालियों के निर्माण की नींव रखेगा। भारत एएमआर मल्टी-पार्टनर ट्रस्ट फंड के निर्माण और 2025 में चतुर्पक्षीय संगठनों द्वारा एएमआर के खिलाफ कार्रवाई के लिए साक्ष्य पर एक स्वतंत्र पैनल की स्थापना का भी समर्थन करता है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि विकासशील देशों, विशेषकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में रोगाणुरोधी, निदान और टीकों की पहुंच और सामर्थ्य में आने वाली बाधाओं को दूर करने के महत्व पर भी जोर देता है।

भारत-नेपाल के सीमा सुरक्षा प्रमुखों की बैठक साल में दो बार करने का प्रस्ताव

काठमांडू। नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने वर्ष में दो बार सीमा सुरक्षा प्रमुख स्तर की द्विपक्षीय बैठकें आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। एपीएफ और एसएसबी प्रमुखों के नेतृत्व में शनिवार से काठमांडू में शुरू हुई दो दिवसीय सीमा सुरक्षा समन्वय बैठक में यह प्रस्ताव लाया गया। वर्ष 2012 से दोनों देशों द्वारा वर्ष में एक बार एपीएफ और एसएसबी प्रमुख स्तर की सीमा सुरक्षा समन्वय बैठकें आयोजित की जाती रही हैं। दोनों पक्षों की सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, सीमा सुरक्षा, सीमा पार अपराध की रोकथाम और नियंत्रण, तीसरे देश के नागरिकों की घुसपैठ पर नियंत्रण और आतंकवाद पर नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बैठक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। एपीएफ सीमा सुरक्षा के लिए तैनात नेपाल की मुख्य सुरक्षा एजेंसी है।

स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मांझी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार को लेकर जोर-शोर से काम कर रही है और हम स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन करने वाले उद्यमियों की भी हर तरह से मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री मांझी ने शनिवार को यहां के प्रतिगति मैदान में चल रहे 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2024 में भारत मंडपम के हॉल नंबर छह में खादी इंडिया के पवेलियन का उद्घाटन किया। इस मौके पर एमएसएमई राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे और खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान श्री मांझी कई स्टॉलों पर गए और उद्यमियों से बात कर के उनकी समस्याएं सुनी तथा उन्हें सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी केंद्र में सत्ता में आने के बाद स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन जोर दे रहे हैं तथा देश और विदेशों में भारतीय उत्पादों का प्रसार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उत्पाद करने वाले उद्यमियों को सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये तक का मुद्रा ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खादी सहित विभिन्न तरह के स्वदेशी वस्तुओं का उत्पाद करने वाले उद्यमियों की हर तरह से मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार यहां 'नये भारत की नयी खादी' की विकास यात्रा, खादी का कल और आज के साथ ही अमृत काल में नये भारत की नयी खादी के नये वस्त्र कैसे है, का चित्रण किया गया है।

खबरें एक नजर में

रोहित दोबारा बने पिता, सूर्यकुमार, संजू, तिलक ने दी बधाई

नई दिल्ली। रोहित शर्मा दोबारा पिता बन गए हैं। शुक्रवार रात उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने एक बेटे को जन्म दिया है। दोनों को हर तरफ से बधाईयां मिल रही हैं। रोहित, जो इससे पहले आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाए थे, दूसरी बार पिता बने, जब उनकी पत्नी रितिका ने मुंबई के एक स्थानीय अस्पताल में एक बच्चे को जन्म दिया। शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 3-1 से सीरीज जीतने वाली भारतीय टी20 टीम ने भी रोहित और रितिका को बधाई दी और भारतीय कप्तान को चिढ़ाते हुए कहा कि एक नया क्रिकेटर मैदान में आया है। तिलक वर्मा ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, वास्तव में, हम सभी बहुत खुश हैं रोहित भाई। हम सभी इस पल का इंतजार कर रहे थे। मैं जल्द ही आपके और बच्चे के साथ जुड़ूंगा। संजू सैमसन ने कहा, रोहित और उनके परिवार के लिए बहुत-बहुत खुश हूं।। टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, हमें अब एक नए क्रिकेटर के लिए तैयार होना होगा जो जल्द ही हमारे साथ जुड़ेगा।

कमरे को साफ रखता है डायसन प्यूरीफायर हॉट+कूल जेन1

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। डाइसन ने अपने एयर प्यूरीफायर प्रोडक्ट्स में नया डायसन प्यूरीफायर हॉट+कूल जेन1 जोड़ा है। यह प्यूरीफायर डाइसन की फिल्टर और एयरफ्लो टेक्नोलॉजी से सुसज्जित है, जो कमरे में हवा को शुद्ध, गर्म और ठंडा रखने में मदद करता है। डाइसन के अनुसार, एक अच्छे प्यूरीफायर को यही काम करना चाहिए। यह डिवाइस पूरे कमरे में शुद्ध हवा पहुँचाने में सक्षम है और कमरे को समान रूप से गर्म या ठंडा करने की क्षमता रखता है। घर के भीतर वायु प्रदूषण आँखों से दिखाई नहीं देता, इसलिए एक ऐसी मशीन होना जरूरी है, जो खुद ही प्रदूषण के स्तर को समझे और स्वचालित रूप से काम करे, ताकि उपयोगकर्ता को इसमें हस्तक्षेप न करना पड़े। इसमें सिर्फ एक अच्छा फिल्टर ही नहीं होना चाहिए, बल्कि पूरी तरह से सील किया गया फिल्ट्रेशन होना चाहिए, जिससे जो हवा अंदर जाए, वह बाहर न निकले। इसके साथ ही, पूरी कमरे में साफ हवा पहुँचाने की क्षमता भी होनी चाहिए ताकि पूरे कमरे में समान रूप से शुद्ध हवा फैलाई जा सके। डायसन प्यूरीफायर हॉट+कूल जेन1 इन सभी मापदंडों पर खरा उतरता है। सेंस करता है, कैप्चर करता है, और प्रोजेक्ट करता है

मणिपुर में शांति बहाली के लिए उठाएं सुरक्षा आवश्यक कदम

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सभी सुरक्षा बलों को मणिपुर में व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछले कुछ दिनों से मणिपुर में सुरक्षा परिदृश्य नाजुक बना हुआ है। संघर्ष में दोनों समुदायों के सशस्त्र उपद्रवी हिंसा में लिप्त रहे हैं, जिससे दुर्भाग्य से लोगों की जान चली गई और सार्वजनिक व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुई। सभी सुरक्षा बलों को व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। हिंसक और विघटनकारी गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। प्रभावी जांच के लिए महत्वपूर्ण मामले एनआईए को सौंप दिए गए हैं। जनता से अनुरोध है कि वे शांति बनाए रखें, अफवाहों पर विश्वास न करें और राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करें।

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश मो. फजलुल करीम का निधन

ढाका। बांग्लादेश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद फजलुल करीम (81 वर्ष) का आज तड़के राजधानी ढाका के बांग्लादेश स्पेशलाइज्ड अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 8 फरवरी, 2010 से 29 सितंबर, 2010 तक बांग्लादेश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। वह बांग्लादेश न्यायिक सेवा वेतन आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश सैयद रेफअत अहमद ने न्यायमूर्ति फजलुल करीम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। सुप्रीम कोर्ट रिपोर्टर्स फोरम ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की है। जस्टिस फजलुल करीम का जन्म 30 सितंबर, 1943 को चटगांव के पटिया उपजिला के सुचक्रदांडी गांव में हुआ था। उन्होंने 1964 में ढाका विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। 1965 में चटगांव जिला न्यायाधीश न्यायालय में एक वकील के रूप में अपना करियर शुरू किया।

अफगानिस्तान में नदी में कार गिरने से आठ लोगों की मौत

फैजाबाद। उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक यात्री वाहन कोकचा नदी में गिर गई, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित आठ यात्रियों की मौत हो गई। यह जानकारी एक स्थानीय अधिकारी ने शनिवार को दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक जबीहुल्लाह अमीरी ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार देर रात हुई जब वाहन प्रांत की राजधानी फैजाबाद शहर की ओर जा रहा था। अमीरी ने कहा कि स्थानीय लोग और बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं और शवों को बाहर निकालने के लिए खोज जारी है। उन्होंने कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर और अन्य करीबी रिश्तेदार हैं, जिनमें तीन महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। अफगानिस्तान में खराब अवसंरचना, लापरवाह ड्राइविंग, ओवरलोडिंग, ओवरटेकिंग और ओवरस्पीडिंग के कारण प्रति वर्ष होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की मौत होती है।

चुनाव आयोग की टीम ने राहुल गांधी के बैग की जांच की

मुंबई। महाराष्ट्र के अमरावती में चुनावी प्रचार सभा को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के बैग की जांच शनिवार को चुनाव आयोग की टीम ने की। इसी तरह आज ही चुनाव आयोग की टीम ने कोंकण में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बैग की भी जांच की है। आज राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर जब अमरावती पहुंचा तो हेलीपैड पर पहले से ही चुनाव आयोग की टीम पहुंची हुई थी। राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर जैसे ही हेलीपैड पर उतरा, आयोग के अधिकारियों ने राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर में रखे बैग और सामान की जांच करना शुरू कर दिया। कुछ देर तक राहुल गांधी वहां पर रुके थे। इसके बाद वे वहां से हट गए और कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करने लगे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर चयनात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह शुक्रवार को चुनाव आयोग की टीम ने राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर समय पर उड़ने नहीं दिया था, इससे हमारा चुनाव प्रचार अभियान प्रभावित हो रहा है। हालांकि आज चुनाव आयोग की टीम ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राकांपा एसपी के अध्यक्ष शरद पवार के हेलीकॉप्टर में बैग की जांच की है।

राजधानी में दमघोटू प्रदूषण बरकरार, एक्यूआई 404 दर्ज

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में चौथे दिन भी प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। शनिवार को राजधानी में एयर क्वालिटी इंडेक्स 404 दर्ज किया गया है। इसे बेहद गंभीर श्रेणी में माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली में सुबह 6 बजे राष्ट्रीय एक्यूआई 404 रहा। इसे गंभीर श्रेणी में माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान के आसपास के इलाकों का एक्यूआई 357 दर्ज किया गया, जिसे बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई इलाकों में आज वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सुबह 7 बजे आनंद विहार में 436 एक्यूआई दर्ज किया गया। मुंडका में 424, वजीरपुर में 441, जहांगीरपुरी में 445, आर के पुरम में 398, ओखला में 389, बवाना में 438, विवेक विहार में 436, आईजीआई एयरपोर्ट में 395, दिलशाद गार्डन में 408, आईटीओ में 357, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 370, मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में 413, मंदिर मार्ग में 411, नरेला में 449, अलीपुर में 435, अशोक विहार में 438, आया नगर में 398, बुराड़ी में 428, चांदनी चौक में 372 एक्यू आई दर्ज किया गया।

गिलगित-बाल्टिस्तान की चोटियों पर तेज बर्फबारी

इस्लामाबाद। गिलगित-बाल्टिस्तान में हो रही बर्फबारी से इलाके में सड़क और संचार संपर्क कट गया है। भारी बर्फबारी से समूचे पहाड़ी इलाके में तापमान गिरकर शून्य से 14 सेल्सियस नीचे चला गया है। इससे क्षेत्रवासियों की मुसीबत बढ़ गई है। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, गिलगित-बाल्टिस्तान के ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी से बाबूसर टॉप और खुंजेराब दर्रा सहित प्रमुख मार्ग बंद हो गए हैं। इस वजह से पाकिस्तान और चीन मार्ग कई जगह बाधित हो गया है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि खुंजेराब दर्रे पर कई वाहन फंसे हुए हैं। राउंडू में चट्टान गिरने से बाल्टिस्तान रोड अवरुद्ध है। गिलगित-बाल्टिस्तान ने हुंजा, घीजर, स्कार्दू, शिगर और घांच जिलों में भारी बर्फबारी जारी रहने की चेतावनी दी है। स्कार्दू के डिप्टी कमिश्नर के मुताबिक, सेना ने बर्फ से ढके देवसाई में फंसे 15 यात्रियों को बचा लिया है।

भारत ने टी-20 प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका में रचा इतिहास, लगाई रिकार्डों की झड़ी

एजेंसी

जोहान्सबर्ग। भारत ने चौथे टी-20 में 283 रन का स्कोर खड़ा कर दक्षिण अफ्रीका में इतिहास रच दिया है। भारत का 283 रन का स्कोर दक्षिण अफ्रीका में टी20 मैच में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। तिलक वर्मा और संजू सैमसन के शतकों की बदौलत भारत चेक गणराज्य और जापान के बाद सिर्फ़ तीसरी अंतरराष्ट्रीय टीम बन गई है, जिसके दो बल्लेबाजों ने एक ही टी20 पारी में शतक बनाए हैं।अपनी पारी के दौरान, भारत ने 23 छक्के लगाए, जो एक टी20आई पारी में तीसरे सबसे ज्यादा छक्के हैं। इसके अलावा दो पूर्ण सदस्य पक्षों के बीच एक टी20आई में सबसे ज्यादा छक्के का भी रिकार्ड है।

संजू सैमसन और तिलक वर्मा के बीच नाबाद 210 रनों की साझेदारी अब टी20आई में भारत के लिए किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। तिलक वर्मा ने 47 गेंदों पर 120 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिससे वह संजू सैमसन के बाद दूसरे भारतीय और टी20आई क्रिकेट में लगातार शतक बनाने वाले कुल पांचवें खिलाड़ी बन गए। संजू सैमसन ने 56 गेंदों पर 109 रन बनाकर पिछले पांच टी20आई में अपना तीसरा शतक बनाया।

मैच की बात करें तो इस मुकाबले में टॉस जीतकर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए ओपनिंग करते हुए 73 रनों की ठोस साझेदारी की। अभिषेक ने 2 चौके और 4 छक्के लगाते हुए 18 गेंदों मे 36 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन छठे ओवर में लुथो सिपामला ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। इसके बाद तिलक वर्मा और सैमसन ने आतिशी पारी खेली। 18वें ओवर में संजू सैमसन ने सिर्फ 51 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, इसके बाद अगले ही ओवर में तिलक वर्मा ने अपना दूसरा टी20 शतक बनाया। सैमसन और तिलक के बीच रिकॉर्ड तोड़ 210 रनों की साझेदारी से भारत ने 20 ओवरों में 1 विकेट पर 283 रनों का विशाल स्कोर बनाया। सैमसन ने 51 गेंदों पर 109 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि तिलक ने सिर्फ 47 गेंदों पर नाबाद 120 रनों की पारी खेली। दवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 19 ओवर में 148 रनों पर सिमट गई। मेजबान टीम के लिए , ट्रिस्टन स्टब्स (29 गेंदों पर 43 रन, 3 चौके और 2 छक्के) और डेविड मिलर (27 गेंदों पर 36 रन, 2 चौके और 3 छक्के) शीर्ष स्कोरर रहे।

डाबर ओडोमोस ने मेकिंग इंडिया डेंगू फ्री अभियान शुरू किया

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। शहर को मच्छर जनित बीमारियों से अधिक प्रभावी ढंग से लड़ने में मदद करने के अपने मिशन पर आगे बढ़ते हुए, डाबर के भारत के सबसे पसंदीदा व्यक्तिगत अनुप्रयोग मच्छर भगाने वाले ब्रांड ओडोमोस ने आज अपनी मेगा पहल मेकिंगइंडियाडेंगूफ्री की शुरुआत की घोषणा की।

इस पहल के तहत, ओडोमोस सीधे लोगों तक पहुंचेगा और उन्हें डेंगू और मलेरिया के हानिकारक प्रभावों और खुद को बचाने के तरीके के बारे में शिक्षित करेगा, इसके अलावा उन्हें मुफ्त ओडोमोस मच्छर भगाने वाली क्रीम भी प्रदान करेगा। डाबर ने लखनऊ शहर में अभियान शुरू किया, जहां 300 से अधिक बच्चों के साथ बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, पल्टन छावनी शाखा, सेक्टर-ए, सीतापुर रोड योजना में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डाबर इंडिया के दिनेश कुमार, श्री पंकज तिवारी, अध्यक्ष, जन विकास महासभा, उत्तर प्रदेश, श्री एच.एन. जायसवाल, प्रबन्ध निदेशक बाल निकुंज, श्रीमती रश्मि शुक्ला प्रधानाचार्या सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस अभियान के तहत, डाबर ओडोमोस सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशनों पर डेंगू से प्रभावी बचाव के बारे में जागरूकता सत्र भी आयोजित करेगा।

डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड- होम केयर, श्री वैभव राठी ने कहा एक ब्रांड के रूप में, ओडोमोस लोगों को डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित रहने में मदद करने की दिशा में काम कर रहा है। इसे आगे बढ़ाते हुए, हमने डेंगू की रोकथाम पर सार्वजनिक जागरूकता बनाने में मदद करने के लिए यह सामाजिक पहल की है क्योंकि हाल के महीनों में डेंगू के मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डाबर इंडिया लिमिटेड, डीजीएम मार्केटिंग-होम केयर, संतोष जायसवाल ने कहा डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए रोकथाम महत्वपूर्ण है, निवारक उपायों के बारे में जागरूकता फैलाना ताकि लोग वेक्टर जनित बीमारियों से खुद को सुरक्षित रख सकें, सबसे सुरक्षित शर्त है। भारत को डेंगू मुक्त अभियान बनाना उसी दिशा में एक पहल है। डेंगू फैलाने वाले मच्छर मुख्य रूप से दिन के समय काटते हैं।

सीआरपीएफ का दीक्षांत समारोह : 478 नवारक्षकों ने ली देश सेवा की शपथ

जोधपुर। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जोधपुर द्वारा शनिवार को सुबह पालड़ी खिंचियान स्थित नवारक्षी प्रशिक्षण केंद्र के परेड ग्राउंड में बुनियादी प्रशिक्षण क्रम सख्या-18 बी बैच के कुल 478 नवारक्षकों का दीक्षांत और पासिंग आउट परेड समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 478 नवारक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली। अब ये जवान देश की अलग-अलग सीमाओं पर तैनात होकर देश की रक्षा करेंगे। प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य व पुलिस उप महानिरीक्षक अशोक स्वामी ने बताया कि 18 बी बैच के कुल 478 नवारक्षियों का 44 सप्ताह का सघन बुनियादी प्रशिक्षण समाप्त होने पर आज दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल राजस्थान सेक्टर मुख्यालय जयपुर की पुलिस महानिरीक्षक डॉ. अर्चना शिवहरे थी। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। साथ ही प्रशिक्षण काल में सर्वश्रेष्ठ रहे नव आरक्षकों को पुरस्कृत किया।

पीएम तीन देशों की यात्रा पर रवाना जी20 शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को तीन देशों की यात्रा पर रवाना हो गये। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री ब्राजील में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 18-19 नवंबर, के दौरान रियो डी जनेरियो की यात्रा करेंगे। इसके अलावा गुयाना के अपने प्रवास के दौरान जॉर्जटाउन में दूसरे कैरिकॉम-भारत शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

अपनी यात्रा से पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले कुछ दिनों में वे नाइजीरिया, ब्राज़ील और गुयाना में रहेंगे। उन्हें द्विपक्षीय और बहुपक्षीय कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे विभिन्न देशों के साथ भारत के संबंधों को गति मिलेगी। वे ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और गुयाना में कैरेबियाई नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा के दौरान वे भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री 16-17 नवंबर तक नाइजीरिया की यात्रा पर रहेंगे। यह 17 वर्षों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली नाइजीरिया यात्रा होगी। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री भारत और नाइजीरिया के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करने के लिए वार्ता करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए आगे के अवसरों पर चर्चा करेंगे। वह नाइजीरिया में भारतीय समुदाय की एक सभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री ब्राजील के राष्ट्रपति लुइस इनासियो लूला दा सिल्वा द्वारा आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 18-